वर्ष 10 अंक 318
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
26 अगस्त 2025
मूल्य: 4 रुपये


# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर




nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 केजरीवाल का शाह से सवाल : 'भ्रष्ट नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल...
06 वोट का अधिकार मुद्दा- एक चुनौती : डॉ.सुरेश गर्ग
11 टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला : रोहित शर्मा







“हर दिन एक नया सूरज है, एक नई शुरुआत है, इसे व्यर्थ न जाने दो।”



Saurabh Shivhare
Saurabh_SS19

# भारत और फिजी ने रक्षा संबंधों को और प्रगाढ़ करने का लिया संकल्प: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली, (भाषा)भारत और फिजी ने सोमवार को रक्षा संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना को अंतिम रूप दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके फिजी के समकक्ष सितवेनी लिगामामादा राबुका के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिजी भले ही दूर हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं समान हैं। इस मौके पर फिजी के प्रधानमंत्री बगल में खड़े थे।

राबुका रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री के रूप में यह भारत की उनकी पहली यात्रा है। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में फिजी भारत के लिए अहम राष्ट्र है। प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ बढ़ाने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में, भारत फिजी के साथ अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।

मोदी और राबुका के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने दवा, कौशल विकास, व्यापार और क्षमता निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सहयोग के लिए सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी और राबुका ने वार्ता के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और आतंकवाद के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' करने की नीति को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यहां जारी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों नेताओं ने आतंकवाद पर ''दोहरे मापदंड'' को खारिज करते हुए इस समस्या से निपटने में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।



मोदी ने कहा, ''हमने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग को मज़बूत करने का निर्णय लिया है।'' उन्होंने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा कि इसके लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत, फिजी की समुद्री सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए प्रशिक्षण और साजोसामान प्रदान करेगा। अपने संबोधन में मोदी ने ''ग्लोबल साउथ'' के लिए भारत की प्राथमिकताओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ''ग्लोबल साउथ'' के विकास में सह-यात्री है। उन्होंने कहा, ''हम एक ऐसी विश्व व्यवस्था के निर्माण में भागीदार हैं, जहां ग्लोबल साउथ की स्वतंत्रता, विचारों और पहचान का सम्मान किया जाता है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन फिजी के लिए एक खतरा है और भारत इससे निपटने में उसकी मदद करेगा।

संयुक्त वक्तव्य के मुताबिक, मोदी और राबुका ने एक मजबूत, समावेशी और स्थिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया, जिसमें आर्थिक संरचना भी शामिल है, तथा उन्होंने आपसी समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में बढ़ती गति को स्वीकार किया तथा क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि को आगे बढ़ाने में अपने साझा हितों के महत्व को रेखांकित दिया।

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, '' दोनों नेताओं ने स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के महत्व को रेखांकित किया।'' इसमें कहा गया, ''उन्होंने क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति और स्थिरता में सहयोग करने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की।'' भारत ने फिजी स्थित अपने उच्चायोग में रक्षा अताशे का पद सृजित करने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी के साथ फिजी को 12 कृषि ड्रोन और दो सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला भी उपहार में देने की घोषणा की।

संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक सुधार की तत्काल आवश्यकता पर सहमति जताई, जिसमें समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार भी शामिल है। फिजी ने बदलाव वाले एवं विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में भारत के प्रति अपने समर्थन को दोहराया। साथ ही 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया।

संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने समकालीन वैश्विक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए ''साउथ-साउथ'' सहयोग को निरंतर मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा वैश्विक शासन के संस्थानों में बेहतर, न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सहित 'ग्लोबल साउथ' के लिए साझा चिंता के मुद्दों पर मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

## दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन कर लेंगे: प्रधानमंत्री ने अमेरिकी 'टैरिफ' की शुरुआत से पहले कहा

**अहमदाबाद**, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की शुरुआत से दो दिन पहले सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हितों से समझौता नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, 'हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन कर लेंगे।''

प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद में कई परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि 60-65 साल तक भारत पर राज करने वाली इस पार्टी ने 'आयात घोटाले' करने के लिए देश को दूसरे देशों पर निर्भर बना दिया। उन्होंने कहा कि भारत शक्ति व सुरक्षा के प्रतीक सुदर्शन चक्रधारी मोहन भगवान श्रीकृष्ण और चरखाधारी मोहन महात्मा गांधी के मार्ग पर चलकर सशक्त हो रहा है।

महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के नायक थे और उन्होंने चरखे से स्वदेशी का प्रचार किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की सैन्य प्रतिक्रिया के रूप में शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' और पाकिस्तान का



परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए आतंकवादियों व उनके आकाओं को नहीं बख्शने की भारत की नीति की घोषणा की।

मोदी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर हमारे सैनिकों की वीरता व सुदर्शन चक्रधारी मोहन के भारत के दृढ़ संकल्प का प्रतीक था। आज, हम आतंकवादियों और उनके आकाओं को नहीं छोड़ते, चाहे वे कहीं भी छिपे हों।'' प्रधानमंत्री ने अमेरिका के भारतीय आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की 27 अगस्त की समयसीमा के मद्देनजर कहा, ''मोदी के लिए किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों का हित सर्वोपरि है। हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन करेंगे।'' उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के व्यापक उपयोग पर जोर दिया।






## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली मेट्रो के किराये में आठ साल बाद एक से चार रुपये तक की वृद्धि

नयी दिल्ली, (भाषा) कोविड-19 से हुए नुकसान, ऋण भुगतान और रखरखाव लागत के कारण वित्तीय संकट से जूझ रहे दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने सोमवार को लगभग आठ साल के अंतराल के बाद यात्री किराए में वृद्धि की। अधिकारियों ने बताया कि यह बढ़ोतरी यात्रा की दूरी के आधार पर एक रुपये से चार रुपये तक होगी। नयी दरों में दो किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराया 10 रुपये से बढ़कर 11 रुपये हो गया है, जबकि 32 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के लिए किराया 60 रुपये से बढ़कर 64 रुपये हो गया है। वहीं, 12 से 21 किलोमीटर की यात्रा के लिए किराया 40 रुपये से बढ़कर 43 रुपये हो गया है और 21 से 32 किलोमीटर की दूरी के लिए नया किराया पहले के 50 रुपये के मुकाबले 54 रुपये हो गया है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि नयी दरें रविवार और राष्ट्रीय अवकाशों पर भी लागू होंगी। इन दिनों में, 32 किमी. से अधिक की यात्रा के लिए अब 50 रुपये के बजाय 54 रुपये देने होंगे, जबकि 12 से 21 किलोमीटर के लिए पहले किराया 30 रुपये था, जिसे अब 32 रुपये कर दिया गया है।

# बुलंदशहर में ट्रैक्टर - ट्रक की टक्कर में 10 लोगों की मौत, 42 अन्य घायल

**बुलंदशहर**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में रविवार देर रात एक ट्रक ने तीर्थयात्रियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो नाबालिग थे जबकि घायल और अस्पताल में भर्ती 12 लोग 18 वर्ष से कम उम्र के हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया।


वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात दो बजे बुलंदशहर-अलीगढ़ सीमा पर अरनिया बाईपास के निकट उस समय हुई, जब एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। उन्होंने बताया, ''ट्रैक्टर-ट्रॉली में 61 लोग सवार थे, जो कासगंज जिले के रफातपुर गांव से राजस्थान के



जाहर पीर में तीर्थयात्रा के लिए जा रहे थे।'' सिंह ने बताया कि घायलों को एक निजी अस्पताल सहित कई अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया, ''इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 43 अन्य लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से तीन लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया।''

पुलिस के अनुसार, 10 यात्री मामूली रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे में कुल घायलों में से 10 को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, 10 को बुलंदशहर जिला अस्पताल और 23 को खुर्जा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अधिकारी ने बताया कि बाद में एक घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या नौ हो गई।उन्होंने बताया कि देर शाम घायल उमाशंकर (60) की अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी और मरने वालो की संख्या दस हो गयी। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान ट्रैक्टर चालक ईयू बाबू (40), रामबेटी (65), चांदनी (12), घनीराम (40), मोक्षी (40), शिवांश (6), योगेश (50), विनोद (45) और लेखराज (40) के रूप में हुई है।



# हमारे जवानों ने आतंकवादियों को उनका धर्म नहीं, उनका कर्म देखकर मारा: राजनाथ सिंह

**जोधपुर**, (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कायराना हमलों का 'मुंहतोड़' जवाब दिया और निर्धारित लक्ष्यों पर सटीक हमले किए।

जोधपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, ''हमारे युवाओं की ऊर्जा और संकल्प ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हमने देखा है।... हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के कायराना हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है।''

सिंह ने कहा कि भारत ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' के सिद्धांत में विश्वास करता है और जाति, पंथ या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता, लेकिन आतंकवादियों ने लोगों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया। उन्होंने कहा, ''हम पूरे विश्व को ही अपना परिवार मानते हैं। जाति, धर्म, पंथ के नाम पर हम भेदभाव करने वाले नहीं हैं। लेकिन आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर लोगों को मारा।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन हमारी सेना के जवानों ने आतंकवादियों को शह देने वालों और आतंकवादी घटनाओं में संलिप्त लोगों को मारा।...उनका धर्म देखकर नहीं मारा बल्कि उनका



कर्म देखकर मारा है।''

उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना के बाद उन्होंने तीनों सेना प्रमुखों को बुलाया और पूछा कि क्या वे ऑपरेशन के लिए तैयार हैं? उन्होंने कहा, ''हमारे तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक स्वर में कहा, 'हम किसी भी प्रकार के ऑपरेशन के लिए तैयार हैं।' यह भारत है।'' उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रधानमंत्री ने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ''इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी विशेषता थी कि आक्रमण के लिए जो लक्ष्य तय किया था... ठीक उसी लक्ष्य पर हमारी सेना ने सटीक हमला किया। मैं तो यहां तक कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं को सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से पूरा समर्थन मिला।''

भारतीय सशस्त्र बलों ने मई में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी समूहों से जुड़े कई ठिकानों पर सटीक हमले किए। इस अभियान का उद्देश्य 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और प्रमुख आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करना था।

शिक्षा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। उन्होंने कहा, ''हमारे समय की शिक्षा और आज की शिक्षा में काफी अंतर है। मैं भी एक गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में पढ़ा हूं। जब मैं प्रधानाचार्य की मेज पर रखे ग्लोब को देखता था, तो मुझे ऐसा लगता था जैसे कोई जादुई गेंद हो।'' उन्होंने इन बदलावों का श्रेय दशकों की कड़ी मेहनत को देते हुए कहा, ''हाल के वर्षों में शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। आज, हमारे बच्चे इंटरनेट पर हर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इतना बड़ा परिवर्तन हुआ है।''

# भारत मंडपम में राष्ट्रीय जागरण का भव्य आयोजन, संतों ने दी प्रेरणादायी सीख

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो






**नई दिल्ली।** शांतिकुंज हरिद्वार (गायत्री परिवार) द्वारा राजधानी के भारत मंडपम में एक दिव्य एवं भव्य राष्ट्रीय जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की, वहीं देश-विदेश से पधारे अनेक संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

इस अवसर पर परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा 100 वर्ष पूर्व प्रज्वलित किए गए अखंड दीप की स्मृति का विशेष रूप से उल्लेख किया गया। यह वही दीप है, जिसके माध्यम से आज भी विश्वभर में ज्ञान और जागृति की ज्योति जल रही है। इसी कड़ी में गुरुदेव द्वारा शुरू की गई अखंड ज्योति पत्रिका के 100 वर्ष पूरे होने का भी स्मरण किया गया।स्वामी ब्रह्म बिहारी जी महाराज, जिन्होंने आबू धाबी में भव्य हिंदू मंदिर का निर्माण कराया, ने सभा को संबोधित करते हुए कहा— "मनुष्य अपने सत्कर्मों से मृत्यु के बाद भी जीवित रहता है। गुरु की कृपा से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं।"कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने सदैव मानवता को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जब प्रख्यात उद्योगपति बसंत कुमार बिड़ला ने वर्ष 1951 में आचार्य जी को गायत्री माता का मंदिर निर्माण कराने हेतु 11 करोड़ रुपये दिए, तो गुरुदेव ने वह राशि लौटा दी और कहा— "हमारा गायत्री परिवार तो मानव को ही देवालय बना देता है।"डॉ. पंड्या ने आगे कहा— "स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने विवेकानंद को विश्व का ज्ञान रूपी सूर्य बताया था।

वास्तव में चलता वही है, जिसे भगवान चलाता है। आज गुरुदेव के आदर्शों से प्रेरित 15 करोड़ लोग विश्वभर में एक नई जागृति फैला रहे हैं।"कार्यक्रम में उपस्थित संतों व विद्वानों ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि राष्ट्र जागरण का समय आ गया है और समाज को सत्कर्म व सदाचार के मार्ग पर चलकर ही नई दिशा मिल सकती है।

# अग्रवाल सभा और मैक्स हॉस्पिटल का संयुक्त प्रयास : 700 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

## विद्यालय के अन्य कर्मचारियों का भी किया गया निःशुल्क जांच

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**नईदिल्ली।** ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित डेज़ी डेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 18 से 22 अगस्त तक ₹स्वस्थ विद्यार्थी, स्वस्थ समाज₹ अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा ईस्ट ऑफ कैलाश एवं मैक्स हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 700 विद्यार्थियों, अध्यापिकाओं और विद्यालय के अन्य कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच में हृदय, नेत्र, दंत एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष मुकेश गोयल, विद्यालय के संरक्षक श्री लक्ष्मण सागर, चेयरमैन ऋषि गौतम, निगम पार्षद श्री शरद कपूर, समाजसेवी डॉ. सुनील गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, सुदेश गोयल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान की।अग्रवाल सभा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार मित्तल ने कहा कि "Prevention is better than cure", अल्प आयु से ही यदि बच्चों को स्वास्थ्य और साफ-सफाई की जानकारी दी जाए तो एक स्वस्थ समाज और स्वस्थ देश की परिकल्पना साकार हो सकती है। उन्होंने कहा कि "स्वस्थ तन से ही स्वस्थ बुद्धि का विकास होता है, और इसी से बेहतर समाज का निर्माण संभव है।" सभा ने आश्वासन दिया कि समाजहित में ऐसे सार्थक प्रयास भविष्य में भी निरंतर किए जाते रहेंगे।

# काशी ज्वैलर्स की 70वीं गोल्डन वर्षगांठ पर ग्राहकों की भीड़, सोने के भाव में भारी छूट



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**कानपुर।** आभूषणों की दुनिया में अपनी गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए प्रसिद्ध काशी ज्वैलर्स इस समय अपनी 70वीं गोल्डन वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर ग्राहकों के लिए सोने के भाव में विशेष छूट और 20 प्रतिशत डायमंड ज्वैलरी डिस्काउंट का अनोखा तोहफ़ा दिया जा रहा है।

साथ ही हर खरीद पर एक उपहार भी ग्राहकों को भेंट किया जा रहा है। बिरहाना रोड स्थित शो-रूम में 22 अगस्त से 26 अगस्त तक चल रही इस भव्य ज्वैलरी प्रदर्शनी का आज अंतिम दिन है। काशी ज्वैलर्स के मैनेजिंग पार्टनर एवं वाइस प्रेसिडेंट श्री श्रेयांश कपूर ने बताया कि इस विशेष प्रदर्शनी में ग्राहकों के लिए 10,000 नई उत्कृष्ट डिज़ाइनों की भव्य श्रृंखला प्रस्तुत की गई है। उन्होंने ग्राहकों से अपील की कि आज अंतिम दिन का लाभ उठाकर अपनी पसंदीदा ज्वैलरी को हासिल करें।इस मौके पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है और लोग सोने व डायमंड ज्वैलरी की खरीदारी में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

प्रदर्शनी का आकर्षण ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स और उत्कृष्ट कलेक्शन रहा।1955 में स्थापित काशी ज्वैलर्स ने 70 वर्षों की यात्रा में न केवल कानपुर, बल्कि पूरे प्रदेश और भारत में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित काशी ज्वैलर्स अपनी गुणवत्ता, शुद्धता और पारदर्शिता के लिए जाना जाता है। यह हमेशा से ही बीआईएस मानक अनुरूप आभूषण उपलब्ध कराता रहा है और समय-समय पर अपने अनोखे डिज़ाइन व कलेक्शन को प्रस्तुत करता रहा है।समारोह के दौरान डॉ. देविका कपूर ने भी सभी ग्राहकों और शुभचिंतकों का आभार जताते हुए कहा कि यह अवसर बेहद खास है और ग्राहकों को इसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए।

# नवम अग्र अलंकरण समारोह में 25 विजेताओं का चयन 28 अगस्त को रायपुर में होगा भव्य आयोजन

## समाज के प्रतिष्ठित और वरिष्ठ सदस्यों ने मैराथन बैठक कर निर्णय लिया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित नवम अग्र अलंकरण समारोह इस वर्ष और भी भव्य स्वरूप में सामने आने जा रहा है। सागर टीएमटी प्रायोजित यह समारोह 28 अगस्त 2025 को रायपुर स्थित एस.एन. पैलेस, छेरीखेड़ी में आयोजित होगा। समारोह में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।समाज के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक सियाराम अग्रवाल एवं अग्र अलंकरण की संयोजिका डॉ. अनीता मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष पूरे प्रदेश से सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए थे।

आवेदनों की गहन स्क्रूटनी के बाद चयन समिति ने 25 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्वों का चयन किया है, जिन्हें विभिन्न पुरस्कारों से अलंकृत किया जाएगा।चयन प्रक्रिया सुनील रामदास के जोड़ा स्थित फार्म हाउस में संपन्न हुई, जहां समाज के प्रतिष्ठित और वरिष्ठ सदस्यों ने मैराथन बैठक कर निर्णय लिया। समिति ने प्रत्येक आवेदक की उपलब्धियों का विस्तृत अध्ययन किया और योग्यता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। इस दौरान समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, खेल, पत्रकारिता और महिला सशक्तिकरण सहित कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार हेतु चुना गया।इस वर्ष के विजेताओं में डोंगरगढ़ के श्री वंश अग्रवाल (एमबीए में दो स्वर्ण पदक), अंबिकापुर के श्री केशव गर्ग (यूपीएससी में उत्कृष्ट स्थान), रायगढ़ के श्री स्वराज बापोडिया (सीए परीक्षा में ऑल इंडिया छठवां स्थान), रायपुर के डॉ. विकास अग्रवाल (स्वास्थ्य सेवा में योगदान), बिलासपुर की मीमांसा अग्रवाल (बारहवीं में प्रावीण्य सूची) और सरगुजा के शुभम अग्रवाल (एसएससी परीक्षा में ऑल इंडिया प्रथम स्थान) जैसे प्रतिभाशाली व्यक्तित्व शामिल हैं।इसके अलावा समाज सेवा में जीवनपर्यंत योगदान के लिए रायपुर के श्री नवल किशोर अग्रवाल, वृक्षारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु श्री पवन सुल्तानिया, महिला सशक्तिकरण में कार्य के लिए श्रीमती बबीता अग्रवाल और कला-संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री रामदास अग्रवाल को भी सम्मानित किया जाएगा।चयन समिति में श्री सियाराम अग्रवाल, श्री महेंद्र सेकसरिया, डॉ. अशोक अग्रवाल, श्रीमती गंगा अग्रवाल, सुनील रामदास, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल थे। महिला प्रांतीय महामंत्री श्रीमती निधि अग्रवाल ने बताया कि विजेताओं को समारोह में ₹11,000 का चेक, उपाधि और मोमेंटो प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम में समाज के विशिष्ट व्यक्तित्वों और बड़ी संख्या में आगंतुकों के सम्मिलित होने की संभावना है। यह आयोजन न केवल प्रतिभाओं को सम्मानित करेगा, बल्कि समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार भी करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एनडीबी ने राजीव रंजन को उपाध्यक्ष, मुख्य जोखिम अधिकारी नियुक्त किया

**नयी दिल्ली, (भाषा)** ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित नव विकास बैंक (एनडीबी) ने मौद्रिक नीति समिति के पूर्व सदस्य राजीव रंजन को पांच साल के लिए उपाध्यक्ष और मुख्य जोखिम अधिकारी नियुक्त किया है। ब्रिक्स के नेतृत्व वाले बैंक ने बयान में कहा, ''23 अगस्त, 2025 को, नव विकास बैंक के संचालन मंडल ने डॉ. राजीव रंजन को पांच साल के कार्यकाल के लिए एनडीबी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।'' रंजन रिजर्व बैंक के अधिकारी रहे हैं। उनके पास 35 साल से अधिक का अनुभव है। 1989 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में अपना कार्यकाल शुरू करने के बाद, उन्होंने मई, 2022 से कार्यकारी निदेशक और मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य के रूप में कार्य किया है। आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग के प्रमुख और एमपीसी के सचिव के रूप में, रंजन ने मौद्रिक नीति और नकदी संबंधी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बयान के अनुसार, उनके व्यापक पेशेवर अनुभव में आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग का नेतृत्व करना, सेंट्रल बैंक ऑफ ओमान में आर्थिक नीति विशेषज्ञ के रूप में कार्य करना (2012-15) और रिजर्व बैंक के अंतरराष्ट्रीय विभाग और बाह्य निवेश एवं संचालन विभाग में कार्य करना शामिल है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और मुंबई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

### भारत से खरीद बढ़ाना चाहती है आइकिया, मांगा नीतिगत समर्थन

**एल्महुल्ट (स्वीडन), (भाषा)** प्रमुख फर्नीचर खुदरा विक्रेता आइकिया अपने वैश्विक परिचालन के लिए भारत से खरीद (सोर्सिंग) बढ़ाना चाहती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार कच्चा माल पाने के लिए उसे सरकार से नीतिगत समर्थन की जरूरत है। इंटर आइकिया ग्रुप की वैश्विक आपूर्ति प्रबंधक सुजैन वैडजुनास ने कहा कि कंपनी अपने वैश्विक विस्तार और स्थानीय खुदरा परिचालन के लिए भारत से फर्नीचर हासिल करने की योजना बना रही है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि इसके लिए कंपनी को स्थायी रूप से मिलने वाली लकड़ी की आवश्यकता है, जो भारत से निर्यात बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। यहां स्थायी रूप से मिलने वाली लकड़ी से आशय ऐसे स्रोत से है, जहां वन को जिम्मेदारी के साथ प्रबंधित किया जाता है और साथ ही नये पेड़ लगाने, जैव विविधता, पानी और मिट्टी के संरक्षण का भी ध्यान रखा जाता है। भारत पहले से ही आइकिया के शीर्ष 10 सोर्सिंग बाजारों में एक है। उन्होंने कहा कि अब भारत में अपने खुदरा नेटवर्क के विस्तार के साथ यह देश और भी महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

### वोडाफोन आइडिया को राहत देने पर विचार नहीं : पेम्मासानी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने सोमवार को कहा कि दूरसंचार विभाग वोडाफोन आइडिया को समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) के संबंध में कोई राहत देने पर विचार नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हमने हाल ही में उनके बहुत से ऋण को इक्विटी में बदल दिया है। सरकार ने वह सब कुछ किया है जो हमें लगा कि हम कर सकते हैं। इस समय, हमने जो किया है, उसके अलावा कुछ भी करने की हमारी कोई योजना नहीं है।''सरकार स्पेक्ट्रम नीलामी बकाया के बदले 36,950 करोड़ रुपये के शेयर हासिल करने के बाद वोडाफोन आइडिया में सबसे बड़ी शेयरधारक बन गई है।

## लॉजिस्टिक हब के लिए स्थान निर्धारित करने के विषय पर की चर्चा

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के साथ मिलकर व्यवसाय का विकास करेगा इंडिया पोस्ट: कर्नल विनोद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



वाराणसी, कर्नल विनोद पीएमजी वाराणसी ने आज पुलकित गर्ग, वाईस चेयरमैन वाराणसी विकास प्राधिकरण के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने इंडिया पोस्ट के लॉजिस्टिक हब के लिए स्थान निर्धारित करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की।

ज्ञातव्य है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा बाबतपुर हवाई अड्डे से करीब पंद्रह किलोमीटर की दूरी पर मोहन सराय में एक ट्रांसपोर्ट नगर के साथ ही वेयरहाउस सुविधा का भी विस्तार करने की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय डाक विभाग अपने लोजिस्टिक्स सेवा के तहत वाराणसी तथा निकटवर्ती क्षेत्रों के विभिन्न उत्पादकर्ताओं के तैयार माल को अन्य राज्यों के क्षेत्रों में पहुँचाने की व्यवस्था की तैयारी कर रहा है।

कर्नल विनोद ने कहा कि ई कॉमर्स और ऑनलाइन माध्यम से ख़रीददारी की सुविधा बढ़ने से इंडिया पोस्ट का पार्सल डिलीवरी का कार्य तेज़ी से बढ़ रहा है इस स्थान पर ही दूसरे राज्यों से आने वाले पार्सल और मेल आइटम्स को भी यहाँ सॉर्टिंग के लिए सुविधा हो सकेगी।

वाराणसी तथा आस पास के जिलों के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसे लकड़ी के खिलौनें, गुलाबी मीनाकारी, भदोही तथा औराई के कालीन, गाज़ीपुर के जूट की वाल हैंगिंग, बलिया की बिंदी तथा जौनपुर की ऊनी दरी आदि के उत्पादकों को सहूलियत होगी, साथ ही दूसरे राज्यों से आने वाले उत्पादों को भी आसानी से बनारस में उपलब्ध कराया जाएगा।

कर्नल विनोद ने वाईस चेयरमैन वाराणसी विकास प्राधिकरण को इंडिया पोस्ट की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक विशेष सुविधा कैम्प लगाया जाएगा जिसमें आधार कार्ड के संशोधन, डाक बचत खाता, डाक जीवन बीमा तथा सुकन्या समृद्धि योजना जैसी सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ प्राधिकरण के स्टाफ को मिलेगा।

### एसकेएम ने कपास पर आयात शुल्क हटाने के लिए सरकार को घेरा

**नयी दिल्ली, (भाषा)** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने सोमवार को सितंबर के अंत तक कपास पर आयात शुल्क हटाने को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की और कहा कि इससे देश के कपास किसानों पर घातक असर होगा। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में, एसकेएम नेता राकेश टिकैत, हन्नान मुल्ला, प्रेम सिंह गहलावत, राजन क्षीरसागर और कृष्ण प्रसाद ने कहा कि 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास के आयात पर 11 प्रतिशत शुल्क तत्काल प्रभाव से हटाने से घरेलू कपास की कीमतें लड़खड़ा जायेंगी।

मीडिया को संबोधित करते हुए, अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) के उपाध्यक्ष और पूर्व माकपा सांसद हन्नान मुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था कि वह देश के किसानों की रक्षा के लिए ₹चट्टान की तरह₹ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, ''कपास पर 11 प्रतिशत शुल्क हटाने में चार दिन भी नहीं लगे।

उन्होंने कहा, ''इस फैसले का तत्काल प्रभाव विशेष रूप से गंभीर होगा क्योंकि अधिकांश कपास उत्पादक क्षेत्रों में किसान लगभग दो महीने पहले ही अपनी फसल बो चुके हैं और अपनी उपज के लिए लाभकारी मूल्य पाने की उम्मीद में काफी लागत लगा चुके हैं। आयात शुल्क हटाने का यह कदम ऐसे समय में आया है जब किसान अपनी फसल काटने की तैयारी कर रहे हैं।''

भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता टिकैत ने कहा कि शुल्क हटाने से किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा, ''अगर शुल्क हटा दिया जाता है, तो स्थानीय किसानों को भारी नुकसान होगा। केवल शुल्क लगाकर ही हम आयातित वस्तुओं पर नियंत्रित कर सकते हैं। कुछ वस्तुओं पर हम 300 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकते हैं।

### कागज़ और पेपरबोर्ड का आयात आठ प्रतिशत बढ़ा : आईपीएमए

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय कागज़ विनिर्माता संघ (आईपीएमए) ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत का कागज़ और पेपरबोर्ड आयात एक साल पहले की समान तिमाही की तुलना में आठ प्रतिशत बढ़कर 4,86,000 टन हो गया। आईपीएमए ने वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कागज़ और पेपरबोर्ड का आयात 4,52,000 टन रहा था। अप्रैल-जून, 2025 के दौरान चीन से आयात 28 प्रतिशत बढ़कर 1,43,000 टन हो गया, जिससे भारत में कागज़ आयात के सबसे बड़े स्रोत के रूप में चीन की स्थिति मजबूत हुई। आईपीएमए ने कहा कि आसियान देशों से आयात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही के 78,000 टन से बढ़कर 92,000 टन हो गया।घरेलू कागज़ उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचा रही है।

## परमार्थ निकेतन में धूमधाम से मनाई गई भगवान श्री वराह जयंती

# स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने दिया धर्म का संदेश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**ऋषिकेश,** परमार्थ निकेतन में आज भगवान श्री वराह, श्री हरि विष्णु का तृतीय अवतार की धूमधाम से जयंती मनायी। परमार्थ गुरूकुल के ऋषिकुमारों ने विशेष पूजन-अर्चन व यज्ञ कर भगवान वराह अवतार की आराधना की। श्री हरि विष्णु जी ने इस अवतार में पृथ्वी माता को समुद्र मंथन और असुरों के अत्याचार से बचाने के लिए वराह का रूप धारण किया। यह अवतार धर्म और न्याय की रक्षा का प्रतीक है साथ ही सृष्टि-संतुलन और जीवन में संतुलन स्थापित करने का संदेश भी देता है।

शास्त्रों के अनुसार, जब पृथ्वी माता असुरों के अत्याचार और अधर्म के कारण कराह रही थी तब भगवान विष्णु ने वराह रूप धारण कर उन्हें समुद्र से उठाया और सृष्टि को स्थिर किया। संकट और अधर्म के समय सच्चे धर्म और साहस के द्वारा ही परिस्थितियों को सुधारा जा सकता है। वराह अवतार यह संदेश देते हैं कि धर्म, न्याय और नैतिकता की रक्षा प्रत्येक व्यक्ति का धर्म है, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने अपने संदेश में कहा कि वराह अवतार में भगवान विष्णु जी का शरीर ऊँचा और भारी, जबकि सिर मानवीय और शरीर वराह के रूप में है। यह प्रतीक है कि सत्य, शक्ति और बुद्धि का समन्वय ही सृष्टि के संरक्षण में सक्षम है। ऊँचा और भारी शरीर शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है, जो संकटों और असुरों के अत्याचार का सामना कर सृष्टि को स्थिर कर सके। मानवीय सिर बुद्धि और विवेक का प्रतीक है, जो निर्णय और न्याय का मार्ग दिखाता है। इस अवतार से हमें यह शिक्षा मिलती है कि शक्ति बिना विवेक और विवेक बिना शक्ति असफल है।

जीवन में संकट के समय साहस, न्याय और संतुलन की आवश्यकता होती है। वराह अवतार हमें प्रेरित करता है कि हम न केवल अपने लिए, बल्कि समाज और सृष्टि के लिए भी सही निर्णय लें। जैसे भगवान ने पृथ्वी माता को समुद्र से बचाया, वैसे ही हम भी अपनी जिम्मेदारियों को समझे और सृष्टि व समाज की रक्षा के लिये आगे आये।

वराह अवतार हमें यह याद दिलाता है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियाँ हों, धर्म और नैतिकता का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिये। हमारे विचार, वचन और कर्म इसी मार्ग के अनुसार होने चाहिए। हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह समाज और पर्यावरण के संतुलन के लिए योगदान दे। अपने कर्मों के माध्यम से हम न केवल अपने जीवन को सुधार सकते हैं, बल्कि पूरे समाज को समृद्ध और संतुलित बना सकते हैं। जीवन में कठिनाइयाँ आएँगी, लेकिन सही मार्गदर्शन और श्रेष्ठ कर्मों के द्वारा हम हर चुनौती को पार कर सकते हैं।

भगवान श्री वराह जयंती जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सत्य, न्याय, धर्म और सृष्टि-संतुलन को स्मरण करने वाला अवसर है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन में साहस, नैतिकता और संतुलन का मार्ग अपनाएँ, समाज और प्रकृति के उत्थान में योगदान दें, और सकारात्मक परिवर्तन लाएँ। इस पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ! प्रभु श्री वराह की कृपा से हम सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और संतुलन हमेशा बना रहे।

# केजरीवाल का शाह से सवाल : 'भ्रष्ट नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने वालों को भी क्या देना चाहिए इस्तीफा?'



नयी दिल्ली, (भाषा) आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए सवाल किया कि जो नेता ''भ्रष्ट'' व्यक्तियों को अपने दलों में शामिल करते हैं और उन्हें पद देकर सम्मानित करते हैं, क्या उन्हें भी अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए।

केजरीवाल ने अमित शाह के कार्यालय द्वारा किये गए एक पोस्ट के जवाब में यह बात कही, जिसमें उन विवादास्पद विधेयकों पर मंत्री के बयान का हवाला था, जो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को जेल में 30 दिन से अधिक समय तक रहने पर पद धारण करने से रोकते हैं।

अपनी टिप्पणी में शाह ने 'एक्स' पर कहा, ''अगर कोई पांच साल से ज़्यादा सजा वाले मामलों में जेल जाता है और उसे 30 दिन में जमानत नहीं मिलती, तो उसे पद छोड़ना पड़ेगा, कोई छिटपुट आरोप के लिए पद नहीं छोड़ना पड़ेगा। मगर जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप है...ऐसे मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री जेल में बैठकर सरकार चलाएं, ये कितना उचित है?''

इसके जवाब में आम आदमी पार्टी के प्रमुख ने कहा, ''जो व्यक्ति गंभीर गुनाहों के मुजरिमों को अपनी पार्टी में शामिल करके उनके सारे मामले रफा-दफा करके उन्हें मंत्री, उपमुख्यमंत्री या मुख्यमंत्री बना देता है, क्या ऐसे मंत्री या प्रधानमंत्री को भी अपना पद छोड़ना चाहिए?'' उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, ''ऐसे व्यक्ति को कितने साल की जेल होनी चाहिए? अगर किसी पर झूठा आरोप लगाकर उसे जेल में डाला जाए और बाद में वो दोषमुक्त हो जाए, तो उस पर झूठा मामला लगाने वाले मंत्री को कितने साल की जेल होनी चाहिए?''

आप भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गंभीर अपराधों के आरोपी दागी नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने का अक्सर आरोप लगाती रही है और भाजपा को ''वाशिंग मशीन'' कहकर संबोधित किया है। केजरीवाल की पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्हें और पार्टी के अन्य नेताओं को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय जांच एजेंसियों ने झूठे मामलों में गिरफ्तार किया है।

केजरीवाल को पिछले वर्ष मार्च में प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था, जिससे वे गिरफ्तार होने वाले पहले पदासीन मुख्यमंत्री बन गये थे।

केजरीवाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठे मामले में फंसाकर जब केंद्र ने मुझे जेल भेजा तो मैंने जेल से 160 दिन सरकार चलायी।'' उन्होंने कहा कि पिछले सात महीनों में दिल्ली की भाजपा सरकार ने दिल्ली का ऐसा हाल कर दिया है कि आज दिल्ली वाले जेल से काम कर रही उस सरकार को याद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''कम से कम, जेल वाली सरकार के वक्त बिजली नहीं जाती थी, पानी आता था, अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में मुफ्त दवाइयां मिलती थीं, निशुल्क जांच होती थी, एक बारिश में दिल्ली का इतना बुरा हाल नहीं होता था, निजी स्कूलों को मनमानी और गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं थी।''

# 'हिट एंड रन' मामले में आरोपी गिरफ्तार



● आरोपी की पहचान रंगपुरी निवासी राजीव रंजन उर्फ मुन्ना (29) के रूप में हुई

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली पुलिस ने 2,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की पड़ताल करने के बाद 'हिट एंड रन' से जुड़े एक मामले को सुलझा लिया है, जिसमें एक किशोर की जान चली गई थी और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। एक अधिकारी ने बताया कि 16 दिनों की जांच के बाद इस मामले को सुलझाया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान रंगपुरी निवासी राजीव रंजन उर्फ मुन्ना (29) के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया गया है। यह घटना सात अगस्त को सुबह करीब छह बजे हुई थी, जब मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रिंग रोड पर भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास एक वाहन ने टक्कर मार दी थी। मोटरसाइकिल पर गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी प्रत्यूष (19) और लक्ष्य वर्मा (16) सवार थे।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) हेमंत तिवारी ने एक बयान में कहा, ''दोनों को गंभीर चोटें आईं और उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। प्रत्यूष की 14 अगस्त को इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि लक्ष्य अब भी गहन चिकित्सा इकाई में है।''

रिपोर्ट के आधार पर आर.के. पुरम पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू की गई।

डीसीपी ने कहा, ''वाहन और आरोपियों की पहचान के लिए कई टीम बनाई गईं। टीम ने शुरुआत में धौला कुआं से भीकाजी कामा प्लेस तक के सीसीटीवी फुटेज देखे और पीड़ितों की मोटरसाइकिल के पीछे चल रही एक महिंद्रा बोलेरो वाहन की पहचान की। हालांकि, वाहन की नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं थी।''

टीम ने द्वारका एक्सप्रेसवे नियंत्रण कक्ष, टोडापुर यातायात नियंत्रण कक्ष, डीएनडी टोल प्लाजा, एनएचएआई, डासना नियंत्रण कक्ष और दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा में यातायात पुलिस की सहायता से 2,000 से अधिक सीसीटीवी और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरों की जांच की।

दिल्ली-एनसीआर के कई प्रवेश और निकास बिंदुओं से फुटेज का विश्लेषण करने के बाद, आखिरकार 8 अगस्त को सुबह करीब 5.30 बजे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गाड़ी देखी गई। उन्होंने बताया कि पंजीकृत वाहन के मालिक का पता लगाकर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ के दौरान, रंजन ने कथित तौर पर कबूल किया कि वह गुरुग्राम से उत्तराखंड के भीमताल जैविक खाद ले जा रहा था। वह जल्दी में था और भीकाजी कामा प्लेस के पास मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। गिरफ्तारी के डर से, वह मौके से भाग गया।

नौवीं कक्षा तक पढ़ा रंजन पिछले दो साल से ड्राइवर का काम कर रहा था, उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी गाड़ी जब्त कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

# 'हमारा दिल आपके पास है' से ऐश्वर्या राय बच्चन ने लगभग किनारा कर लिया था : अनिल कपूर



नयी दिल्ली, (भाषा) बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'हमारा दिल आपके पास है' के 25 साल पूरे होने पर बताया कि अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने शूटिंग शुरू होने से ठीक पहले फिल्म से पीछे हटने का फैसला कर लिया था, लेकिन एक भावनात्मक बातचीत के बाद वह फिर इससे जुड़ गईं।

यह फिल्म 24 अगस्त, 2000 को रिलीज़ हुई थी और इसका निर्देशन दिवंगत अभिनेता-फिल्मकार सतीश कौशिक ने किया था। अनिल कपूर ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरों का एक 'कोलाज' रविवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया और एक लंबा संदेश भी लिखा।

सतीश कौशिक को अपना ''प्रिय मित्र'' बताते हुए 68 वर्षीय अभिनेता ने लिखा ''जब मैं 'हमारा दिल आपके पास है' के 25 साल पूरे होने पर पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मेरे दिल में मेरे सबसे प्यारे दोस्त सतीश कौशिक की यादें ताजा हो जाती हैं।''

उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने ऐश्वर्या का नाम इस फिल्म के लिए सुझाया था। उन्होंने कहा ''जब हम 'ताल' की शूटिंग कर रहे थे, तो ऐश्वर्या की अद्भुत प्रतिभा ने मुझे प्रभावित किया और मैंने उनका नाम सतीश जी को सुझाया। पहले कुछ हिचकिचाहट थी, लेकिन जैसे ही सतीश जी ने उन्हें सेट पर देखा, वे तुरंत मान गए। और फिर जो हुआ, वह इतिहास है।''

अनिल कपूर ने आगे लिखा कि ऐश्वर्या को कुछ आशंकाएं थीं, जिसके चलते उन्होंने शूटिंग शुरू होने से ठीक पहले फिल्म छोड़ने का मन बना लिया था।

उन्होंने कहा ''शूटिंग से ठीक पहले ऐश्वर्या को कुछ चिंताएं थीं और उन्होंने लगभग फिल्म छोड़ दी थी। तब सतीश और मैं उनके घर गए, एक भावुक बातचीत हुई, और सौभाग्य से उन्होंने फिल्म में बने रहने का फैसला किया।''

उन्होंने लिखा ''और मैं बहुत खुश हूं कि उन्होंने ऐसा किया, क्योंकि उनका प्रदर्शन शानदार था और फिल्म सुपरहिट साबित हुई, जिसे दर्शकों और बॉक्स ऑफिस दोनों का भरपूर प्यार मिला।''

अनिल कपूर ने अंत में लिखा ''इन खूबसूरत यादों और उस जादू के लिए आभारी हूं, जो हमने मिलकर रचा था। और अपने दोस्त सतीश को हर दिन बहुत याद करता हूं।''

फिल्म में ऐश्वर्या ने प्रीति की भूमिका निभाई थी, जो हत्या के एक मामले में गवाही देती हैं और फिर भवानी चौधरी (मुकेश ऋषि) द्वारा बलात्कार की शिकार होती हैं। उसके बाद उसे समाज और परिवार त्याग देते हैं, और अविनाश (अनिल कपूर) उसे सहारा देते हैं।

फिल्म में सोनाली बेंद्रे और अनुपम खेर भी प्रमुख भूमिकाओं में थे।

# कॉलेजियम ने शीर्ष अदालत के लिए न्यायमूर्ति अराधे, न्यायमूर्ति पंचोली के नामों की सिफारिश की

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने मुंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को पदोन्नत कर शीर्ष अदालत भेजने की सोमवार को केंद्र से सिफारिश की।

यदि केंद्र इन नामों को मंजूरी दे देता है, तो न्यायमूर्ति पंचोली अक्टूबर 2031 में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की सेवानिवृत्ति के बाद प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बनने की कतार में होंगे। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने सोमवार दोपहर विचार-विमर्श के लिए बैठक की। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना शामिल हैं।

# हमले के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिया गया दोहरा सुरक्षा कवच



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हाल में हुए हमले के बाद दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करते हुए उनकी सुरक्षा में स्थायी रूप से 40 पुलिसकर्मी तैनात किए हैं। साथ ही, उनके किसी भी कार्यक्रम में आने वाले लोगों की कई बार तलाशी ली जाएगी। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रारंभ में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्यमंत्री को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्देश दिया था, लेकिन अब वह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। उसकी जगह दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है और अतिरिक्त बल तैनात कर उन्हें 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''मुख्यमंत्री की सुरक्षा में 40 से अधिक पुलिसकर्मी हर समय तैनात रहेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री के लिए एक सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उनके सभी कार्यक्रमों में कड़ी जांच की जाएगी।'' इसमें उनके जनसुनवाई कार्यक्रम भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री गुप्ता (51) पर 20 अगस्त की सुबह सिविल लाइंस क्षेत्र में उनके कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया था। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस हमले को ''उनकी हत्या की सुनियोजित साजिश'' बताया था।

अधिकारी ने कहा, ''प्रवेश से पहले हर आगंतुक की पूरी तरह तलाशी और पहचान की पुष्टि की जाएगी। हमने सुरक्षा की बहु-स्तरीय व्यवस्था की है ताकि किसी प्रकार की चूक न हो।'' उन्होंने बताया कि अब मुख्यमंत्री की सुरक्षा दो-स्तरीय घेरे में की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के पास होगी।

भीतरी सुरक्षा घेरे में दो सशस्त्र अंगरक्षक मुख्यमंत्री के थोड़ा आगे तैनात रहेंगे, जो किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत सुरक्षा प्रदान करेंगे, जबकि अन्य अंगरक्षक चारों ओर 360 डिग्री निगरानी बनाए रखेंगे ताकि किसी भी खतरे को शुरुआत में भांपा जा सके। बाहरी सुरक्षा घेरा मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान आमजन की पहुंच, तलाशी और भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी निभाएगा।

गुप्ता की सुरक्षा में यह बढ़ोतरी उनके जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान हुए हमले के कुछ ही दिनों बाद की गई है। दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री पर हमले की जांच के सिलसिले में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मुख्य आरोपी, पेशे से ऑटो चालक सकारिया राजेशभाई खिमजी (41) भी शामिल हैं जो राजकोट (गुजरात) निवासी है। उसके सहयोगी तहसीन को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसने घटना से पहले आर्थिक मदद की और समन्वय किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच में यह सामने आया है कि खिमजी अकेले नहीं था, बल्कि उसने मुख्यमंत्री को नुकसान पहुंचाने की स्पष्ट और सुनियोजित साजिश रची थी। जांच से जुड़े एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा, ''हम खिमजी से जुड़े 10 से अधिक लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। हमले के पीछे के मकसद की गहन जांच की जा रही है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, और नाम सामने आ सकते हैं।'' पुलिस ने कहा कि गुप्ता के सार्वजनिक कार्यक्रमों में सुरक्षा को और कड़ा किया जाएगा, क्योंकि इन आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। अधिकारी ने कहा, ''मुख्यमंत्री की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। हमने उनके सभी कार्यक्रमों के लिए सख्त दिशानिर्देश तय किए हैं। प्रवेश नियंत्रण से लेकर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती तक, हर पहलू पर सख्त निगरानी रखी

# सीआईएससी एयर मार्शल दीक्षित थाईलैंड का दौरा करेंगे, 'चीफ्स ऑफ डिफेंस कॉन्फ्रेंस' में भाग लेंगे



नयी दिल्ली, (भाषा) चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित थाईलैंड में एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसमें आतंकवाद रोधी, समुद्री सुरक्षा, साइबर लचीलापन, आपदा राहत और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है।

अधिकारियों ने बताया कि सीआईएससी 26 से 28 अगस्त तक थाईलैंड की अपनी यात्रा के दौरान वार्षिक 'चीफ्स ऑफ डिफेंस कॉन्फ्रेंस' में भाग लेंगे। रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा, ''2025 के संस्करण में समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद रोधी, साइबर लचीलापन, मानवीय सहायता, आपदा राहत और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है।''

बयान में बताया गया कि इस कार्यक्रम की मेजबानी अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान और रॉयल थाई आर्म्ड फोर्सेज द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है। यह सम्मेलन एक प्रमुख बहुपक्षीय मंच है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के रक्षा प्रमुखों को उभरती क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों, सहयोगात्मक ढांचों और सेना-से-सेना के जुड़ाव को मजबूत करने के अवसरों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाता है। अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन के दौरान, एयर मार्शल दीक्षित अपने समकक्षों के साथ ''साझा सुरक्षा चिंताओं के समाधान के उद्देश्य से संयुक्त तैयारी, अंतर-संचालन और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान'' करेंगे।

# दिल्ली में बारिश के बाद मिली उमस से राहत; न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज

नयी दिल्ली, (भाषा) राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में सोमवार दोपहर को बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस भरे मौसम से राहत मिली।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बीते 24 घंटे में सुबह आठ बज कर तीस मिनट तक दिल्ली में 13 मिमी बारिश दर्ज की गई।

बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई और न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।

आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, सोमवार को आसमान में बादल छाये रहेंगे और मध्यम बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान लगभग 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

सुबह आठ बज कर तीस मिनट पर हवा में नमी का स्तर 100 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे बारिश के बावजूद मौसम में हल्की उमस बनी रही।

इस बीच, दिल्लीवासियों ने 'संतोषजनक' श्रेणी की वायु गुणवत्ता के साथ दिन की शुरुआत की। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक 61 दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

राजधानी में बीते कुछ दिनों से बादल छाए रहने, रुक-रुक कर बारिश होने और तापमान में उतार-चढ़ाव का क्रम बना हुआ है, जो मानसून सीजन की सामान्य प्रवृत्ति है।

बारिश की इस बौछार से न केवल नमी से राहत मिलने की उम्मीद है, बल्कि मौसम भी कुछ हद तक सुखद बना रहेगा।

# पार्किंग विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग घायल, प्राथमिकी दर्ज



नयी दिल्ली, (भाषा) पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर में एक इमारत में रहने वाले लोगों के बीच वाहन पार्किंग को लेकर हुए झगड़े में दो व्यक्ति घायल हो गए और पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि यह घटना 20 अगस्त (बुधवार) की रात करीब साढ़े नौ बजे उस समय हुई, जब शिकायतकर्ता, बैंक प्रबंधक रमित मल्होत्रा और उनकी पत्नी ने अपने पड़ोसी वजीर सिंह से अपनी कार हटाने को कहा। आरोप है कि कार इस तरह खड़ी की गई थी कि लोगों को परेशानी हो रही थी। हालांकि, बहस के बाद वजीर सिंह ने अपनी गाड़ी हटा दी, लेकिन बाद में नोएडा की एक निजी रियल एस्टेट कंपनी में काम करने वाला उनका बेटा सहज सिंह (22) लौटा और मल्होत्रा से बहस करने लगा।

अधिकारी ने बताया, ''बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई। इसके बाद सहज ने अपने तीन दोस्तों अमनदीप उर्फ साहिब (32), हश्मीत (27) और सचिन को बुला लिया।'' पुलिस ने बताया कि इस समूह ने कथित तौर पर रमित मल्होत्रा और झगड़ा शांत कराने आए उनके पड़ोसी संदीप पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों को चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपियों को भी मामूली चोटें आईं और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। अधिकारी ने बताया, ''जांच में सामने आया कि शुरू में मामला वाहन हटाने के बाद सुलझ गया था, लेकिन बाद में सहज सिंह ने अपने साथियों को बुलाया, जिन्होंने शिकायतकर्ता और उनके पड़ोसी से मारपीट की। शिकायत के आधार पर राजौरी गार्डन थाने में प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।''

# मखाना उत्पादन में मेहनत 99 प्रतिशत बहुजनों की, फायदा सिर्फ एक प्रतिशत बिचौलियों का: राहुल



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार में मखाना उत्पादकों की स्थिति को लेकर सोमवार को दावा किया कि इसके उत्पादन में मेहनत 99 प्रतिशत बहुजनों की है और फायदा सिर्फ एक प्रतिशत बिचौलियों का हो रहा है।

उन्होंने यह आरोप लगाया कि ''वोट चोर सरकार'' को न इनकी कदर है और न फिकर है। इन दिनों बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा' निकाल रहे राहुल गांधी ने बीते शनिवार को अपने कटिहार प्रवास के दौरान मखाना उत्पादन में लगे कुछ लोगों से मुलाकात की। इसका वीडियो उन्होंने सोमवार को अपने यूट्यूब चैनल पर जारी किया। राहुल गांधी ने कहा, ''मखाना एक वर्ग के लिए 'सुपरफूड' है, लेकिन जो इसे उगाते हैं, उनके लिए यह संघर्ष की दास्तान है। बिहार दुनिया का 90 प्रतिशत मखाना उगाता है, मगर दिन-रात धूप-पानी में मेहनत करने वाले किसान-मज़दूर मुनाफे का एक प्रतिशत भी नहीं कमाते हैं। किसानों से उनके खेतों में मिलकर उनकी आपबीती जानी।''

उनका कहना था, ''बड़े शहरों में मखाना 1000-2000 रुपये किलो बिकता है, मगर इन मेहनतकशों, पूरे उद्योग की नींव को, नाम मात्र का दाम मिलता है। कौन हैं ये किसान-मज़दूर? अतिपिछड़े, दलित - बहुजन। पूरी मेहनत इन 99 प्रतिशत बहुजनों की और फ़ायदा सिर्फ़ एक प्रतिशत बिचौलियों का।'' उन्होंने दावा किया कि ''वोट चोर सरकार'' को न इनकी कदर है और न फिकर है तथा सरकार ने न इन्हें आय दिया और न ही न्याय दिया। राहुल गांधी ने कहा, ''वोट का अधिकार और हुनर का हक़ एक सिक्के के दो पहलू हैं और इन दोनों को ही हम खोने नहीं देंगे।''

# दिल्ली उच्च न्यायालय का गौतम गंभीर के खिलाफ अधीनस्थ अदालत की कार्यवाही पर रोक से इनकार



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर, उनके फाउंडेशन और अन्य के खिलाफ कोविड-19 दवाओं के अवैध भंडारण और वितरण के आरोप में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने मामले में फिलहाल राहत देने से इनकार करते हुए गंभीर की याचिका पर 29 अगस्त को सुनवाई करने पर सहमति जताई। याचिका में, प्राथमिकी रद्द करने और 9 अप्रैल के उस आदेश को वापस लेने की मांग की गई है जिसमें अधीनस्थ अदालत की कार्यवाही पर लगी रोक हटा दी गई थी। कार्यवाही पर रोक बहाल करने का अनुरोध कर रहे गंभीर के वकील से न्यायाधीश ने कहा, ''जब आपको रोक मिल जाती है, तो आप (अदालत में) पेश होना बंद कर देते हैं, जांच रुक जाती है, कुछ भी नहीं बचता और सब कुछ खत्म हो जाता है।''

अधिवक्ता जय अनंत देहाद्राई ने अपने मुवक्किल के साक्ष्य साझा करते हुए कहा कि गंभीर एक पूर्व सांसद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान हैं और उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर और दवाइयां दान करके लोगों की मदद की थी, जब पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई थी और यहां तक कि सरकार भी असमर्थ हो गई थी। अदालत ने कहा कि ये बातें मामले के लिए महत्वहीन हैं।

उच्च न्यायालय ने कहा, ''अगर आपने कोई साधारण सा अनुरोध किया होता, तो मैं उस पर विचार करता। आप मुझे बहुत सी बातें बताने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले, नाम (पक्ष का), उनकी विश्वसनीयता, उनके द्वारा किये गए काम... लेकिन यह काम नहीं करेगा।''

वकील ने माफी मांगी और कहा कि वह नाम का उल्लेख करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं और अधीनस्थ अदालत में इस मामले की सुनवाई 8 सितंबर को होनी है। इसलिए, उन्होंने उच्च न्यायालय से आग्रह किया कि या तो अधीनस्थ अदालत की कार्यवाही पर रोक बहाल की जाए या उस तारीख से पहले उनकी याचिका पर सुनवाई की जाए, या उनके मुवक्किल की पत्नी और मां को तलब किया जाए।

वकील ने बताया कि केवल अभियोजन पर रोक लगाई गई है, लेकिन पुलिस अपनी जांच जारी रखने के लिए स्वतंत्र है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष को नोटिस दिये बिना रोक वापस नहीं ली जा सकती।

देहाद्राई ने कहा, ''मुझे सुने बिना ही रोक वापस ले ली गई। दूसरे पक्ष की ओर से रोक हटाने के लिए कोई आवेदन नहीं दिया गया था।''

अदालत ने कहा कि जिस दिन रोक हटाई गई, उस दिन गंभीर के वकील पेश नहीं हुए और मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त के लिए तय की।

उच्च न्यायालय ने 20 सितंबर 2021 को, मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और गौतम गंभीर फाउंडेशन, गंभीर और उनके परिवार के सदस्यों की याचिका पर दिल्ली औषधि नियंत्रण प्राधिकरण से जवाब मांगा था। उन्होंने मामले में आपराधिक शिकायत और अधीनस्थ अदालत द्वारा पारित समन आदेश को चुनौती दी थी।

औषधि नियंत्रण विभाग ने गंभीर, उनके फाउंडेशन, इसकी सीईओ अपराजिता सिंह, उनकी मां सीमा गंभीर और पत्नी नताशा गंभीर (दोनों फाउंडेशन में ट्रस्टी हैं) के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपराध के लिए शिकायत दर्ज कराई थी।

# शीर्ष अदालत के फैसले के कुछ दिन, शकरपुर में पांच साल के बच्चे को कुत्ते ने बुरी तरह काटा

नयी दिल्ली, (भाषा) पूर्वी दिल्ली के शकरपुर स्थित पुलिस कॉलोनी में एक आवारा कुत्ते ने पांच साल के बच्चे पर हमला कर दिया, जिससे उसके शरीर पर कई गहरे घाव हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार को उस समय हुई जब बच्चे के साथ उसके पिता पुलिस कॉलोनी में अपने रिश्तेदारों से मिलने गए थे।

पुलिस ने बताया कि आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया और उसे कई बार काट लिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़के की चीखें सुनकर वहां मौजूद एक पुलिस निरीक्षक मौके पर पहुंचे और उसे कुत्ते के कब्जे से छुड़ाकर अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी ने कहा, ''हमले में बच्चे को गहरे घाव आए हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत अब स्थिर है।''




# सार्वजनिक स्थल पर पालतू कुत्ता छोड़ेंगे तो लगेगा 5 हजार का जुर्माना

## क्लीन बरेली ग्रीन बरेली पर भी विशेष ध्यान, कूड़ा फेंकने और थूकने पर भी होगी कड़ी कार्रवाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो पवन त्रिपाठी



**बरेली।** क्लीन बरेली ग्रीन बरेली शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम ने अब सख्त रुख अपनाने का निर्णय लिया है। नगर निगम की ओर से कई प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जिन पर सदन की मुहर लगते ही लागू कर दिया जाएगा। इन प्रस्तावों के तहत सार्वजनिक स्थल पर पालतू कुत्ता छोड़ने, कूड़ा फेंकने, थूकने और निर्माण सामग्री सड़क किनारे रखने पर भारी-भरकम जुर्माना देना होगा। अभी तक पालतू कुत्ता सार्वजनिक स्थल पर छोड़ने पर मात्र 200 रुपये प्रतिदिन का जुर्माना लगता था, लेकिन नए नियम लागू होने के बाद यह रकम सीधे 25 गुना बढ़कर 5,000 रुपये तक पहुंच जाएगी। वहीं, बरातघरों के बाहर कूड़ा फेंकने पर अभी 2,000 रुपये का जुर्माना देना पड़ता है, जिसे बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रतिदिन करने का प्रस्ताव रखा गया है। सड़क किनारे, सार्वजनिक रास्तों या दुकानों के सामने की जमीन पर निर्माण सामग्री रखकर बेचने पर अब 20,000 रुपये प्रतिदिन तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा, यदि किसी प्रतिष्ठान पर डस्टबिन नहीं पाया गया तो पहली बार 500 रुपये और दूसरी बार 1,500 रुपये का जुर्माना देना होगा। सार्वजनिक स्थलों पर थूकने वालों से 500 रुपये, खुले में शौच करने वालों से 1,000 रुपये और खुले में पेशाब करने वालों से 500 रुपये वसूले जाएंगे। यही नहीं, सड़क किनारे जनरेटर रखने पर उसकी क्षमता के अनुसार 10,000 से 30,000 रुपये तक का जुर्माना तय किया गया है। मीट-मुर्गे के अवशेष या मीट की दुकानों के बाहर पशुओं का कचरा फेंकने पर अधिकतम 10,000 रुपये का जुर्माना देना होगा। वाहनों की मरम्मत से निकलने वाले मोबिल ऑयल और अन्य कचरा फेंकने पर 2,000 रुपये का दंड लगेगा। वहीं, नर्सिंग होम और अस्पताल अगर अपना कचरा या मेडिकल वेस्ट खुले में फेंकते हैं, तो उन पर सीधे 25,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। शहर में अनधिकृत विज्ञापन पट्ट लगाने या वालराइटिंग करने वालों पर 10,000 रुपये का जुर्माना होगा। वहीं, आम रास्ते, फुटपाथ या सरकारी जमीन पर होटल-ढाबा संचालित करने पर 5,000 रुपये प्रतिदिन का दंड तय किया गया है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि ये सभी दरें सदन की स्वीकृति के बाद तुरंत प्रभाव से लागू हो जाएंगी। निगम प्रशासन का कहना है कि इन सख्त नियमों का उद्देश्य शहर को साफ-सुथरा रखना और लोगों को जिम्मेदार बनाना है। शहर साफ होगा नागरिक स्वस्थ होंगे।

# आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना शासन प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा के लिए जनपद में किये गये कार्यों की प्रगति के संबंध में बैठक आहूत की गयी।जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि तेजी से प्रगति करना सुनिश्चित करें ताकि योजना का वास्तविक लाभ आमजन को मिल सके। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है।

धरातल पर कार्य करते हुए रेगुलर वाटर सप्लाई को बढ़ाया जाए। उन्होंने तोड़ी गई सड़कों का गुणवत्तापरक रीस्टोरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।अधिशासी अभियंता एवं डीपीएम टीपीआई को निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्थाओं से धरातल पर गुणवत्तापरक कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए। समस्त ग्रामों में जल समिति का गठन सुनिश्चित करते हुए जल बचाने और सही उपयोग करने के प्रति जागरूकता कराई जाए। पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए गठित समिति को 03 दिन में पानी की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसे ग्राम जिनमें कनेक्शन अवशेष है, अभियान चलकर कनेक्शन दिए जाए। टीपीआई को निर्देशित किया जिन ग्रामों में सड़कों की मरम्मत हो गई उसका सत्यापन कर फोटो सहित वास्तविक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। इसके साथ उन्होंने सहायक अभियंता और अवर अभियंता को भी सत्यापन करने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, पंचायत भवनों, सरकारी कार्यालयों सहित सार्वजनिक स्थानों पर भी पानी का कनेक्शन देने के साथ ब्लॉकवार रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सितंबर माह के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजना बनाते हुए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अधिशासी अभियन्ता जल निगम चंद्रहास, सहायक अभियंता शहरोज आरिफ सहित संबंधित अधिकारीगण तथा संबंधित फर्म के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अपनी मांगों के निस्तारण को लेकर भाकियू शंकर का धरना प्रदर्शन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो अमरोहा।



सहकारी गन्ना विकास समिति लि.परिसर में भाकियू शंकर का धरना प्रदर्शन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि योगी सरकार ने विगत 9 वर्षों में गन्ना मूल्य में 55 रुपए प्रति कुंतल की बढ़ोतरी की है जबकि गन्ना उत्पादन लागत अत्यधिक बढ़ गई है विगत सप्ताह में हमारे सभी माननीयों ने एक सेकंड में अपने भत्ते 50 गुना बड़ा लिए संगठन मांग करता है की चीनी मिल चलने से पहले वर्तमान पराई सत्र के लिए गन्ना मूल्य 518 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया जाए,गन्ना किसानों का हल्ला बोल 8 बड़ी मांगों के साथ भाकियू शंकर ने लखनऊ तक दी हुंकार, हसनपुर क्षमता वृद्धि और 518 रु क्विंटल गन्ना मूल्य की मांग गरमाई,

गन्ना किसानों के सब्र का बांध टूटा, भारतीय किसान यूनियन शंकर ने लखनऊ तक गुहार लगाते हुए आठ मांगों की लंबी लिस्ट थमा दी, वेव शुगर मिल अमरोहा को तुरंत चालू करो या फिर सरकार कब्जे में लेकर कान्हा गौशाला बनाओ। गन्ना समिति के अध्यक्ष चौधरी कमल सिंह जिला गन्ना अधिकारी मनोज कुमार गन्ना सेक्रेटरी गन्ना निरीक्षक अमरोहा ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया बाद में मांग पत्र सौंप कर धरना समाप्त कर दिया गया कार्यक्रम में विक्रम पवार प्रधान सुखबीर सिंह संचालक योगेश्वर सिंह राकेश रतनपुर गजम चौहान जगत सिंह चौहान जितेंद्र चौहान सैंपल सैनी शेर सिंह राणा मोनू चौधरी कल्लू भगत जी संजय चौहानओमवीर सिंह भीम यादव नरेश गुर्जर मोजी रामपाल सुनील चौहान मास्टर नवबहार सिंह चंद्रपाल सिंह हुकम सिंह मुकेश सिंह भूपेंद्र सिंह दिलीप प्रधान कल्याण सिंह मास्टर सतीश संजीव मनोज महिपाल त्यागी मुन्नू आदित्य त्यागी दिग्विजय सिंह स्वतंत्र कुमार चरण सिंह इंदर राज सिंह हरवीर सिंह अशोक चौधरी जरीना बेगम बबीता, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# जरूरत मे ब्याज पर पैसा देना तो मदद का बहाना मकसद घर की औरतों की इज्जत पर निशाना



*सूदखोरों ने महिलाओं और बेटी के साथ की बदतमीजी, SSP से की शिकायत*

नेशनल एक्सप्रेस बरेली।

थाना इज्जतनगर क्षेत्र परतापुर निवासी नसीम खानम ने एसएसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर दबंग प्रवृत्ति के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।नसीम खानम का कहना है कि उनके पति ठेकेदारी का काम करते हैं और उनके पार्टनर फहीम उददीन व गौरव ठेकेदार के बीच पैसों का लेन-देन हुआ था। गौरव को 12 लाख रुपये की जरूरत थी, जिसके लिए फहीम उददीन ने अपने चाचा अकील उददीन और नईम उददीन से रुपये दिलवाए थे। इसके बाद आंशिक भुगतान बैंक खातों और चेक के जरिए किया गया।

# हनी ट्रैप: प्यार में फंसा कर हनी उर्फ नेहा खान करती हैं पुरुष की मानसिक और सामाजिक इज्जत का बलात्कार




**बरेली पुलिस का बड़ा खुलासा : हनी ट्रैप में फंसा कर वसूली करने वाला गिरोह धर दबोचा, महिला समेत पांच गिरफ्तार**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**बरेली।** इज्जतनगर थाना पुलिस ने हनी ट्रैप के जरिए रंगदारी वसूलने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए महिला समेत पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गिरोह के पास से घटना में प्रयुक्त 06 मोबाइल फोन और एक स्कॉर्पियो कार (UP25CP0020) बरामद की गई है।

गिरफ्तारी निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड मिनी बाईपास रोड के पास से हुई।

पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना आकाश पुत्र नरेश कुमार है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को हनी ट्रैप के जाल में फंसाकर लाखों की रंगदारी वसूलने की साजिश रची थी। गिरोह की मुख्य सदस्य हनी उर्फ नेहा खान पहले पीड़ित से फोन पर बातचीत कर उसे अपने जाल में फंसाती थी और फिर होटल या सुनसान जगह पर बुलाकर गिरोह के अन्य सदस्य पीड़ित को घेर लेते थे।

ताजा मामले में अमित राठौर नामक युवक को होटल सहगल बुलाया गया, जहां उसे गिरोह के गुड्डू बंजारा, अवधेश, आकाश, मिथलेश और अन्य साथियों ने स्कॉर्पियो में डालकर ले जाया। मिनी बाईपास पर ले जाकर पीड़ित से मारपीट कर वीडियो-फोटो वायरल करने और बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। मजबूरन पीड़ित ने गिरोह को 30 हजार रुपये और सोने की अंगूठी सौंप दी। इसके बाद लगातार उसे और पैसे देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली के निर्देश पर गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर हनी उर्फ नेहा खान, गुड्डू बंजारा, अवधेश, आकाश और मिथलेश गंगवार को धर दबोचा। गिरोह का एक और सदस्य मोहित मिश्रा व दो अज्ञात अभी फरार बताए जा रहे हैं।

# फर्राटा भर रहे अपराध अब पुलिस के एक्सीलेटर पर, 112 के बेड़े में मेट्रो सिटी की सुनामी

नेशनल एक्सप्रेस बरेली।



जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए यूपी-112 के बेड़े को नई ताकत मिल गई है। सोमवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने 12 नई चारपहिया पीआरवी गाड़ियां हरी झंडी दिखाकर रवाना कीं। खास बात यह है कि इन गाड़ियों में स्कॉर्पियो और इनोवा क्रिस्टा जैसी तेज रफ्तार एसयूवी शामिल हैं।

अब तक पुलिस के पास सूमो और बोलेरो जैसे पुराने वाहन थे, जिनकी स्पीड अपराधियों की गाड़ियों के सामने कम पड़ जाती थी। ऐसे में कई बार बदमाश पुलिस की पकड़ से निकल जाते थे। लेकिन अब हाईस्पीड एसयूवी आने से पुलिस की कार्रवाई और तेज होगी।नई गाड़ियों को शहर और देहात के अहम थानों—इज्जतनगर, नबावगंज, बहेड़ी, हाफिजगंज, सिरौली, विशारतगंज, शाही, क्योलड़िया, भुता और फतेहगंज पूर्वी—पर तैनात किया गया है। इन गाड़ियों से पुलिस की आपातकालीन सेवा अब और भी तेज़ और दमदार हो जाएगी।इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, एसपी उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा, एसपी क्राइम मनीष सोनकर, सीओ प्रथम आशुतोष शिवम, सीओ सेकेंड सोनाली मिश्रा समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

# सोलर पावर प्लांट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत शत-प्रतिशत योजना का दिया जाए लाभ : डीएम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पीएम सूर्य घर योजनांतर्गत जनप्रतिनिधियों, संबंधित विभागीय अधिकारियों, विभिन्न संघ के पदाधिकारीगण एवं वेंडर्स के साथ बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें सभी अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेते हुए योजना के अंतर्गत जनपद को आंवटित लक्ष्य के सापेक्ष शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रेरित करते हुए ऑनलाईन पंजीकरण कराने के उपरान्त उन्हे शत-प्रतिशत योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने विभागवार अधिकारियों को अगस्त एवं सितंबर माह के लक्ष्य निर्धारित करते हुए शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि संचालित योजना की विस्तृत जानकारी लाभार्थी को उपलब्ध करायी जाए एंव ऑनलाईन पंजीकरण किये जाने में लाभार्थी को जो भी समस्या उत्पन्न हो रही है, उनको विभाग द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल समाधान किया जाय। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता द्वारा सोलर संयंत्रो की स्थापना में व्यय की गयी धनराशि की प्रतिपूर्ति विद्युत बिल के बचत के रूप में 3 से 4 वर्षों में हो जाती है। संयंत्र का जीवन काल लगभग 25 वर्षों का होता है। अतः शेष 20 वर्षों तक सयंत्र से उत्पादित विद्युत उपभोक्ता को निःशुल्क प्राप्त होती रहेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पीएम सूर्यघर योजना से संबंधित लोन पत्रावालियों को बैंक में अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्राप्त पत्रावलियों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन के मध्य योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को योजना का लाभ आमजन को दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा ने योजना के बारे में बताते हुए कहा कि योजनान्तर्गत केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी विद्युत घरेलू उपभोक्ताओ को अनुदान प्रदान किया जा रहा है। पीएम सूर्य घर योजना मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 से 10 किलोवाट तक स्थापित संयंत्रों पर सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। 45 हजार से लेकर करीब 1.08 लाख रुपये का अनुदान मिल सकता है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नेशनल पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना विभिन्न बैंको द्वारा मात्र 07 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर उपलब्ध अधिकृत वेंडर के माध्यम से ही सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कराया जाए। इस अवसर पर कुछ लाभार्थियों द्वारा योजना के तहत अपने घर पर लगाए गए सोलर प्लांट के फायदे के बारे में अनुभव साझा किए। लाभार्थी अंकित ने बताया कि उनके घर का बिजली बिल 03 से 04 हजार के बीच आता था। उन्होंने 03 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया। इस माह उनके घर का बिल केवल 267 रुपए आया। सलिल ठाकुर ने बताया कि उनका हर माह 06 से 07 हजार का आने वाला बिल केवल 1000 से 1200 तक आता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष हसनपुर राजपाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख हसनपुर प्रतिनिधि, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गजरौला प्रतिनिधि विपिन सिंह, अध्यक्ष नगर पंचायत सैदनगली प्रतिनिधि अभिनव कौशिक, पीओ नेडा सीपी वर्मा, एलडीएम अधीक्षण अभियंता विद्युत, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, शिक्षक संघ, सफाई कर्मचारी संघ और प्रधान संघ के पदाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी एवं इम्पैनल्ड वैण्डर्स आदि उपस्थित रहे।




# ओएलएक्स बन गया है साइबर ठगी का अड्डा आधी रकम में अच्छे के लालच से हो रहे ठगी का शिकार

## कार खरीदने के नाम पर ठगी, बरेली निवासी से 36 हजार रुपये हड़पे, खुद को बताया सीआईएसएफ में असिस्टेंट उप निरीक्षक

नेशनल एक्सप्रेस बरेली।



साइबर अपराधियों ने बरेली के एक युवक को कार बेचने के नाम पर हजारों रुपये का चूना लगा दिया। मढ़ीनाथ रोड निवासी दिनेश कुमार पुत्र आर०बी० गंगवार ने बताया कि उन्होंने 21 अगस्त को ओएलएक्स पर एक सफेद बैगनआर कार का विज्ञापन देखा, जिसका नंबर UP74 U 7185 दर्ज था। विज्ञापन में दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर सामने वाले ने खुद को सलेन्द्र कुमार, निवासी लखीमपुर खीरी तथा सीआईएसएफ में असिस्टेंट उप निरीक्षक पद पर तैनात बताया।

पीड़ित के अनुसार आरोपी ने कार का मालिक होने का दावा किया और पैसों की तत्काल आवश्यकता बताकर कार सस्ते दाम पर देने की बात कही। भरोसा दिलाने के लिए आधार कार्ड, सीआईएसएफ की आईडी और अन्य दस्तावेज भी भेजे। विश्वास में आकर दिनेश कुमार ने पहले 4,999 भेजे। इसके बाद आरोपी ने कार बरेली भेजने की बात कहकर अलग-अलग नंबरों पर किश्तों में कुल 36,000 से अधिक राशि जमा कराई। काफी इंतजार के बाद भी कार नहीं पहुंची तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। आरोप है कि इसके बाद भी संदिग्ध नंबरों से लगातार कॉल आ रही हैं और शेष रकम मांगने का दबाव बनाया जा रहा है।

पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत एसपी सिटी से कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और आर्थिक क्षति की भरपाई की मांग की है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य के संभल भ्रमण पर

# जनपद समस्त अधिकारियों के साथ की बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल। बहजोई कलक्ट्रेट सभागार में सदस्य राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में जनपद सम्भल के आकांक्षी विकास खण्डों से संबंधित मानवाधिकार एवं समावेशी विकास की समीक्षा बैठक एवं बच्चों, युवाओं, छात्रों, पेंशन भोगियों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य सामुदायिक प्रतिनिधियों सहित संबंधित हित धारकों से भी संवाद किया गया। सर्व प्रथम सदस्य का जिलाधिकारी द्वारा पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत किया तथा विकासखण्ड बनियाखेड़ा खेड़ा के प्राचीन बेरनी मंदिर से प्राप्त प्राचीन भगवान विष्णु की मूर्ति की प्रतिकृति भी सदस्य को उपहार स्वरूप प्रदान की गयी। बैठक के अन्तर्गत जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित 50 इंडीकेटर्स, बच्चों के इंडीकेटर्स एवं महिलाओं से संबंधित इंडीकेटर्स के विषय में भी बताया। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा बैठक से संबंधित बिन्दुओं के विषय में चर्चा की। जिला सेवा योजन अधिकारी द्वारा उनके विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों तथा रोजगार मेलों आदि कि विषय में बताया। मा. सदस्य द्वारा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किस प्रकार की स्किल्स से ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान किये जा सकते हैं तथा जनपद में किस किस ट्रेड में कितनी आवश्यकता है उस विषय पर विशलेषण करें। उन्होंने कहा कि सेवायोजन विभाग एवं आईटीआई तथा विद्यालय संयुक्त रुप से स्कूलों एवं संस्थानों मे जाकर बच्चों की रुचि को जाने कि वह किस क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खण्डों में स्टार्टअप की शुरुआत हो। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत क्या क्या कार्य किये जा रहे हैं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की बीसी सखी, बैंक सखी तथा जनपद में कितने स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं



मा. सदस्य ने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट की रिसाइक्लिंग पर कार्य किया जाए तो इससे स्थायी रोजगार में वृद्धि होगी। अनस्किल्ड रोजगार के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने मनरेगा के अन्तर्गत दिये जाने वाले रोजगार के अधिकार के विषय में बताया तथा जनपद में जॉब कार्ड धारकों एवं मानव दिवस सृजन के विषय में भी माननीय सदस्य को बताया। माननीय सदस्य ने दिव्यांगजनों, बुजुर्गों एवं महिलाओं आदि को काम दिया जाता है या नहीं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की तथा आंकड़े उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

उसके विषय में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि किस किस रोजगार में स्वयं सहायता समूह लगे हुए हैं उसकी सूची उपलब्ध कराएं तथा मूढा एवं मक्के के छिलके से बनाए उत्पादों के लिए ट्रेंड मार्क एवं जीआई टैग पर कार्य करें। कम से कम 10 -10 स्वयं सहायता समूहों को व्यापारियों से जोड़ें स्वयं सहायता समूहों द्वारा गौ कास्ट बनाने पर भी ध्यान दिया जाए। जिला प्रोबेशन विभाग के अन्तर्गत जनपद में चलायी जा रही योजनाओं को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। पॉक्सो के लिए सपोर्ट पर्सन, तथा पॉक्सो के अन्तर्गत लंबित केस तथा कोबिड से संबंधित पोर्टल पर पंजीकरण। रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष को लेकर चर्चा की गयी तथा इसके प्रचार प्रसार को लेकर भी निर्देशित किया। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा जेल में बंद 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दिव्यांगजन विभाग से संबंधित पेंशन एवं अन्य योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा 18 वर्ष से कम आयु नीचे के दिव्यांगजनों के लिए क्या कार्य किये जा रहे हैं उसके विषय में मा. सदस्य द्वारा जानकारी प्राप्त की डिसेबल्ड का डाटा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को दिये जाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। माननीय सदस्य ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम ( आरकेएसके) जनपद में चलाए जाने को लेकर भी निर्देशित किया। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से जनपद में संचालित मदरसों एवं मकतब के विषय में जानकारी प्राप्त की। मा. सदस्य ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को समय से विद्यालय भेजें तथा मदरसों आदि में विद्यालय के समय के उपरांत ही भेजें ताकि उनकी स्कूली शिक्षा प्रभावित न हो।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक अभियान चलाते हुए बच्चों का अधिक से अधिक विद्यालयों में पंजीकरण कराएं। जिला पंचायती राज अधिकारी से ग्राम पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधियों के विषय में जानकारी प्राप्त की। बैठक में उपस्थित बच्चों, युवाओं आदि से भी सुझाव प्राप्त किये गये। सदस्य द्वारा पॉक्सो के अंतर्गत पीड़ित बच्चों से भी वार्ता की। इसके उपरांत माननीय सदस्य द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक की। अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कार्यवाही को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वन स्टाप सेंटर, पॉक्सो के अन्तर्गत प्रेग्नेंट योजना पर भी चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष तथा जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा नगर पंचायत अध्यक्षा गुन्नौर खुशबु प्रजापति ,समाज सेविका संगीत भार्गव, उडान ग्रुप बबराला से ममता राजपूत एवं एनजीओ प्रतिनिधि, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## छात्र प्रियांशु वार्ष्णेय ने प्राप्त की यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी/नगर के प्रियांशु वार्ष्णेय ने शिक्षा में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट जून 2025 में शानदार प्रदर्शन कर सफलता अर्जित की है। उन्होंने कुल 96 परसेंट अंक प्राप्त कर परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर पूरे नगर का नाम रौशन किया है। प्रियांशु ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां बहनों व शिक्षकों व कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने पहले ही एम एड में मेडल और एमएस सी गणित की उपाधि प्राप्त कर ली है। इसके अलावा वे यूपी टीईटी सीटीईटी जैसी परीक्षाएँ पहले ही उत्तीर्ण कर चुके हैं।वर्ष 2023 में केंद्रीय विद्यालय संगठन में अंतिम चयन होने के बावजूद सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण वह बाहर हो गए थे।अब उनका लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना है। परिवार

## बूढ़े बाबा के मंदिर पर विशाल मेले का हुआ शुभारंभ

**नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार**

चंदौसी-: विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय के प्रथम दिवस बूढ़े बाबा के मेले का ग्राम प्रधान सलीम खान उर्फ भूरे अली ने फीता काटकर शुभारंभ किया और मेले में सहयोग प्रदान किया वही बाहर से आ रहे श्रद्धालु के लिए मेला कमेटी की ओर से उचित व्यवस्था देखने को मिली 1 सोमवार दोपहर 1:00 बजे के करीब विगत वर्षों की भांति और पुराने परंपरा के मुताबिक अकरौली के दक्षिण साइड में स्थित बूढ़े बाबा के मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें मेला



कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि के तौर पर मेला उद्घाटन में ग्राम प्रधान सलीम खान उर्फ भूरे अली को आमंत्रित किया गया जहां मेला कमेटी के साथ मिलकर विधि विधान के तहत मंदिर में विराजमान बूढ़े बाबा की पूजा अर्चना की गई और मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया गया जिसमें मेला कमेटी अध्यक्ष सोनू प्रजापति,की अध्यक्षता में दो दिवसीय चल रहे मेले का आयोजन हुआ वही कमेटी के , बिजेंद्र सिंह प्रजापति,अनुराग प्रजापति भूरे प्रजापति किशोरी मंदिर के पुजारी, रामपाल मंदिर के पुजारी, महिपाल प्रजापति ,हरपाल प्रजापति, मुकेश प्रजापति, नरेश प्रजापति, गिरिराज प्रजापति ,यादराम प्रजापति, रामपाल प्रजापति, प्रेमपाल प्रजापति ,अशोक प्रजापति ,गंगाराम प्रजापति, लेखराज प्रजापति ,रामस्वरूप प्रजापति, गिरिराज, भीकम सिंह प्रजापति, दयाराम प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे

## राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। सोमवार को प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र चंदौसी जिला संभल उत्तर प्रदेश द्वारा ९०० दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण एसपी प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 25 8.2025 से दिनांक दो 12.2025 तक 100 दिन की कक्षा का लोकेश पार्षद गणेश कॉलोनी चंदौसी वह सुरेंद्र कुमार जायसवाल प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद द्वारा संयुक्त रूप से पिता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा लोकेश एवं सुरेंद्र कुमार जायसवाल द्वारा प्रशिक्षित साथियों को स्कूल बैग रजिस्टर साहित्य का वितरण किया गया तथा प्रधानाचार्य महोदय द्वारा प्रशिक्षित साथियों को रोजगार से संबंधित बताया गया श्री हुकम सिंह राणा सेवा निवृत सहायक प्रभारी द्वारा प्रशिक्षण साथियों को खाद्य प्रसंस्करण विषय पर व्याख्यान दिया गया श्री नौसिंह सहायक प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केंद्र चंदौसी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया मोहित कुमार गॉड का सहयोग रहा कार्यक्रम में 30 प्रशिक्षार्थियोंने भाग लिया।

## किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कार्यक्रम में बच्चों ने दी सुंदर-सुंदर प्रस्तुति

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी 1 किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी रजि चंदौसी संभल उत्तर प्रदेश में साहू झुन्नीलाल धर्मशाला सीता रोड चंदौसी में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया व सर्वप्रथम मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नीरज साईं, पवन कुमार , अखिलेश कुमार खिलाड़ी, रहे सर्वप्रथम बच्चों ने संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया माण्विक अग्रवाल ने दिल पर चलाई छुरिया





गाने से सबका मन मोह लिया बा ऑपरेशन सिंदूर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया साथ में प्यारे बच्चों ने पलक, भक्ति, राधिका ,ने हाउजी गेम का आयोजन किया इसी के साथ अध्यक्ष महोदय ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ बेटी का सम्मान करो के ऊपर एक भाषण दिया ईसी के साथ पवन कुमार गुप्ता ने भी समिति के लिए कहां की यह समिति आगे चलकर बहुत ही उन्नति करेगी बा नारी के सम्मान में भी कहा वही शोभा वाष्णेय ने नारी के सम्मान में बहुत कुछ कहा वही मुख्य अतिथि नीरज साईं ने भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया संरक्षण इंदु अग्रवाल ने भी भाषण देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए वही समिति की अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय ने अपने समिति के पूरे साल के कार्यक्रमों से सभी को अवगत कराया और कहा हम और इससे अच्छे-अच्छे कार्यक्रम करने की योजना बना रहे हैं और हम सबके साथ कम से कदम मिलकर आगे बढ़ाकर आगे चलते रहेंगे वहीं बच्चों के संस्कृत कार्यक्रम में सबका दिल जीत लिया साथ-साथ लकी ड्रा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया सभी मुख्य अतिथि व समिति के सदस्य को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया व पत्रकार बंधुओ को भी गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया साथ ही भोजन की व्यवस्था की गई थी कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय, सचिव रूबी वाष्णेय, कोषाध्यक्ष शीलू जैन, अतिथियों में नीरज साईं ,पवन कुमार, शोभा वाष्णेय ,भुवनेश कुमार , मयंक अग्रवाल, दीपेश वार्ष्णेय रागिनी वाष्णेय नितिन रहोली हिमांशु काका ,पलक, भक्ति,राधिका, मीना,अंजू, लक्ष्मी, मोनू राठौर, डॉली शर्मा,सीमा, मीरा, मोनिका, प्रतिभा, रानी, नीति जैन, हेमा, प्रकृति ,आशा गोस्वामी, ममता, अंशु ,आदि लोग उपस्थित रहे

## आकाश कुमार स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक संभल बने

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी 1 भारतीय जनता पार्टी, ₹स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन₹ का आकाश कुमार को जिला संयोजक संभल नियुक्त किया गया, पूर्व आकाश कुमार लंबे समय से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे है। बो एबीवीपी से विभाग संयोजक और जिला संयोजक जैसे दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं, बह समय समय पर छात्रहितों के लिए संघर्ष करते रहते हैं, और छात्रों की आवाज को बुलंद करते रहे है। इसलिए उनकी छवि जिले के छात्रों में बहुत मजबूत है। इसी वजह से पार्टी ने उन के नाम पर अपनी सहमति जताई है। जिस पर जिला संयोजक आकाश कुमार ने कहा कि मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया है, मै पार्टी को विश्वास दिलाता हूं कि मैं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करूंगा और पार्टी द्वारा स्थापित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में दुर्लभ स्पिंडल सेल ट्यूमर का हुआ सफल आपरेशन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर। कैंसर युक्त टृयूमर के आपरेशन तो बहुत होते हैं, लेकिन अगर स्पिंडल सेल ट्यूमर है तो घातक के साथ दुलर्भ भी है। ऐसा इसलिए कि इसके सेल बहुत तेजी से बढ़ते हैं और यह सिर्फ एक फीसद से भी कम मरीजों में पाया जाता है। ऐसे में स्पिंडल सेल ट्यूमर से पीड़ित मरीज कैलाश चन्द्र को निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने इलाज करने से मना कर दिया और जीएसवीएम मेडिकल कालेज ने सहारा दिया। मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला की टीम ने सोमवार को छह घंटे तक दुर्लभ स्पिंडल सेल ट्यूमर का सफल आपरेशन कर मरीज को नया जीवन देने में सफल रही।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, एलएलआर हॉस्पिटल एवं पीएमएसएसवाई, कानपुर ने 69 वर्षीय कैलाश चंद्र का सफल ऑपरेशन किया, जिनके बाएं ऊपरी जबड़े (मैक्सिला) में दुर्लभ स्पिंडल सेल ट्यूमर पाया गया था। मरीज को पहले दो निजी अस्पतालों ने भर्ती करने से मना कर दिया था, जिसके बाद उन्हें जीएसवीएम में रेफर किया गया। डॉक्टरों ने मरीज की लेफ्ट हेमी-मैक्सिलेक्टॉमी की तथा उसके बाद एंटेरोलैटरल थाई (एएलटी) फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन किया। इस प्रक्रिया में जांघ से मांसपेशी और ऊतक निकालकर माइक्रोवास्कुलर तकनीक से गाल में प्रत्यारोपित किया गया। लगभग छह घंटे चले इस ऑपरेशन में न्यूनतम रक्तस्राव हुआ और मरीज के चेहरे की कार्यात्मक एवं सौंदर्यपूर्ण बहाली सुनिश्चित हुई। मरीज फिलहाल स्थिर हैं और स्वस्थ हो रहे हैं।

## आईआईटी कानपुर के सॉफ्टवेयर डेवलपर ने लगाई फांसी, मौके से मिला सुसाइड नोट

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गूबा गार्डन स्थित विजय इंक्लेव में रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक आईआईटी कानपुर में सॉफ्टवेयर डेवलपर था। सूचना पर पहुंची फील्ड यूनिट और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही मौके से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें उसने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है।

मूलरूप से महाराष्ट्र के कोठड़ी जलगांव का रहने वाला दीपक चौधरी (25) बीते दो सालों से आईआईटी कानपुर में सॉफ्टवेयर डेवलपर था और गूबा गार्डन स्थित विजय इंक्लेव के फ्लैट में रहता था।

उसके दोस्तों ने बताया कि सोमवार को जब उसने किसी की काल का कोई जवाब नहीं दिया तो उसके फ्लैट पहुंचे। काफी देर दरवाजा खटखटाया गया लेकिन जब गेट नहीं खोला गया तो इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो दीपक का शव पंखे से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। इसके अलावा एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। जिसमें लिखा था। मैं पढ़ नहीं पा रहा हूँ और फेलियर महसूस कर रहा हूँ पापा मम्मी मुझे माफ़ कर देना।

फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किये तो वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एसडीएम ,सीओ ने मेला गणेश चौथ का फीता काट किया शुभारम्भ

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी 1 मिनी वृंदावन नगरी चंदौसी में आयोजित होने वाले सांप्रदायिक, समरसता और सद्भाव के प्रतीक मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव 25 अगस्त से 14 सितम्बर तक का शुभारंभ उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी चंदौसी अनुज चौधरी, अधिशासी अभियंता विद्युत खंड चंदौसी दीपलव श्रीवास्तव, चन्दौसी चैयरपर्सन लता वार्ष्णेय तथा प्रभारी निरीक्षक चंदौसी मोहित बालियान ने लाला भूपाल दास द्वार का वेदमंत्रों के साथ द्वार पूजन तथा गणेश आरती करके किया।







उद्घाटनकर्ताओं ने शांति के प्रतीक कबूतर और रंगबिरंगे गुब्बारे उड़ाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

शुभारंभ के दौरान गणेश मंदिर पर रंगारंग कार्यक्रम के अंतर्गत जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने गणेश वंदना, नन्ही बच्ची प्रशा गुप्ता द्वारा धार्मिक नृत्य, ग्लोबल हेरीटेज इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा राजस्थानी नृत्य, ए बी सी मोंटसरी स्कूल के छात्रों द्वारा फॉक डांस, न्यू सत्यम एकेडमी स्कूल के छात्रों द्वारा पंजाबी नृत्य तथा एएम वर्ड स्कूल के छात्रों द्वारा देशभक्ति नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। रंगारंग कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्य विकास अधिकारी सम्भल गोरखनाथ भट्ट एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सम्भल डॉ तरुण पाठक ने सभी प्रस्तुतियों पर विद्यालयों के छात्रों को पुस्कृत करके उत्साहवर्धन किया।

इसके उपरान्त गणपति बाबा का फूलडोल ढोल नगाड़ों के साथ मेला ग्राउंड पहुँचा। जिसमें विराजमान गणपति बाबा की प्रतिमा को वेदमंत्रों के साथ मेला समिति पदाधिकारियों ने गणेश चौक स्थित गणेश स्तम्भ पर स्थापित किया।

सम्प्रदायिकता के प्रतीक मेला गणेश चौथ का उद्घाटन पंच धर्मों के प्रतिनिधि- हिन्दू धर्म से पण्डित मेवाराम शास्त्री, मुस्लिम धर्म से वसीमुद्दीन, सिख धर्म से ज्ञानी सुखप्रीत सिंह, ईसाई धर्म से मिस्टर जॉन एलीसन 'पादरी', तथा बौद्ध धर्म से ए०के० सिंह ने फीता काट कर कियाइस दौरान मेला मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डॉ० राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, एड० लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश ब्रेड, प्रभात कृष्णा, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ शेखर वार्ष्णेय, अरविन्द गुप्ता, शुभम अग्रवाल, फाइमुद्दीन, इशत्याग बेग, प्रतीक किट्टू, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा, अंजू गुप्ता, सीमा गुप्ता, योजना गुप्ता, संध्या गुप्ता, विनीता गुप्ता, नीतू गुप्ता, गुंजन गुप्ता, भावना गुप्ता आदि श्रद्धालुजन रहे।

# संपादकीय

## 'त्रिकोण' बनाम अमरीका

भारत, रूस और चीन में एक बार फिर 'त्रिकोण' उभर रहा है। वैश्विक परिस्थितियां ऐसी हैं कि तीनों देश एक ही मंच पर लामबंद हो रहे हैं। उसे 'आरआईसी' नाम दिया जा सकता है। तीनों देश 'ब्रिक्स' के एक मंच पर भी लामबंद हैं। तीनों देश 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) में भी साथ-साथ हैं। यह 'त्रिकोण' 1998 में भी उभरा था और 2002 में उसके विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी। भारत और रूस कई दशकों से 'दोस्त' हैं। उनके बीच व्यापारिक रिश्ते, रणनीतिक साझेदारी रही है, बेशक हालात कैसे भी रहे हों, लेकिन भारत और चीन, रूस और चीन के बीच युद्ध भी हुए हैं और सीमा-विवाद भी रहे हैं। भारत चीन को 'दुश्मन नंबर 1' भी मानता रहा है, लेकिन दोनों एशिया के 'सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी देश' भी हैं और 2024-25 में दोनों देशों के बीच 127.7 अरब डॉलर का कारोबार भी किया गया। अब विश्व की बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार और कूटनीति की कवायद जारी है। रूस और चीन के संबंध कूटनीतिक स्तर पर प्रगाढ़ रहे हैं। चूंकि तीनों देशों का एक साझा खलनायक है-अमरीका, लिहाजा उस पर दबाव बनाए रखने और उसकी अड़चनों और उसके फैसलों से निष्प्रभावी होने के मद्देनजर भारत, रूस, चीन का 'त्रिकोण' पुख्ता होता जा रहा है। रूस पर अमरीकी और यूरोपीय पाबंदियों के दौर में चीन और भारत ने उससे काफी मात्रा में कच्चा तेल खरीदा। रूस ने भारत के साथ 'रुपया' मुद्रा में कारोबार किया। हालांकि अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक अखबार में विस्फोटक लेख लिखा और भारत की 'तेल लॉबी' को करार दिया कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन की युद्ध-मशीनरी की आर्थिक मदद कर रही है, लिहाजा भारत को रूस से तेल खरीदने से रोका जाए। यथार्थ यह है कि अमरीका और यूरोप तुलनात्मक रूप से रूसी तेल और गैस के सबसे बड़े खरीददार हैं। यही वैश्विक परिस्थितियां हैं, जो भारत, रूस, चीन को करीब लाकर 'त्रिकोण' बना रही हैं। हाल ही में चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत आए और हमारे विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल तथा अंततः प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। चीन ने महत्वपूर्ण पेशकश की कि वह भारत को खाद, रेयर अर्थ मिनरल्स और सुरंग खोदने की मशीन मुहैया कराने को तैयार है। रेयर अर्थ मिनरल्स करीब 90 फीसदी चीन में ही होते हैं। चीन पहले इन वस्तुओं की आपूर्ति में बाधाएं डालता रहा था। इस माह के अंत में तीनों देशों के शीर्ष नेता एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान चीन में मिलेंगे। उस मुलाकात से 'त्रिकोण' और भी पुख्ता होगा। विश्व की करीब 38 फीसदी आबादी, 33 फीसदी जीडीपी, करीब 20 फीसदी क्षेत्रफल और दुनिया की नंबर 2, 3, और 4 सेनाएं इन तीनों देशों की हैं। इन तीनों देशों के पास करीब 5100 परमाणु हथियार हैं। रूस और चीन सुरक्षा परिषद के स्थायी, वीटो पॉवर वाले देश हैं। कल्पना कर सकते हैं कि इन तीनों देशों की साझा शक्ति कितनी होगी? यह 'त्रिकोण' बनना तब जोर पकडने लगा, जब अमरीका ने रणनीतिक साझेदार होने के बावजूद भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोपने की घोषणा की। नतीजतन समीकरण बदलने लगे और चीन ने भारत पर थोपे गए टैरिफ की निंदा की और भारत के साथ सहयोग का हाथ बढ़ाया। हालांकि इतिहास और अतीत बताता है कि भारत को चीन पर भरोसा नहीं करना चाहिए, लेकिन यह 'त्रिकोण' बनाना भी वैश्विक हित में है। अमरीका की 'दादागीरी' कुछ ढीली होगी। भारत की चीन के साथ 3488 किमी सीमा के विवाद पुराने और गंभीर हैं, लेकिन अब चीनी विदेश मंत्री ने हमारे सुरक्षा सलाहकार के सीमा संबंधी प्रस्ताव पर सहमति जताई है, लिहाजा बातचीत आगे बढ़ेगी। दोनों देश सीधी उड़ान और सीमावर्ती व्यापार को फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं। हालांकि चीन के साथ व्यापार करने में भारत को करीब 100 अरब डॉलर का निरंतर घाटा है, लेकिन धीर-धीरे इसकी भरपाई की जा सकती है।

# भारत चाहता है यह युद्ध का नहीं, शांति का दौर बने



ललित गर्ग

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की से निरन्तर बातचीत में भी भारत का रूख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं, बल्कि शांति एवं विकास का दौर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एवं रूसी राष्ट्रपति पूतिन के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत किया और कहा था कि बातचीत एवं कूटनीति ही आगे बढ़ने एवं युद्ध विराम का रास्ता है।

दुनिया आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध और हिंसा ने सभ्यता की प्रगति को खतरे में डाल दिया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष इसके ताजे उदाहरण के रूप में हमारे सामने है। इस युद्ध ने न केवल यूरोप की स्थिरता को हिलाकर रख दिया है, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। हजारों लोग मारे गए, लाखों लोग शरणार्थी बने और ऊर्जा तथा खाद्यान्न संकट ने विकासशील देशों को प्रभावित किया। ऐसे कठिन समय में भारत ने अपनी पारंपरिक नीति-अहिंसा, निशस्त्रीकरण और अयुद्ध का परिचय कराते हुए यह स्पष्ट किया है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण देकर भारत ने संकेत दिया है कि युद्ध विराम एवं शांति समझौता कराने में भारत सक्रिय भूमिका निभा सकता है, निश्चित ही इस कदम का स्वागत होना चाहिए। रूस एवं यूक्रेन को भारत बातचीत की टेबल पर ले आता है, तो यह पूरी दुनिया के हित में होगा, इससे युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होगा।



भारत द्वारा यूक्रेन के राष्ट्रपति को भारत आने का निमंत्रण देना केवल शांति प्रयासों का हिस्सा ही नहीं है, बल्कि यह अमेरिका की चालों को करारा जवाब देने वाला एक कूटनीतिक कदम भी है। हाल के दौर में अमेरिका ने भारत पर ट्रेड टैरिफ लगाकर और विभिन्न आर्थिक दबाव बनाकर उसकी अर्थव्यवस्था को अस्थिर एवं अस्तव्यस्त करने की कोशिश की है। किंतु मोदी सरकार ने अपनी दृढ़ कूटनीति से यह संदेश दिया है कि भारत अब किसी दबाव में आने वाला नहीं है। ज़ेलेन्स्की को आमंत्रित कर भारत ने यह दिखा दिया कि वह रूस और यूक्रेन दोनों के साथ संवाद रखकर स्वतंत्र नीति अपनाने में सक्षम है और अमेरिका की अपेक्षाओं के आगे झुकने के बजाय अपनी शांति और संतुलन की राह पर आगे बढ़ रहा है। यह कदम भारत की आत्मनिर्भर, साहसी और वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार कहा है-'यह युद्ध का दौर नहीं है।' यह वाक्य केवल एक कूटनीतिक कथन नहीं, बल्कि भारत की शाश्वत नीति और सांस्कृतिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने केवल शब्दों तक ही सीमित भूमिका नहीं निभाई, बल्कि ठोस मानवीय प्रयास भी किए। 'ऑपरेशन गंगा' के अंतर्गत हजारों भारतीय छात्रों और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। भारत ने यूक्रेन को दवाइयां, मानवीय सहायता और राहत सामग्री भेजी। भारत ने रूस और यूक्रेन, दोनों से संवाद बनाए रखा। पिछले साल अगस्त में नरेन्द्र मोदी यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की से निरन्तर बातचीत में भी भारत का रूख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं, बल्कि शांति एवं विकास का दौर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एवं रूसी राष्ट्रपति पूतिन के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत किया और कहा था कि बातचीत एवं कूटनीति ही आगे बढ़ने एवं युद्ध विराम का रास्ता है।

रूस और यूक्रेन के बीच यदि कभी बातचीत की प्रक्रिया शुरू होती है, तो उसमें भारत की भूमिका निर्णायक हो सकती है। आज भारत की छवि एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में उभरी है। भारत न केवल जनसंख्या और अर्थव्यवस्था के लिहाज से बड़ा देश है, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि से भी विश्व में एक अलग पहचान रखता है। गांधी की भूमि, बुद्ध की करुणा और महावीर की अहिंसा से प्रेरित यह राष्ट्र यदि शांति का झंडा उठाता है, तो उसकी आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि पूरी दुनिया आज भारत से अपेक्षा कर रही है कि वह शांति का नेतृत्व करे। भारत की यह भूमिका उसे केवल एक उभरती महाशक्ति ही नहीं बनाती, बल्कि 'विश्वगुरु' के रूप में स्थापित करती है। क्योंकि भारत जानता है-'शांति ही मानवता का वास्तविक मार्ग है, और अहिंसा ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति।'

भारत की शांति नीति केवल रूस-यूक्रेन युद्ध तक सीमित नहीं रही है। चाहे ईरान-इजरायल, इजरायल-हमास युद्ध हो, अफगानिस्तान का संकट हो या मध्य पूर्व की उथल-पुथल-भारत ने हमेशा संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं से कहा कि मानवता के सामने जो चुनौतियां हैं, उनका समाधान युद्ध से नहीं, बल्कि सहयोग-शांति-सौहार्द से मिलेगा। उन्होंने विकासशील देशों की पीड़ा और युद्ध से उत्पन्न आर्थिक संकट को सामने रखकर यह स्पष्ट किया कि युद्ध का खामियाजा गरीब और छोटे देशों को सबसे ज्यादा भुगतना पड़ता है। आज की दुनिया में हथियारों की होड़ और सामरिक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। युद्ध केवल मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि तकनीकी, साइबर और आर्थिक क्षेत्रों में भी लड़े जा रहे हैं। ऐसे समय में भारत की अहिंसा और अयुद्ध की नीति मानवता के लिए प्रकाशस्तंभ का काम कर रही है।

भारत का इतिहास शांति और अहिंसा का इतिहास है। भगवान महावीर ने अहिंसा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा-"अहिंसा परमो धर्मः"। गौतम बुद्ध ने करुणा और मैत्री का संदेश दिया और पूरी एशिया भूमि को 'शांति क्षेत्र' बनाने की दृष्टि दी। महात्मा गांधी ने इसी परंपरा को आधुनिक राजनीति में रूपांतरित किया। उन्होंने दिखाया कि सत्य और अहिंसा के आधार पर साम्राज्यवाद जैसी शक्तिशाली सत्ता को भी परास्त किया जा सकता है। भारत की आत्मा में यह विश्वास गहराई से निहित है कि हिंसा केवल विनाश लाती है और शांति ही स्थायी समाधान है। इसी विरासत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पुनर्जीवित किया है। 2022 में जब रूस-यूक्रेन युद्ध तेज हुआ, तब संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और ब्रिक्स जैसे मंचों पर मोदी ने दृढ़ता से कहा-'आज का समय युद्ध का नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और सहयोग का है।' भारत ने इस सत्य को समय रहते समझा और दुनिया को यह संदेश दिया कि 'शांति ही भविष्य है, युद्ध नहीं।' इसे आधुनिक कूटनीति में उतारकर यह साबित किया है कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है।

स्वतंत्रता के बाद भारत ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में गुटनिरपेक्ष नीति अपनाई। शीत युद्ध के समय जब दुनिया अमेरिका और सोवियत संघ के दो खेमों में बंटी हुई थी, तब भारत ने यह साहस दिखाया कि वह किसी एक महाशक्ति का पिछलग्गू नहीं बनेगा। पंडित जवाहरलाल नेहरू, युगोस्लाविया के राष्ट्रपति टिटो और मिस्र के राष्ट्रपति नासिर ने मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी। इसका उद्देश्य था-दुनिया के देशों को युद्ध की राजनीति से दूर रखना और शांति व सहयोग की नई राह खोलना। भारत की अहिंसा की नीति कहती है कि स्थायी समाधान केवल शांति और संवाद में है। अयुद्ध की नीति कहती है कि किसी भी गुट का पिछलग्गू बने बिना स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना ही असली ताकत है। भारत ने दिखाया है कि यह नीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि व्यावहारिक कूटनीति भी है। जब पूरी दुनिया किसी एक पक्ष में बंट रही हो, तब भारत जैसे देश का संतुलित रुख ही शांति की संभावना को जीवित रख सकता है।

आज, जब रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देश और रूस आमने-सामने खड़े हैं, भारत ने उसी गुटनिरपेक्ष दृष्टिकोण को अपनाया है। भारत न तो रूस के पक्ष में खड़ा हुआ है और न ही अंधाधुंध रूप से पश्चिम का समर्थन कर रहा है। उसने संवाद और कूटनीति को ही एकमात्र रास्ता बताया है। यही भारत की 'अयुद्ध नीति' है-जहां किसी से शत्रुता नहीं, बल्कि सबके साथ संतुलित संबंध रखकर शांति के लिए काम करना है। भारत ने अमेरिकी और यूरोपीय दबाव के बावजूद कभी भी केवल एक पक्ष का समर्थन नहीं किया। यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। अमेरिका और पश्चिमी देश चाहते थे कि भारत खुले रूप से रूस की निंदा करे और उस पर प्रतिबंध लगाए। किंतु भारत ने साफ कहा कि उसका दृष्टिकोण 'तटस्थ' ही नहीं, बल्कि 'शांति-उन्मुख' है। भारत का लक्ष्य किसी के खिलाफ खड़ा होना नहीं, बल्कि सबको शांति की राह पर लाना है। यही कारण है कि रूस और यूक्रेन, दोनों भारत पर भरोसा करते हैं। दोनों मानते हैं कि भारत बिना पूर्वाग्रह के समाधान का मार्ग खोज सकता है।

## इतिहास में आज का दिन

विश्व इतिहास की हर तारीख अपने भीतर अनेक घटनाओं, उपलब्धियों और संघर्षों का साक्षी बनकर जीवित रहती है। 24 अगस्त का दिन भी ऐसा ही है, जिसने कभी प्राकृतिक आपदा के रूप में मानव सभ्यता को हिलाकर रख दिया, तो कभी राजनीति और युद्धों की दिशा बदल दी।

कहीं इस दिन नए आविष्कारों ने मानवता को आगे बढ़ाया, तो कहीं समाज ने कठिन सबक सीखे। 24 अगस्त 79 ईस्वी का दिन इतिहास में सदा के लिए दर्ज है, जब इटली में स्थित विसुवियस ज्वालामुखी भयानक रूप से फट पड़ा। इस विस्फोट ने पोम्पेई और हरकुलेनियम जैसे समृद्ध रोमन नगरों को पलभर में राख और लावा के नीचे दफना दिया।

हजारों लोग जिंदा जल गए और सभ्यता का एक चमकदार अध्याय अचानक समाप्त हो गया। यह घटना आज भी मानवता को यह याद दिलाती है कि प्रकृति के सामने मनुष्य कितना असहाय है। पुरातत्वविदों ने बाद में इन नगरों की खुदाई कर वहां के जीवन की तस्वीरें सामने रखीं, जो रोमन साम्राज्य की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक व्यवस्था का अमूल्य प्रमाण हैं। यूरोप के राजनीतिक इतिहास में 24 अगस्त 1572 को घटित सेंट बार्थोलोम्यू दिवस नरसंहार एक काला अध्याय है। फ्रांस में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट समुदायों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। इसी तनाव ने उस रात खूनी रूप ले लिया, जब हजारों प्रोटेस्टेंट ह्यूगोनॉट्स को योजनाबद्ध तरीके से मार डाला गया। यह नरसंहार धार्मिक असहिष्णुता की भयावहता का प्रतीक है और यह दिखाता है कि सत्ता और धर्म के मेल से कैसे निर्दोष लोगों का खून बहाया गया। 24 अगस्त 1814 का दिन अमेरिका के इतिहास में भी गहरी चोट छोड़ गया।

उसी दिन ब्रिटिश सेना ने वॉशिंगटन डीसी पर हमला कर व्हाइट हाउस और कैपिटोल भवन को आग के हवाले कर दिया। यह घटना अमेरिका और ब्रिटेन के बीच 1812 के युद्ध का निर्णायक मोड़ बनी। उस समय की प्रथम महिला डॉली मैडिसन ने साहस दिखाते हुए राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन की विशाल पेंटिंग को आग से बचाया। इस घटना ने अमेरिकी जनता के मनोबल को चोट पहुंचाई, लेकिन साथ ही एकजुट होकर अपने राष्ट्र को पुनर्निर्मित करने का संकल्प भी दिया। विज्ञान और अन्वेषण की दृष्टि से भी 24 अगस्त का स्थान महत्वपूर्ण है। 1875 में इंग्लैंड में कैप्टन मैथ्यू वेब ने इतिहास रचते हुए इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।

यह उपलब्धि मानव धैर्य और संकल्प का प्रतीक बनी। इसी तरह, 24 अगस्त 2006 को अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ ने प्लूटो को ग्रह की श्रेणी से हटा दिया और उसे "बौना ग्रह" घोषित किया। यह निर्णय विज्ञान की बदलती समझ और निरंतर खोज की प्रक्रिया का द्योतक है। बच्चों की किताबों में वर्षों तक पढ़ाया जाने वाला सौर मंडल उसी दिन बदल गया और पृथ्वीवासियों की कल्पना में एक नया सवाल खड़ा हो गया। 24 अगस्त 1931 को फ्रांस के पेरिस में जॉर्जेस साइमेनॉन की लोकप्रिय जासूसी उपन्यास श्रृंखला के पात्र कमीश्नर माईग्रे का पहला उपन्यास प्रकाशित हुआ। यह साहित्यिक उपलब्धि यूरोपीय संस्कृति में जासूसी साहित्य को नया आयाम देने वाली साबित हुई। इसी तारीख को 1991 में यूक्रेन ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की।

यह शीतयुद्ध के अंत की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक थी, जिसने यूरोप और विश्व की राजनीति का नक्शा बदल दिया। आज भी यूक्रेन की स्वतंत्रता 24 अगस्त को ही राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारत के संदर्भ में भी यह दिन अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण है। 24 अगस्त 1608 को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का पहला जहाज "हेक्टर" सूरत के बंदरगाह पर पहुंचा था।

हालांकि औपचारिक तौर पर यह तारीख अक्सर 24 अगस्त से जोड़ी जाती है, इसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव रखी। धीरे-धीरे व्यापारिक समझौते सत्ता के विस्तार में बदल गए और उपमहाद्वीप ने लगभग दो सौ वर्षों की गुलामी का युग देखा।

## समसामयिक



डॉ. सुरेश गर्ग

## वोट का अधिकार मुद्दा- एक चुनौती

वोट प्रजातंत्र की आत्मा है! संबंधित देश की जीवंतता का प्रतीक! वरना निरंकुश सामंती व्यवस्था में 19वीं-20वीं सदी में हिटलर ,मुसोलिनी, स्टॉलिन...का राज देखा गया है! इसीलिए विगत तीन सदियों से मानवअधिकारों के अंतर्गत प्रजातंत्र को ही सर्वोत्तम मानकर अपनाया जा रहा है। भारत में निखालिस प्रजातंत्र नहीं बल्कि उसकी कमजोरियों एवं दुष्प्रभावों को कम करने के लिए गणतांत्रिक व्यवस्था है! जबकि यू.के. में आज भी राजा-रानी सर्वोच्च माने जाते हैं! अमेरिका गणतंत्रिक देश है, परन्तु वह समृद्धि एवं सैन्यबल के घमंड में निरंकुश सामंत की तरह व्यवहार करने से नहीं चूक रहा! गणतंत्र में प्रजातंत्र में हो सकने वाली विकृतियों एवं ज्यादतियों पर अंकुश बनाये रखने के लिए कई स्वायत्त संस्थाएं एवं आयोगों का प्रावधान होता है। भारत में उनमें एक सबसे महत्वपूर्ण चुनाव आयोग है। इसीलिए 26जनवरी 1950 को देश में गणतंत्र लागू करने के पहले 25जनवरी को भारत का संविधान पारित किया गया। अभी तक इसके अंदर 129 संसोधन हो जाने के बाद भी उसकी मूल आत्मा से कोई सत्ता छेड़छाड़ नहीं कर सकी है। लेकिन विगत कुछ बरसों से संविधान को चुनावी मुद्दा बनाकर आमजनता के बीच कई प्रश्न खड़े किये जाने का प्रयास किया गया है। और अब 'वोट के अधिकार' को लेकर विपक्ष जिस प्रकार सड़कों पर उतरा है, उससे जनता में एक डर और कई शंकाएँ पैदा हो रही हैं। ऐसी परिस्थिति में समय पर सच सामने नहीं आने पर, आमजनता के बीच अंदर-ही-अंदर एक अदृश्य अविश्वास एवं असंतोष की लहर पैदा हो जाती है। हर संस्था और व्यक्ति गलत नजर आने लगता है। वर्तमान में कुछ ऐसा ही माहौल है। अभी तक राजनीतिक मुद्दे जनता की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े या राष्ट्रवाद अथवा धर्म-संस्कृति और जाति-बिरादरी को लेकर हुआ करते थे, जिनके बीच लाभार्थी योजनाओं का सम्मोहन पैदा करके चुनावी जंग पार करली जाती थी। परन्तु पचहत्तर वर्ष में अब हर नागरिक स्थानीय पंचायत आदि के चुनाव में अपने एक वोट की कीमत समझने लगा है। ऐसे में यदि उसे यह महसूस करा दिया जाये कि उसका वोट का अधिकार सुरक्षित नहीं है तो वह उत्तेजित होये बिना नहीं रह सकता! विपक्ष जब से 'वोट के अधिकार' को लेकर सड़क पर है, तब से जनता के मन में संदेह का धुंध उठता नज़र आता है! जिसमें यह जानना कि सच क्या है, असंभव-सा लगता है। वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक व्यवस्था देखकर ऐसा लगता है जैसे दो हज़ार वर्ष पहले 'प्लेटो' ने प्रजातंत्र के लिए जो कहा था-"लोकतंत्र तानाशाहों एवं जनोन्मादियों को सत्ता में लाने का जोखिम उठाता है" वह सच साबित हो रहा है! वरना अभी तक भारतीय गणतंत्र उसके कथन को गलत साबित करता हुआ खुशहाली की ओर बढ़ रहा था। (केवल आपातकाल को छोड़कर) एक समय नेताओं की नैतिकता इतनी उच्च थी कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी बाजपेयी ने मात्र एक वोट की हार पर तुरन्त सत्ता छोड़ दी थी, जब कि आज साम दाम दण्ड भेद द्वारा सत्ता गिराओ-बनाओ खेल को आदर्श चाणक्य नीति कह कर महिमामंडित किया जा रहा है। आज बिहार में शुद्धिकरण के नाम पर लाखों नागरिकों के वोट के अधिकार पर जिस प्रकार प्रश्न खड़े किये जा रहे हैं, वह चिंता का विषय होना चाहिए! क्योंकि आज़ादी के नाम पर आमजनता को अनेक कुर्बानियों के बाद मुख्यरूप से जो मिला था, वह उसका वोट था, वरना हलुआ-मलाई एक विशेष वर्ग ने ही चटकारे हैं। यह सब जानते समझते हुए जनता चुप रही, क्योंकि सत्ता तक पहुँचने के लिए बड़े से बड़े नेता को एक दिन भिखारी की तरह उसके सामने आना होता है! हमें संविधान सभा खासकर बाबा साहेब अंबेडकर का कृतज्ञ होना चाहिए कि उन्होंने बिना किसी वर्ग-वर्ण-लिंग-मजहब के भेदभाव के सबको संविधान के अंदर बराबर से वोट का ही नहीं, सत्ता के सर्वोच्च शिखर तक पहुँचने का अधिकार सुरक्षित किया। जबकि यू. के. में सभी महिलाओं को सैंकड़ों बरसों तक लड़ाई लड़ने के बाद बमुश्किल 1928 में यह अधिकार मिला। फ्रांस में तो महिलाएँ 1944-45 में पुरुषों के बराबर वोट का अधिकार पा सकीं। अत: 'वोट के अधिकार' का मुद्दा आमजनता की भावनाओं एवं अस्मिता से जुड़ा है, इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए! यह 'अन्ना' और 'जे पी' आंदोलन की तरह प्रभावी हो सकता है! क्योंकि अभी तक जब भी सत्ता परिवर्तन हुए हैं वे भावनात्मक मुद्दों में जनता को भ्रमित एवं सम्मोहित करके ही हुए हैं।

# संयुक्त परिवार खत्म हो रहे है और बुजुर्गों के लिए जगह कम होती जा रही है

विजय गर्ग

कुछ लगे समय पहले अयोध्या में दिल दहला देने वाली एक घटना ने भारत में बुजुर्गों की हो रही दुर्दशा सामने रख दी है। कैंसर से पीड़ित बुजुर्ग महिला को उसके ही परिजन रात के अंधेरे में ई-रिक्शा में लाद कर सड़क किनारे छोड़ गए। महिला इतनी लाचार थी कि न तो बोल सकती थी और न ही चल सकती थी। यह पूरी घटना पास सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे पता चलता है कि किस तरह एक असहाय महिला को सड़क पर छोड़ दिया गया। बाद में उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। यह कोई अकेली घटना नहीं है। हमारे समाज में बुजुगों के प्रति बढ़ती उपेक्षा और अमानवीयता की एक ऐसी परत है, जिसकी तह में हम नहीं जाते और अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। पारिवारिक मूल्य जो हमें बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाते थे, अब किताबों और रीति-रिवाजों तक ही सीमित रह गए हैं। आज के समय में व्यक्तिवाद अपने चरम पर है और जीवन की गति तीव्र हो गई है, ऐसे में बुजुर्गों की देखभाल को अतिरिक्त जिम्मेदारी या बोझ के रूप में देखा जाता है।

हम ऐसे युग में जी रहे हैं जहां परंपराएं और आधुनिकता आपस में टकरा रही हैं। संयुक्त परिवार धीरे-धीरे खत्म हो रहे है। उसकी जगह ल की संस्कृति ले रही है, जिसमें बुजुर्गों के लिए जगह कम होती जा है। आर्थिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत उपलब्धियों की ओर अग्रसर आज की पीढ़ी के लिए समय की कमी और सामाजिक प्रतिबद्धताओं की सीमाएं बुजुर्गों की देखभाल को बोझ बना रही हैं। भारत में बुजुगों की जनसांख्यिकी स्थिति भी सामाजिक चुनौती बन रही है। इस समय भारत में 160 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 15 करोड़ तीस लाख लोग हैं और अनुमान कि 2050 तक यह संख्या 34 करोड़ सत्तर लाख तक पहुंच सकती है। वर्ष 2031 तक बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का लगभग 20.1 फीसद तक पहुंचने की संभावना है, जिससे हमारे सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे पर भारी दबाव पड़ सकता है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रपट भी यही संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ेगा, बल्कि सामाजिक सुरक्षा प्रणालियां और पारिवारिक संरचनाएं भी इस बदलाव से गहराई से प्रभावित होंगी। देश के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों, खासकर केरल और तमिलनाडु में बुजुर्गों का अनुपात सबसे ज्यादा है, जो दर्शाता है कि इन क्षेत्रों को इस जनसांख्यिकीय बदलाव से निपटने के लिए जल्द से जल्द और प्रभावी रणनीति अपनानी होंगी। स्पष्ट है कि भारत बहुत समय तक युवा राष्ट्र नहीं रह पाएगा। ऐसे में हमारी नीतियों और नजरिए बदलाव जरूरी लेकिन जनसंख्या वृद्धि ही एकमात्र चिंता का विषय नहीं है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार और उपेक्षा की समस्या भी भारत में एक गहरे संकट के रूप में उभर रही है। कई अध्ययनों से पता चला है कि घर के अंदर बुजुर्गों की उपेक्षा की दर 47.5 फीसद है, जबकि घर के बाहर यह आंकड़ा 32 फीसद तक पहुंच जाता है।

वर्ष 2022 में 22 शहरों में किए गए एक अध्ययन में 35 फीसद बुजुर्गों ने कहा कि उनके बेटों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया, 21 फीसद ने बहुओं को दोषी ठहराया, जबकि दो फीसद ने बाहरी सहायकों को दोषी ठहराया। ये आंकड़े बताते हैं कि वृद्ध जनों की सबसे अधिक उपेक्षा उन्हीं लोगों द्वारा की जा रही है, जिनसे उन्हें सबसे अधिक सुरक्षा और स्नेह की अपेक्षा होती है। महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय है। पुरुषों की तुलना में वे मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक शोषण का अधिक शिकार होती हैं, खासकर विधवा होने पर जब उनकी सामाजिक और पारिवारिक स्थिति और भी कमजोर हो जाती है।

सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता और पहुंच भी बेहद सीमित है। वृद्धावस्था पेंशन योजना के बारे में केवल 55 फीसद, विधवा पेंशन योजना के बारे में 44 फीसद और अन्नपूर्णा योजना के बारे में केवल 12 फीसद बुजुर्गों को ही जानकारी है। ये आंकड़े न केवल नीति निर्माण में खामियों की ओर इशारा करते हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि जागरूकता और क्रियान्वयन स्तर पर हम कितने पीछे हैं। ग्रामीण भारत में स्थिति औ भी भयावह है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नगण्य है और सामाजिक सुरक्षा तंत्र लगभग नदारद है। बुजुर्गों की इस स्थिति का मूल कारण केवल आर्थिक या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं ही नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ढांचे में आ रहे बदलाव भी हैं। संयुक्त परिवार जो कभी सामाजिक सुरक्षा की गारंटी हुआ करते थे, आज बिखर चुके हैं। शहरीकरण और वैश्वीकरण के दौर में युवा बेहतर जीवन की तलाश में शहरों और विदेशों का रुख कर रहे हैं, जिससे बुजुर्ग गांवों या छोटे शहरों में अकेले रह जाते हैं।

मध्यम वर्गीय परिवारों को पहले बुजुगों की देखभाल का सबसे मजबूत आधार माना जाता था, अब ये खुद आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। इलाज, देखभाल और पुनर्वास की बढ़ती लागत उन्हें लाचार बना रही है। महिलाओं की बढ़ती कार्य भागीदारी ने पारंपरिक देखभाल चुनौती दी दी है। । पहले महिलाएं घर पर र बुजुगों की देखभाल करती थीं, लेकिन आज उनके पास समय का अभाव है। संपत्ति और उत्तराधिकार को लेकर पारिवारिक विवाद भी बुजुर्गों के लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा करते हैं। इन तमाम जटिलताओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य ऐसा विषय है, जिस पर न तो समाज खुल कर बात करता है और न ही सरकार पर्याप्त ध्यान देती है। अवसाद, अकेलापन, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसे मुद्दे बुजुगों की मूक पीड़ा को और गहरा करते हैं। कई बुजुर्ग अपनी पीड़ा नहीं बताते, क्योंकि उन्हें लगता है कि समाज में उनकी कोई आवाज नहीं है। चुप्पी तब एक सामाजिक अपराध में बदल जाती है, जब उनकी उपेक्षा को सामान्य मान लिया जाता है।

इसका समाधान सिर्फ सरकारी नीतियों से नहीं निकलेगा। इसके लिए एक समग्र, बहुआयामी और संवेदनशील दृष्टिकोण की आवश्यकता है। वृद्ध जनों के लिए राष्ट्रीय नीति का न केवल प्रभावी क्रियान्वयन हो, बल्कि समय पर उसमें संशोधन भी किया जाए ताकि वह वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप हो। सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अभियान चला कर सामाजिक सोच में आवश्यक बदलाव लाया जा सकता है। निजी क्षेत्र और गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी से वृद्ध आश्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है और देखभाल के ऐसे तरीके विकसित किए जा सकते हैं जो पारंपरिक और आधुनिक मूल्यों के बीच संतुलन बना सकें

वृद्ध जनों के साथ दुर्व्यवहार के मामलों में त्वरित न्याय होना चाहिए ताकि समाज को यह स्पष्ट संदेश मिल सके कि उनकी उपेक्षा और शोषण किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। परिवारों और समुदाय ऐसी संरचनाएं विकसित की जानी चाहिए जो वृद्ध जनों को सम्मानजनक जीवन जीने में सक्षम बना सकें। यदि हम वास्तव में एक विकसित राष्ट्र बनना चाहते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा विकास समावेशी हो। कोई भी बुजुर्ग असहाय, अकेला और उपेक्षित न रहे।

खबरें फटाफट

## बाउन्ड्रीवॉल गिरने संबंधी घटना का जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान



कानपुर देहात प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम बेहटा तहसील मैथा जनपद कानपुर देहात में पेयजल योजना के अन्तर्गत बनायी गयी बाउन्ड्रीवॉल के दिनांक 25.08.2025 को गिर जाने से उसमें दबकर एक व्यक्ति मुबारक अली पुत्र शखावत अली निवासी ग्राम बेहटा उम्र लगभग 65 वर्ष की मृत्यु संबंधी घटना का जिलाधिकारी कपिल सिंह के द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा यह अत्यन्त गम्भीर प्रकरण है। जिलाधिकारी ने बाउन्ड्रीवॉल के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जॉच हेतु टीम गठित की है।टीम में उप जिलाधिकारी, मैथा,अधिशासी अभियन्ता, लो०नि०वि०, प्रा०ख०,अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड नबीपुर, हैं। गठित जॉच टीम को निर्देशित किया जाता है कि स्थलीय एवं अभिलेखीय (ESTIMATE आदि) का परीक्षण एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण कर बनायी गयी बाउन्ड्रीवॉल में प्रयुक्त सामग्री का नमूना एकत्र कर जॉच कराते हुए तथा बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार किया गया अथवा नहीं की भी जाँच करें। यदि निर्माण कार्य में कोई लापरवाही की गयी है तो कारणों की जॉच सहित दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये अपनी सुस्पष्ट आख्या 48 घण्टें के अन्दर उपलब्ध करायेंगे।

## राज्य स्तर पर आयोजित होगा गंगा सम्मान समारोह

कानपुर देहात जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन व प्रभागीय वनाधिकारी अजय पाण्डेय के मार्गदर्शन में में जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति विवेक कुमार सैनी ने अवगत कराया कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन को प्रोत्साहित करने हेतु *गंगा सम्मान पुरस्कार–2025* का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्रदेश के प्रत्येक जनपद से जिला गंगा समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपयुक्त नामांकन उपलब्ध कराएं। गंगा सम्मान पुरस्कार का उद्देश्य नदियों की स्वच्छता व संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों को सम्मानित करना है। इसके अंतर्गत आठ श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे—श्रेष्ठ स्वयंसेवी संगठन, श्रेष्ठ पर्यावरणविद्, श्रेष्ठ शैक्षिक संस्था, श्रेष्ठ ग्राम प्रधान, श्रेष्ठ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, छोटी नदियों के पुनर्जीवन हेतु प्रयास, श्रेष्ठ जिला गंगा समिति तथा श्रेष्ठ जिला परियोजना अधिकारी (DPO)। नामांकन हेतु संबंधित संस्थाओं/व्यक्तियों को संक्षिप्त विवरण (50–100 शब्द), किए गए कार्यों का दस्तावेज, फोटोग्राफ, मीडिया रिपोर्ट तथा प्रमाण संलग्न कर जिला गंगा समिति को प्रस्तुत करना होगा। प्रत्येक श्रेणी में केवल एक नामांकन स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित मूल्यांकन मानदंडों में नेतृत्व क्षमता, जनजागरूकता, नवाचार, सामुदायिक सहभागिता, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, तथा विभागीय समन्वय आदि को प्रमुख आधार बनाया गया है।



## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271



मेष : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

वृष : अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

मिथुन : अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

कर्क : दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

सिंह : चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कन्या : निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

तुला : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

वृश्चिक : संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

धनु : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्घ होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

मकर : मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

कुम्भ : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

मीन : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

# नॉर्थ सेंट्रल रेलवे इंप्लाईज संघ शाखा के पदाधिकारियों द्वारा मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**



कानपुर,नॉर्थ सेंट्रल रेलवे इंप्लाईज संघ शाखा इलेक्ट्रिक लोको शेड टी एम शाप कानपुर द्वारा संगठन आन्दोलन की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए एवं कर्मचारियों में व्याप्त रोष को देखते हुए उनकी मांगों को लेकर पांच दिवसीय प्रदर्शन संघ शाखा द्वारा विधुत लोको शेड के मुख्य द्वार पर यूनियन एक्टिविटी के नियमानुसार धरना प्रदर्शन एवं जुलुस के माध्यम से संगठन द्वारा विरोध किया गया जिसमें संघ के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि विधुत लोको शेड कानपुर में कर्मचारियों की निरंतर बढ़ती ज्वलंतशील समस्याओं को लेकर 34 सूत्रीय मांगों को लेकर संघ शाखा के द्वारा निरंतर मौखिक एवं लिखित रुप से अवगत कराया गया था जिसमें संघ शाखा के द्वारा 12 अगस्त 2025 से सात कार्य दिवस के समय देकर यह मांग किया गया था कि यदि इन सात कार्य दिवस के भीतर आपके द्वारा संघ शाखा को चौतीस सूत्रीय मांगों को लेकर वार्ता हेतु नहीं बुलाया जाता है तो फिर संघ शाखा को विवश होकर 19 अगस्त 2025 से पाँच कार्य दिवस तक भोजनावकाश के समय दोपहर 12 बजे से शेड परिसर में धरना एवं प्रदर्शन करना पड़ा परन्तु दिये गये समयावधि में आपके द्वारा कर्मचारियों की 34 सूत्रीय मांगों को लेकर वार्ता हेतु नहीं बुलाया गया जिस कारण संघ शाखा के द्वारा 19 अगस्त 2025 से 23 अगस्त 2025 तक पांच दिवसीय बैठक एवं प्रदर्शन किया पदाधिकारियों ने बताया कि पुनः शाखा के द्वारा अवगत कराया जाता है कि 23 अगस्त 2025 से 30 अगस्त 2025 तक पांच दिनों में कर्मचारियों की मांगों से सम्बन्धित 34 सूत्रीय मांग पत्र के संबंध में शाखा को वार्ता हेतु नहीं बुलाया गया जिस कारण यह स्पष्ट होता है कि आप कर्तव्यों के प्रति एवं अपने कर्मचारियों के प्रति लापरवाह है संध द्वारा बताया गया कि मगर मांगों को नहीं माना गया तो विशाल आंदोलन की तैयारी की जाएगी। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह,प्रयागराज मंडल मंत्री चंदन कुमार सिंह,संयुक्त मंडल मंत्री गोविंद रंजन,सहायक मंडल मंत्री एस रामाराव,सहायक मंडल मंत्री दिवाकर शुक्ला,प्रकाश सहित समस्त शाखा अध्यक्ष व शाखा पदाधिकारी मौजूद रहें।

38 सेकेंड के इस वीडियो में दिशा अपनी बालकनी में रोती हुई दिख रही है। वहीं देवर ऋषभ उसका हाथ पकड़ कर खींच रहा है और कह रहा कि अंदर चलो अब कोई नहीं मारेगा, जबकि उसका पति और सास पीछे खड़े हुए है।

सास आशा देवी बालकनी का गेट बंद कर लेती हैं, जिसके बाद दिशा की चीखें घर के बाहर तक सुनाई देती हैं। कुछ देर बाद चीखें बंद हो जाती हैं।

# कंपनी सचिव जून 2025 सत्र की प्रोफेशनल एवं एग्जीक्यूटिव परीक्षाओं का परिणाम हुआ घोषित



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर,इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (ICSI) ने कंपनी सचिव जून 2025 सत्र की प्रोफेशनल एवं एग्जीक्यूटिव परीक्षाओं का परिणाम 25 अगस्त को घोषित किया। कानपुर चैप्टर के वाइस चेयरमैन सीएस आशीष बंसल ने बताया कि शहर का परिणाम संतोषजनक रहा। प्रोफेशनल प्रोग्राम (पाठ्यक्रम 2017) में 84 में से 32 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं प्रोफेशनल प्रोग्राम (पाठ्यक्रम 2022) में 183 में से 49 विद्यार्थी सफल रहे,जिसमें सिटी टॉपर ऐश्वर्या जमनानी रहीं। एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (पाठ्यक्रम 2022) में 464 में से 78 विद्यार्थी पास हुए, जिनमें दिव्यांशी व वंशिका विश्वकर्मा सिटी टॉपर्स रहीं।

पूर्व चेयरमैन सीएस वैभव अग्निहोत्री ने बताया कि अगली परीक्षाएं 22 से 29 दिसंबर 2025 तक आयोजित होंगी जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया 26 अगस्त से शुरू होगी।

# विश्नोई समाज ने वार्षिक कार्यक्रम धूम-धाम से मनाया




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर,विश्नोई समाज का वार्षिक कार्यक्रम भादों की अमावस्या को सर्वप्रथम बिश्नोई धर्म स्थापित करने वाले गुरु जंभेश्वर महाराज जी के चित्र पर फूल माला अर्पित किया गया एवं कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सलिल बिश्नोई विधायक एमएलसी एवं संरक्षक एवं विश्नोई सेवा समिति (रजि०) कानपुर के अध्यक्ष अविनाश बिश्नोई द्वारा गुरु जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया तथा बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम को महामंत्री अमित चंद्र बिश्नोई ने सराहा। साथ ही समाज के वरिष्ठ नागरिको को सम्मानित किया गया तथा शिक्षा में हाई स्कूल एवं इंटर के अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 41 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। शिवन्या गुप्ता,साक्षी गुप्ता ने गणेश वंदना और नृत्य प्रस्तुत किया। अनन्या बिश्नोई,यशी विश्नोई ने नृत्य की प्रस्तुति दी। समारोह का संचालन विवेक बिश्नोई द्वारा किया गया। समारोह में अध्यक्ष अविनाश बिश्नोई,महामंत्री अमित चंद्र बिश्नोई,कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक संदीप गुप्ता,राहुल बिश्नोई,मनोज बिश्नोई बंटू,दीप कुमार गुप्ता,लक्ष्मीकांत बिश्नोई,अनूप कुमार गुप्ता,ममता गुप्ता,प्रेमनाथ बिश्नोई, सुरेंद्र कुमार गुप्ता,आशीष गुप्ता,आलोक कुमार गुप्ता,अश्विनी गुप्ता,अनुराग बिश्नोई,प्रतिभा गुप्ता,रोहित बिश्नोई आदि समाज के गणमान्य बिश्नोई बंधु उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद अन्नू टंडन को उत्कृष्ट समाज सेविका रत्न से किया गया सम्मानित

### सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के क्षेत्रीय ब्राह्मण समागम समारोह में उमड़ा जनसमूह

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




सर्व ब्राह्मण विकास परिषद कानपुर के किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र का क्षेत्रीय ब्राह्मण समागम समारोह बर्रा 2 कानपुर में प्रदेश अध्यक्ष पं कौशल किशोर अवस्थी की अध्यक्षता में हुआ। समारोह का उद्घाटन पूर्व सांसद अन्नू टंडन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पं कमल किशोर अवस्थी ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्रीमती अन्नू टंडन ने कहा ब्राह्मण समाज की रीढ़ की हड्डी है ब्राह्मण सदैव समाज के उत्थान का कार्य किया है ब्राह्मणो ने समाज को नई दिशा दी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष पं कमल किशोर अवस्थी ने कहा ब्राह्मणों को राजनैतिक मोह छोड़ना होगा तभी ब्राह्मणों का उत्थान होगा ब्राह्मण सदैव देश का नेतृत्व करता रहा है परन्तु आज राजनैतिक क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा है। पूर्व सांसद अन्नू टंडन को उत्कृष्ट समाज सेविका रत्न से सम्मानित किया गया। समारोह में कौशल किशोर अवस्थी, संजीव मिश्रा, संजय अवस्थी,सोनू पाण्डेय, डा आर एन द्विवेदी, शैलेन्द्र तिवारी , अनिल पांडेय, शशीकान्ता अवस्थी,नीतू मिश्रा पूर्व पार्षद,रिचा झा, साधना द्विवेदी,डा स्मृति मिश्रा, निधि पाण्डेय , पूनम मिश्रा, आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

## कमर्शियल वाहनों में कॉलर कोडेड स्टिकर लगवाना हुआ अनिवार्य

कानपुर। उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने प्रदेश भर में चलने वाले सभी कमर्शियल वाहनों में कलर कोडेड स्टीकर ( थर्ड रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगवाना अनिवार्य कर दिया है। अब अलग अलग प्रकार के कमर्शियल वाहनों पर अलग-अलग रंग का स्टीकर लगाना होगा।

संभागीय परिवहन विभाग के आरआई संतोष कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के क्रम में अब कमर्शियल वाहनो पर कलर कोडेड स्टिकर लगवाना अनिवार्य हो गया है। डीज़ल , पेट्रोल व सीएनजी के लिए अलग अलग रंग का स्टिकर लगाना होगा। साथ ही इस स्टिकर को ऑनलाइन बुक करके भी स्टिकर वाहन स्वामी लगवा सकता है। उन्होंने बताया कि इस कलर कोडेड स्टिकर को थर्ड रजिस्ट्रेशन प्लेट भी कहा जाता है।

## यूनाइटेड मर्केंटाइल कऑपरेटिव बैंक के 50 वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियां बताई




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर,यूनाइटेड मर्केंटाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के 50 वर्ष पूर्ण होने होटल विल्स में कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस अवसर पर आरसी वर्मा मुख्य कार्यकारी अधिकारी वाइस चेयरमैन पीसी अग्निहोत्री पुष्पेंद्र कटिहार चेयरमैन, अरविंद कुमार डायरेक्टर,बैंक की उपलब्धियां के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि बैंक के प्रबन्ध तंत्र के मार्गदर्शन तथा सम्मानित ग्राहकों व अन्य हितधारकों के विश्वास के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ मैं कर्मचारियों, अधिकारियों के कठिन परिश्रम की सराहना करता हूँ ।

जिनके सहयोग के बिना बैंक की प्रगति सम्भव नहीं थी आज से 50 वर्ष पूर्व दिनांक 25.08.1975 को इस नगरीय सहकारी बैंक की स्थापना श्रद्धेय स्व० बीडी सहाय ने कुछ गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर की थी तत्पश्चात उन्होंने बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्य किया उनकी सेवानिवृत्ति केपश्चात मुझे वर्ष 1988 में बैंक का मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ वर्तमान में बैंक 14 शाखाओं के माध्यम से कानपुर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों की सेवा कर रहा है हमारे लिए ग्राहकों का विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है जिसे बनाये रखना हमारी जिम्मेदारी है हमारी प्रगति का मूल आधार ग्राहक सेवा ही है ग्राहकों को बेहतर सेवायें प्रदान करना बैंक का ध्येय है बैंक में चालू खाते व बचत खाते तथा आकर्षक ब्याज दर पर विभिन्न सावधि जमा योजनाओं में धनराशि जमा करने की सुविधा है बैंक में ग्राहकों की जमा धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंकों की भांति भारतीय रिजर्व बैंक की अनुषंगिक इकाई, निक्षेप बीमा एवं प्रत्यय गारंटी द्वारा निर्धारित सीमा तक सुरक्षित है।

# पुलिस ने युवक की मां की शिकायत पर भाजपा नेता सर्वेश शुक्ला उर्फ बम बम के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### पुलिस ने युवक की मां की शिकायत पर भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



भाजपा नेता और अधिवक्ता सर्वेश शुक्ला ने सोशल मीडिया पर कटिया डालने का वीडियो वायरल होने के बाद एक युवक के घर पर जाकर उसे धमकाया। साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। दरअसल युवक ने भाजपा नेता का कटिया डालते हुए एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो को रीट्वीट किया था।

भाजपा नेता का युवक को धमकाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने युवक की मां की शिकायत पर भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

शास्त्री नगर निवासी अशोक राय की पत्नी साधना राय ने कुछ दिनों पहले इलाके में रहने वाले भाजपा नेता और अधिवक्ता सर्वेश शुक्ला उर्फ बम-बम का कटिया डालते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था, जिसे उनके बेटे गौरव ने एक्स पर री-ट्वीट किया था। आरोप है कि इस बात पर रंजिश मानकर बीते 20 अगस्त को सर्वेश शुक्ला उनके घर पहुंचे।

साथ ही बेटों को समझाने की बात कहने लगे। उनके दोनों बेटे को धमकाते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पहले मैने छेड़खानी के मुकदमे में जेल जाने से बचा लिया था। अबकी जेल जाने से बच नहीं पाओगे। पीड़िता ने बताया कि भाजपा नेता ने 2023 में भी बेटे पर छेड़खानी का झूठा मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने जांच के बाद उनके बेटों का नाम हटा दिया था। पीड़िता के मुताबिक भाजपा नेता ने क्षेत्र के जवाहर पार्क पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। वहीं इस मामले में सर्वेश शुक्ला उर्फ बम-बम का कहना है कि महिला के बेटे ने साथियों के साथ मिलकर एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान 2023 में किशोरी से छेड़खानी के विरोध में मारपीट की थी।

जिस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी उनसे रंजिश मानने लगे है। उन पर राजनैतिक द्वेष के कारण उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। काकादेव थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता अवध बिहारी यादव को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेजा

- कोर्ट के जरिए दर्ज कराते थे फर्जी मुकदमें, फिर होती थी उगाही
- श्यामनगर इलाके में मकान निर्माण पर वसूले थे एक लाख रुपए

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**



कानपुर। दीनू उपाध्याय और अखिलेश दुबे के साथ-साथ दोनों के सिंडिकेट से जुड़े एक दर्जन से ज्यादा अधिवक्ताओं पर रंगदारी, वसूली और जमीन कब्जाने के मामले दर्ज होने के बाद एक वरिष्ठ अधिवक्ता को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेजा है। बुजुर्ग अधिवक्ता कुछ वर्ष पहले तक शासकीय अधिवक्ता थे, लेकिन वकालत के पवित्र पेशे को ब्लैकमेलिंग के लिए इस्तेमाल करने के कारण कुख्यात थे। जेल भेजे गए अधिवक्ता का नाम अवध बिहारी यादव है, जोकि श्यामनगर के रामपुरम इलाके के बाशिंदे हैं। आरोप है कि, सहकारी आवास समिति का सचिव बनने के बाद अवध बिहारी आसपास की जमीनों पर मकान बनाने के एवज में खरीदारों से जबरन वसूली करते थे। इंकार की स्थिति में जरिए अदालत फर्जी मुकदमा दर्ज कराते थे, साथ ही जमीन को विवादित बनाकर निर्माण रुकवा देते थे।

वर्ष 1977 की बात है, रामसिंह कोरी ने अपनी मां ज्ञानकली की यादगार में ज्ञान सहकारी आवास समिति बनाकर दस बीघा में प्लाटिंग करना शुरू किया था। उस वक्त जमीनों की खरीद-फरोख्त लीज-डीड के आधार पर होती थी। संपूर्ण भूखंड के प्लाट बिकने के बाद रामसिंह ने कई वर्ष बाद उम्र बढ़ने पर करीब 20 साल पहले आवास समिति को अवधबिहारी यादव के जिम्मे सौंप दिया। अब किसी भी प्लाट को लीज-डीड से फ्री-होल्ड कराने के एवज में अवधबिहारी मोटी रकम वसूलने लगे। साथ ही आसपास की जमीनों पर सोसाइटी का स्वामित्व बताकर प्रत्येक निर्माण पर आपत्ति करने लगे। हालात यह थे कि, किसी भी समिति से जमीन खरीदने के बावजूद, निर्माण कराने पर अवधबिहारी को चढ़ावा देना होता था।

यूं तो ज्ञान सहकारी आवास समिति की ज्यादातर जमीन मौजा देहली सुजानपुर में बाईपास के कोयलानगर इलाके में आती थीं, लेकिन अवधबिहारी ने रामपुरम गेट के सामने सेना की जमीन से सटी भूमि (आराजी संख्या-916) में हिस्सा बताकर पूर्व एमएलसी लालसिंह तोमर की सोसाइटी –आनंदनगर हाउसिंग सोसाइटी से भूखंड खरीदने वालों से विवाद करना शुरू कर दिया।

### एक लाख वसूले, पांच लाख अतिरिक्त डिमांड

ऑपरेशन महाकाल के ऐलान के साथ अवधबिहारी यादव के खिलाफ शिकायतों का अंबार था। गोपाल नगर निवासी देवेंद्र सिंह ने तमाम साक्ष्यों के साथ एसआईटी को बताया कि, उन्होंने आनंदनगर हाउसिंग सोसाइटी से प्लाट खरीदा है, लेकिन एक लाख रुपए वसूलने के बावजूद अवधबिहारी यादव तथा उसका बेटा विशाल यादव और सहयोगी संजय कुमार पांच लाख रुपए अतिरिक्त मांग रहे हैं। चर्चा है कि, अवधबिहारी एंड टीम ने देवेंद्र सिंह के प्लाट के बगल में भूखंड खरीदने वाले सौरभ शुक्ला से भी लाखों रुपए वसूले हैं। देवेंद्र के मुताबिक, अवधबिहारी ने खुद को पूर्व डीजीसी बताते हुए धमकाया था कि, डिमांड पूरी नहीं हुई तो भूखंड को विवादित बनाने के साथ फर्जी मुकदमों में फंसाकर जेल भिजवा देगा।

# कृषकों को शामली व खतौली चीनी मिल का कराया गया भ्रमण

नेशनल एक्सप्रेस तहसील रिपोर्टर



ठाकुरद्वारा। त्रिवेणी चीनीमिल-रानीनांगल के द्वारा कृषकों को शामली एवं खतौली चीनी मिल का भ्रमण कराया गया। त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि०, शुगर यूनिट रानीनांगल द्वारा 50 किसानों को शामली एवं खतौली चीनी मिल के क्षेत्र में भ्रमण हेतु भेजा गया। भ्रमण का उद्देश्य कृषकों को नवीन तकनीक, उन्नत कृषि पद्धतियों तथा अधिक गन्ना उत्पादन की उच्च व्यवस्थाओं की जानकारी कराना था।

भ्रमण के दौरान चीनी मिल प्रबन्धन ने कृषकों को गन्नें का उत्पादन, गन्ना विकास संबंधी आधुनिक उपाय तथा प्रबन्धन की कार्यप्रणाली की बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा तकनीकि विशेषज्ञों द्वारा कृषकों के प्रश्नों का समाधान किया गया।उपाध्यक्ष वी० वेंकटस्थनम् कृषकों को संबोधित करते हुये भ्रमण को अत्यन्त उपयोगी बताया तथा प्राप्त जानकारी को कृषकगण खेती पर लागू कर गन्ना उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि करेंगे। इसी क्रम में महाप्रबंधक गन्ना टी०एस०यादव ने कृषकों को बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से कृषकों में जागरूकता बढ़ती है और गन्ना उत्पादन एवं गुणवत्ता में सुधार होता है। इसी दौरान जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद, राम किशन द्वारा कृषक अरविन्द सिंह ग्राम-मलकपुर सेमली को चीनी मिल द्वारा अनुदानित दर पर दिये जा रहे सब-सोइलर का वितरण किया गया एवं सब-सोइलर से होने वाले लाम के बारे में भी कृषकों को बताया। उपाध्यक्ष, वी० वेंकटस्थनम् एवं महाप्रबन्धक गन्ना टी०एस०यादव द्वारा झंडी दिखाकर बस को भ्रमण हेतु रवाना किया गया मौके पर उप महाप्रबन्धक मानव संसाधन एवं प्रशासन अखिलेश्वर उपाध्याय, उप महाप्रबंधक-गन्ना विकास, सुनील मलिक, उप महाप्रबंधक गन्ना विपणन, प्रभात कुमार सिंह एवं समस्त गन्ना विभाग के अधिकारी,कर्मचारी सहित डॉ० रामकुँवर सिंह, समरपाल सिंह, बलवीर सिंह, नवल सिंह, प्रदीप कुमार, भूप सिंह, राजपाल सिंह एवं विक्रम सिंह आदि कृषकगण मौजूद रहे।

# संगीत गायन में जेआर अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज अव्वल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद, । आर्य कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद में जनपद स्तरीय कला उत्सव के अंतर्गत संगीत (गायन) तथा (वादन) प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हुई। संगीत गायन (समूह गायन) में जेआर अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज अव्वल रहा। संगीत गायन (एकल) में गांधीनगर पब्लिक स्कूल की यति उप्पल, संगीत वादन (अवनद्ध वाद्य) में जेआर अग्रवाल की रिया सैनी और संगीत वादन (स्वर वाद्य) में गांधीनगर पब्लिक स्कूल के प्रख्यात गुप्ता अव्वल रहे।

प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ वंदना सक्सेना ने की संचालन रश्मि गुप्ता ने किया। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ संगीतकार आदर्श भटनागर और रागिनी कौशिक रहे। संगीत गायन (समूह गायन) में जेआर अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज अव्वल रहा, प्रभादेवी आदर्श इंटर कॉलेज दूसरे स्थान पर और आर्य कन्या इंटर कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। संगीत गायन (एकल) में गांधीनगर पब्लिक स्कूल की यति उप्पल, लक्ष्मी नारायण जगदीश शरण इंटर कॉलेज की कामाक्षी द्वितीय राजकीय इंटर कॉलेज के आयुष तीसरे स्थान पर रहे। संगीत वादन (अवनद्ध वाद्य) में जेआर अग्रवाल की रिया सैनी प्रथम कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज की सलोनी द्वितीय लक्ष्मी नारायण जगदीश शरण इंटर कॉलेज की कंचन पाल तृतीय स्थान पर रही। संगीत वादन (स्वर वाद्य) में गांधीनगर पब्लिक स्कूल के प्रख्यात गुप्ता प्रथम अनुष्का अग्रवाल द्वितीय आर कन्या इंटर कॉलेज की प्रियांशी शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।

# परिवार परामर्श केंद्र द्वारा विवादित दंपत्ति का कराया समझौता



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के 02 विवादित जोड़ा आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता एम. पी. यादव के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में सोमवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान 02 प्रार्थना पत्रों में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। पत्र में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

# बाइक से पटाखे छोड़ने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



ठाकुरद्वारा। कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई के दौरान पटाखे छोड़ने वाली साइलेंसर की बाइक छात्र-छात्राओं के लिए सर दर्द बनी हुई है। इस मामले में कोचिंग एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने कोतवाली पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित सक्सेना के नेतृत्व में पदाधिकारीयों ने कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ग्वाल से मिलकर शिकायत कि है कि जब कोचिंग सेंटर में कक्षाओं का संचालन शुरू होता है तभी कुछ बाइक वाले कोचिंग के सामनेपटाखे छोड़ते हुए तेजी से निकल जाते हैं जिससे कोचिंग का संचालन अवरोध हो जाता है और सभी विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ता है साथ ही इन बाइक पर कोई नंबर प्लेट नहीं होती है। आरोप है कि जब इन बाइक वालों को रोकने का प्रयास किया जाता है तो वह झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।एक दौरान शिकायत करने वालों में मनोज अजहर,प्रदीप चौहान,रवि वर्मा,संदीप गोला,अजीम खान,अभय शर्मा,शैलेंद्र चौहान आदि रहे।

## जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

ठाकुरद्वारा। जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली के ग्राम रघूनाथपुर में एक पक्ष के हरपाल सिंह और दूसरे पक्ष के मोनू सिंह के बीच सोमवार की सुबह घेर की जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों आमने-सामने आ गए गाली गलौच के बाद जमकर लाठी डंडे चले ,जिसमें कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को शिकायतीपत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है।

## खबरें फटाफट

### बैंकों के आसपास संदिग्ध वाहनों का किया चेकिंग

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### न्यायालय परिसर का भ्रमण कर प्रचलित अभिलेखों को किया चेक

मुरादाबाद। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशनुसार में क्षेत्राधिकारी कोतवाली मुरादाबाद द्वारा न्यायालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान अपराध नियंत्रण एवं कानून-शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों, प्रचलित अभिलेखों एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम की गहन जांच की गई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज




भोजपुर। ग्रामीण महिला ने भोजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को तहरीर देकर बताया सोमवार को सुबह समय करीव सात बजे घरेलू बातों को लेकर मेरे भाई मेहन्दी हसन व मेरे तहैरे भाई मोबिन पुत्र हासम ने मेरे साथ मारपीट कर गाली-गलौच की तथा मुझे जान से मारने की धमकी भी दे है। भोजपुर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

### बूढ़े बाबा की दूज के मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



ठाकुरद्वारा। नगर के मुरादाबाद मार्ग स्थित प्राचीन शिवमढ़ी मंदिर पर बूढ़े बाबा की दूज के मेले का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर झाड़ू और प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। सोमवार को नगर के काशीपुर मुरादाबाद रोड पर तेजस अस्पताल के सामने दूज का मेला आयोजित किया गया। जिसमें नगर के साथ ही देहात क्षेत्र के फौलादपुर ,गोपीवाला, सलेमपुर पीलकपुर गुमानी, कमलापुरी खालसा, फरीदनगर,नन्हूवाला आदि गांव से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद और झाड़ू चढ़ाकर मन्नत मांगी। इस दौरान बच्चों ने झूले, हिंडोल आदि का लुत्फ उठाया और खेल खिलौने की जमकर खरीदारी की। मेले में चाट पकौड़ी की दुकानों पर भी भारी भीड़ लगी रही। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं, प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया । महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# मुंढापांडे थाना प्रभारी मोहित कुमार बनाए गए, जनता से किया संवाद

## क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण और बेहतर कानून-व्यवस्था कायम होगी

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुंढापांडे। मुरादाबाद जनपद में पुलिस विभाग में फेरबदल किया गया है। मुंढापांडे थाना प्रभारी का चार्ज अब मोहित कुमार चौधरी को सौंपा गया है। चार्ज संभालते ही उन्होंने ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संदेश दिया। पुलिस विभाग में जिम्मेदारियों के फेरबदल के तहत मुंढापांडे थाना प्रभारी बनाए गए। मोहित कुमार चौधरी ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। चार्ज लेते ही उन्होंने जनता से संवाद स्थापित किया और कहा कि थाना का दरवाजा हमेशा आमजन की समस्याओं के लिए खुला रहेगा। उन्होंने साफ कहा कि ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाएगी तथा अपराध और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही पूर्व मुंढापांडे थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा को एसपी सतपाल अंतिल द्वारा सोनपुर थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। दूसरी ओर, बिलारी थाने में क्राइम इंस्पेक्टर के रूप में तैनात रहे मोहित कुमार चौधरी को इस बदलाव के तहत मुंढापांडे थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्थानीय लोगों ने नए थाना प्रभारी से उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण और बेहतर कानून-व्यवस्था कायम होगी।

## करंट की चपेट में आने से ऑटो चालक की मौत, दो लोगों के नाले में बहने की आशंका

जौनपुर। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के मछली शहर पड़ाव स्थित हीरो होंडा एजेंसी के सामने सोमवार शाम हो रही तेज बारिश के दौरान एक विद्युत पोल में करेंट उतरने से बारिश के दौरान एक महिला करेंट की चपेट में आ गई। वहीं से गुजर रहे एक ऑटो चालक ने उन्हें बचाने की कोशिश किया तो वो भी विद्युत की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोगों के नाले में बहने की बात प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंच गए और नगर पालिका परिषद द्वारा नालियों में जेसीबी मशीनों को लगाकर नाले में बहे लोगों की तलाश कराया जा रहा है। हालांकि अभी तक कोई बॉडी बरामद नहीं हुई है।

# गौशाला की आड़ में देह व्यापार का रैकेट चलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट में होगी कार्रवाई

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद, । महानगर के थाना मझोला क्षेत्र के काशीराम नगर में देह व्यापार का रैकेट चलाने वाले आरोपितों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। मामले में दो दिन में मुठभेड़ में पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में फरार आरोपित पिंकी की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी हुईं हैं।

उल्लेखनीय है कि, 19 अगस्त को जम्मूतवी कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन में बेटिकट पकड़ी गई तीन लड़कियों से पूछताछ में सामने आया था कि मुरादाबाद के थाना मझोला क्षेत्र स्थित कांशीराम नगर में देह व्यापार का रैकेट चल रहा है। तीनों लड़कियां गिरोह के चंगुल से निकल आई हैं। इसके बाद एक महिला समेत चार आरोपितों पर केस दर्ज किया गया था। शुक्रवार रात्रि 11 बजे पुलिस ने मझोला क्षेत्र में हर्बल पार्क के पास मझोला के कांशीराम नगर के विजय ठाकुर और अमरोहा निवासी अवनीश यादव को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर पूछताछ की तो इन्होंने अपने अन्य साथियों के बारे में जानकारी बताई थी। इसके बाद शनिवार देर रात्रि थाना मझोला पुलिस थाना क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सोनकपुर ओवरब्रिज स्थित हड्डी मिल के पास हुई मुठभेड़ में बरेली जनपद के थाना बिशारतगंज के ग्राम अतरछेडी निवासी सचिन ठाकुर पुत्र आलोक सिंह व हसीन पुत्र अफसर अली और जनपद संभल के थाना चंदौसी क्षेत्र स्थित ग्राम रुस्तमगढ़ निवासी विकास चौहान पुत्र अमरदास को गिरफ्तार किया था।

पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि मुठभेड़ में गिरफ्तार अमरोहा निवासी अवनीश यादव ने छह साल पहले गोशाला खोली थी। यहां 18 गायें रखी गई थीं, लेकिन मुरादाबाद निवासी आरोपित पिंकी ने इसे देह व्यापार रैकेट का अड्डा बना दिया। सचिन रेलवे स्टेशन से लड़कियां फंसाकर लाता और पिंकी उन्हें ग्राहकों को सौंप देती। ग्राहकों से डीलिंग के लिए गिरोह के लोग कोडवर्ड का इस्तेमाल करते थे। पिंकी और सचिन पिछले 10 साल से इस धंधे में सक्रिय हैं।

# गौवंशीय पशु का वध करने व अवैध तमंचे से फायर करने वाले एक ओर आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



**"अभियुक्त के कब्जे से गौवंशीय पशुओं का वध करने वाले औजार, घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस किये गये बरामद"**

मुरादाबाद। अज्ञात अभि0 गण द्वारा ग्राम सिरसखेड़ा व ग्राम नरखेड़ा के गौकशी की घटना की गई थी। उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था । घटना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा उक्त घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिये निर्देशन के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी हाईवे के पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में थाना मूंढापाण्डे पर टीम का गठन हुआ। गठित टीम द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे तथा क्षेत्र में मुखबिर भी सक्रिय किये गये। उक्त मुकदमे से संबंधित 02 अभियुक्तगण को थाना मूंढापाण्डे पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किय गया था। उक्त मुकदमें मे वांछित अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु थाना मूंढापाण्डे पुलिस लगातार प्रयासरत थी तथा क्षेत्र मे मुखबिरों की भी सहायता ली जा रही थी।

जिसके फलस्वरूप बीती रात्रि को गश्त व संदिग्ध वाहन,व्यक्ति चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम सलीमपुर जंगल क्षेत्र में कुछ गौकश मौजूद हैं। सूचना पर थाना मूंढापाण्डे पुलिस ग्राम सलीमपुर के जंगल में पहुंची, जहाँ दो संदिग्ध पैदल जाते मिले। टोकने व रोकने पर उनके द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायर किया। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर मे गोली लगी तथा दूसरा अभियुक्त अधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश को मौके से ही गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा अपना नाम वसीम पुत्र नजीर अहमद निवासी ग्राम नरखेड़ा थाना मूंढापाण्डे, मुरादाबाद बताया गया तथा भागे हुये साथी का नाम नजीर बताया गया। अभियुक्त वसीम के विरुद्ध थाना मूंढापाण्डे पर मुकदमा पशु क्रूरता अधिनियम तथा इससे पूर्व गौकशी के 02 अन्य अभियोग पंजीकृत है। मौके से आरोपी वसीम के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस,पशु काटने के उपकरण बरामद हुए। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी मूंढापाण्डे भेजा गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है एवं अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



# सरयू नदी से जल लेकर निकले कांवड़िये, सुरक्षा के सख्त इंतजाम





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

गोंडा।कजरीतीज के अवसर पर देर रात से ही श्रद्धालु सरयू नदी से जल लेकर शिव मंदिरों की तरफ निकल पड़े।श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की और कांवड़ में जल भरा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सरयू नदी के तट पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं।

पानी का जलस्तर अधिक होने के कारण प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग किया गया है तथा साथ ही जल पुलिस व गोताखोरों को भी तैनात किया गया है।ड्रोन कैमरों व सीसीटीवी कैमरों से भी सरयू नदी के घाट पर निगरानी की जा रही है।

सरयू नदी के तट पर सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक व उपजिलाधिकारी करनैलगंज जितेन्द्र कुमार गौतम सहित बड़ी

- लाखों की संख्या में सरयू नदी के तट पर पहुंचे कांवड़िये
- सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सरयू नदी के तट पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात

संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।कांवड़िये हर हर महादेव एवं बम भोले के जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

उपजिलाधिकारी तरबगंज जितेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि प्रशासन प्रत्येक स्थिति पर नजर रखे हुए है और श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है तथा अभी तक लगभग 50000 श्रद्धालु जल भर कर जलाभिषेक के लिए निकल चुके हैं।जल लेकर जा रहे कांवड़िये को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए जगह जगह पर पुलिस की तैनाती की गई है, ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है।इस दौरान वर्दी तथा बिना वर्दी के भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।साथ ही पुलिस प्रशासन के अतिरिक्त मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी अलग अलग मार्गो पर लगाई गई है।जो लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

# न्यायालय के आदेश पर बीएसए सहित 8 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज







**गोंडा**। जिले के अनामिका शुक्ला प्रकरण में आज उस समय नया मोड़ आ गया जब नगर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी सहित आधा दर्जन से अधिक (8) लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया।आरोपियों में तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित, पटल लिपिक सुधीर सिंह, अनुपम पांडेय,अनामिका शुक्ला, भैया चंद्रभान दत्त स्मारक विद्यालय के प्रबंधक दिग्विजय नाथ पांडेय, प्रधानाचार्य व एक अन्य व्यक्ति शामिल है।

शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार पाण्डेय ने अपने दावे में गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग में एक सिंडिकेट सक्रिय है जो युवाओं की डिग्रियों का दुरुपयोग कर फर्जी नियुक्तियां करता है।

प्रकरण में सबसे गौरतलब पहलू यह है कि सहायक अध्यापिका अनामिका शुक्ला को वर्ष 2017 से शिक्षा विभाग द्वारा वेतन दिया जा रहा था उसके बाद भी उन्होंने वर्ष 2020 में स्वयं को बेरोजगार बताया था प्रकरण उपरोक्त की जब जिम्मेदारों द्वारा जांच किया गया तो मालूम हुआ कि अनामिका शुक्ला की कोई नियुक्ति ही नहीं हुई थी उसके बाद भी वेतन जारी किया जा रहा था।इस संबंध में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि इस तरह के फर्जीवाड़े से करोड़ों रुपए का गबन किया गया है।इससे पूर्व अनामिका शुक्ला ने भी नगर कोतवाली में अपने दस्तावेजों के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज कराई थी।

इस संबंध में नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा गुरुनानक चौकी इंचार्ज शुभम दूबे को जांच सौंपी गई है।उप निरीक्षक शुभम दूबे के अनुसार साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# ड्रोन से तेंदुए की तलाश जारी, एक सप्ताह से वन विभाग चला रहा सर्च आपरेशन





गोंडा। जिले के खोंड़ारे थाना क्षेत्र के सोतिया गांव में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीण भयभीत हैं।वन विभाग द्वारा विगत 8 दिनों से ड्रोन कैमरे के सहारे तेंदुए की तलाश की जा रही है।

आज सुबह से ही वन विभाग द्वारा अलग अलग स्थानों पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से सर्च अभियान चलाया जा रहा है परन्तु खबर लिखे जाने तक तेंदुआ ड्रोन कैमरे में कैद नहीं हुआ है और न ही उसका कोई पता चला है।

वहीं सादुल्लानगर वन क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी आज सुबह से ही सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है जिसमें अलग अलग संसाधनों का भी सहारा लिया

- *दहशत में जीने को मजबूर ग्रामीण

जा रहा है उसके बाद भी विभाग को सफलता हाथ नहीं लग रही है।सोतिया गांव के ग्रामीण रात में जागकर अपने परिवार व पशुओं की सुरक्षा कर रहे हैं।

अभी तक ड्रोन कैमरे में न तो तेंदुआ दिखा है और न ही उसका कोई सुराग मिला है।विभाग के जिम्मेदारों ने बताया कि वन विभाग का लक्ष्य है कि तेंदुए को पकड़ कर पिंजरे में बंद कर जंगल में छोड़ा जाए।

वहीं ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़ कर दूसरे स्थान पर भेजा जाए।गोंडा वन प्रभाग के एस डी ओ सुदर्शन कुमार ने बताया कि उन्होंने कल सर्च अभियान चलाया परन्तु कोई सफलता नहीं मिली।ग्रामीणों की सुरक्षा के मद्देनजर लखनऊ से एक पिंजरा मंगवाकर लगवा दिया गया है।उम्मीद है कि जानवर शिकार की तलाश में पिंजरे में फंस जाएगा।

## अमेठी में विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

अमेठी (उप्र), (भाषा) अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पतऊ का पुरवा गांव में सोमवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, थाना क्षेत्र के पतऊ का पुरवा निवासी राजकुमार यादव उर्फ रिंकू (22) आज दोपहर बिजली से चलने वाली चारा मशीन चला रहा था जो घर पर ही छप्पर के नीचे लगी थी।

पुलिस ने कहा कि इस दौरान वह गर्मी अधिक होने के कारण पंखे को चलाने गया, लेकिन पंखे में उतरे बिद्युत करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) संग्रामपुर ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन पोस्टमार्टम या किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं चाहते हैं, इसलिए किसी तरह की कोई विधिक कार्यवाही नहीं की गई।-

# वह दिन दूर नहीं जब दुनिया 'नासा' की बजाय 'इसरो' की बात करेगी: शुभांशु शुक्ला

**लखनऊ**, (भाषा) अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं है जब दुनिया 'नासा' की बजाय 'इसरो' की बात करेगी, यह बस कुछ ही समय की बात है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिका का 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा), दोनों ही अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाली एजेंसी हैं।

'एक्सिओम-4' मिशन की सफलता और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से अपनी सुरक्षित वापसी के बाद लखनऊ में उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह में शुक्ला ने कहा, ''भारत लौटने के बाद से, मैंने लोगों में हमारी अंतरिक्ष उपलब्धियों को लेकर अविश्वसनीय उत्साह महसूस किया है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को मनाए हुए अभी दो साल ही हुए हैं, फिर भी इसे लेकर ज़बरदस्त उत्साह है। जैसा कि उपमुख्यमंत्री (केशव प्रसाद मौर्य) ने कहा था, वह दिन दूर नहीं जब लोग नासा की बजाय इसरो की बात करेंगे। मेरा मानना है कि यह कोई सपना नहीं, बल्कि एक हकीकत है जो साकार होने का इंतजार कर रही है।''



शुक्ला, जो इस गर्मजोशी भरे स्वागत से बेहद प्रभावित थे, ने मुस्कुराते हुए कहा, ''आज सुबह लगभग साढ़े सात बजे लखनऊ पहुंचने के बाद से मैंने लगभग 2,000 सेल्फी ली होंगी। 'मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं' वाली मशहूर कहावत आज मेरे लिए सचमुच जीवंत हो उठी।''

सम्मान समारोह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर हुआ और इसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और शुक्ला के परिवार के सदस्य, जिनमें उनकी पत्नी कामना, मां आशा और पिता शंभू शुक्ला शामिल थे, शामिल हुए।

अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए शुक्ला ने कहा कि भारत आने पर दिल्ली में उन्होंने जो उत्साह देखा था, वह अपने गृहनगर लखनऊ पहुंचकर 'दोगुना' हो गया। उन्होंने कहा, ''इतने गर्मजोशी से भरे स्वागत के साथ घर आना मेरे लिए बेहद रोमांचक रहा। मैं लोगों द्वारा दिखाए गए प्यार और गर्व के लिए तहे दिल से आभारी हूं।''

शुक्ला के 18 दिनों के मिशन में सैन डिएगो के पास प्रशांत महासागर में उतरने से पहले आईएसएस पर रुकना शामिल था। उन्होंने बताया कि उनकी टीम ने अंतरिक्ष में 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए जिनमें से सात भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन किए गए थे। उन्होंने कहा कि सबसे गौरवपूर्ण क्षण हमारे वैज्ञानिकों द्वारा तय किए गए प्रयोगों को करना था। शुक्ला ने कहा कि उन्हें पहली बार सूक्ष्म-गुरुत्व से जुड़ा अनुसंधान करने का अवसर मिला।

उन्होंने कहा, ''असली उपलब्धि केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि इस मिशन ने अंतरिक्ष में भविष्य के भारतीय अनुसंधान के लिए जो द्वार खोले हैं, वे हैं।''

शुक्ला ने बताया कि उन्होंने मिशन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की और तीन मौकों पर बच्चों से बात की। उन्होंने कहा, ''हर बार, बच्चों ने पूछा कि वे अंतरिक्ष यात्री कैसे बन सकते हैं। इस मिशन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यह है कि अब युवा पीढ़ी अंतरिक्ष में जाने की इच्छा रखती है और उन्हें विश्वास है कि वे इसे हासिल कर सकते हैं।''

सम्मान समारोह में इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन भी मौजूद थे।

# हर श्रेय लूटने की कोशिश में रहते हैं भाजपा के लोग : अखिलेश

लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्रा के जरिये इतिहास बनाकर पहली बार अपने गृह जनपद लखनऊ पहुंचे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन किये जाने पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया।

यादव ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में शुभांशु के अंतरिक्ष यात्रा के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचने का जिक्र होने पर कहा, "उनको बहुत बधाई। बहुत बड़ा काम किया उन्होंने। कितनी मेहनत करनी पड़ी होगी, कितनी ट्रेनिंग से उन्हें गुजरना पड़ा होगा, तब उन्हें यह कामयाबी मिली यह देश के लिए और व्यक्तिगत तौर पर उनके और उनके परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है।" उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुभांशु का नागरिक अभिनंदन किये जाने की तरफ इशारा करते हुए कहा, "इस यात्रा ने पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है। इसमें पूरे देश के संसाधन लगे हैं, लेकिन भाजपा के लोग हर श्रेय



लूटने के चक्कर में रहते हैं।" सपा प्रमुख ने कहा, "भाजपा के लोग खगोल विज्ञान पर नहीं बल्कि ज्योतिष विज्ञान पर भरोसा करते हैं.... कि दिन कौन सा शुभ है। आज शाम को इस समय निकलना है। आज इस रंग के कपड़े पहन कर निकलना है.... तो जो लोग खगोल विज्ञान पर भरोसा नहीं करते वह कहां घूम रहे हैं?" यादव ने कहा, "कभी मौका मिलेगा तो हम शुभांशु से जरूर मिलेंगे। अंतरिक्ष की बहुत सारी बातें करनी हैं उनसे।"

गौरतलब है कि एक्सिओम—4 अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने शुभांशु शुक्ला इस अभियान के बाद सोमवार को पहली बार अपने गृह जनपद लखनऊ पहुंचे हैं।

## भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे की आड़ में दलितों को रौंदती है: तृणमूल कांग्रेस

बलिया (उप्र), (भाषा) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने बलिया में बिजली विभाग के दलित अधीक्षण अभियंता पर हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्य बिना किसी डर के दिनदहाड़े दलितों पर 'बर्बरता' के साथ हमला कर रहे हैं।

बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे की आड़ में दलितों को रौंद रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सोमवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर अंग्रेजी में किए गए एक पोस्ट में कहा, ''उत्तर प्रदेश के बलिया में बिजली विभाग के कार्यालय में एक दलित अभियंता पर उसके ही केबिन में भाजपा के एक नेता ने बेरहमी से हमला किया। उसने उसके सिर पर जूते से वार किया, उसे बार-बार घूंसे मारे और जाति सूचक गालियां दीं।''

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सपरिवार मिले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला

**लखनऊ**, (भाषा) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के सफल मिशन के बाद सोमवार को अपने गृह नगर लखनऊ आए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिवार के साथ मुलाकात की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास पर ऐतिहासिक 'एक्सिओम-4' मिशन के सफलतापूर्वक संचालन एवं अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से कुशल वापसी के बाद देश के सपूत शुभांशु शुक्ला जी ने शिष्टाचार भेंट की।

योगी से मुलाकात के समय अंतरिक्ष यात्री एवं ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ उनकी पत्नी कामना और पुत्र कियाश भी मौजूद थे।

इसके पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के सफल



मिशन के बाद, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला सोमवार सुबह लगभग नौ बजे अपने गृह नगर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद एक काफिले के साथ वह सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) के गोमतीनगर विस्तार शाखा में पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। शुभांशु ने सिटी मांटेसरी स्कूल से पढ़ाई की थी।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 25 जून को फ्लोरिडा से प्रक्षेपित हुए 'एक्सिओम-4' मिशन का हिस्सा थे। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री था। वह राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं।

अपने 18 दिवसीय मिशन के दौरान उन्होंने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए और 20 'आउटरीच' सत्रों में भाग लिया। शुक्ला 15 जुलाई को अपना मिशन पूरा कर अंतरिक्ष से धरती पर लौटे थे।

# एटा में संदिग्ध परिस्थितियों में 12 वर्षीय बालक की मौत, हत्या की आशंका

एटा (उप्र), (भाषा) एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला मितन में एक 12 वर्षीय बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।



पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान विक्रम सिंह (12) पुत्र होडल सिंह के रूप में हुई है। विक्रम का शव सुबह उसकी चारपाई पर पाया गया। घटना की जानकारी सबसे पहले मृतक की 16 वर्षीय बहन प्रियंका को हुई।

प्रियंका ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 6 बजे जब वह नींद से जागी तो उसने अपने छोटे भाई को मृत अवस्था में देखा, जिसके बाद उसने शोर मचाया।

शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। मृतक के पिता होडल सिंह उस समय खेत में सो रहे थे, जबकि मां मायके गई हुई थीं।

सूचना मिलते ही जलेसर थाना के प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार राघव पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मौके पर फील्ड यूनिट और श्वान दस्ते को भी जांच के लिए बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य भी जुटाए हैं।

पुलिस के अनुसार मृतक के गले पर निशान मिले हैं। मृतक के पिता का आरोप है कि उनके बेटे की गला दबाकर हत्या की गई है।

जलेसर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का ख़ुलासा होगा। थाना प्रभारी सुधीर कुमार राघव ने बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# पूजा पाल ने सपा प्रमुख के 'संरक्षण' वाले गुंडों से अपनी जान को खतरा बताया, अखिलेश यादव का पलटवार

लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) से निष्कासित और कौशांबी जिले के चायल की विधायक पूजा पाल ने सोमवार को सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि उनकी जान को माफिया और सपा द्वारा कथित रूप से संरक्षण प्राप्त गुंडों से खतरा है।

अखिलेश यादव को संबोधित एक पत्र सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पूजा पाल ने सपा शासन के दौरान 2005 में अपने पति राजू पाल की हत्या का जिक्र किया और पार्टी पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। इस पर यादव ने कहा कि आखिर उनसे यह पत्र कौन लिखवा रहा है? उपमुख्यमंत्री या कोई और?

पाल ने आरोप लगाया कि सपा ने उन्हें राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस-वोटिंग' के लिए नहीं, जैसा कि व्यापक रूप से माना जाता है, बल्कि इसलिए निष्कासित किया कि उन्होंने विधानसभा में तत्कालीन माफिया अतीक अहमद का नाम लिया था। पाल ने मतदाताओं और अपने समाज के लोगों को धन्यवाद देते हुए पत्र में कहा, ''जब सपा सत्ता में थी, तब मेरे पति की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या के बाद भी, सपा ने अतीक अहमद के भाई अशरफ को तीन चुनावों में मेरे खिलाफ खड़ा किया। जब मुझे समर्थन की ज़रूरत थी, तब पार्टी ने मेरे पति के हत्यारों का साथ दिया।'' उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य अपने पति के हत्यारों को न्याय के कठघरे में खड़ा करना था। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने उनके पति के हत्यारों को सज़ा दिलाई, जबकि सपा अपराधियों को पाल-पोस रही है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा पाप जिसे आने वाली



पीढ़ियां कभी माफ नहीं करेंगी।

पत्र में पाल ने आरोप लगाया कि सपा से उनके निष्कासन ने अतीक अहमद के परिवार का हौसला बढ़ा दिया। उन्होंने दावा किया कि अतीक के परिवार के सदस्य अब भी उनकी जान के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, ''योगी सरकार के दबाव में वे भले ही चुप हों, लेकिन सपा की कार्रवाई से उनका मनोबल बढ़ा है।''

सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले पर निशाना साधते हुए पाल ने कहा कि अखिलेश बार-बार इसका मतलब बदल देते हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने जीवन भर खतरों से लड़ाई लड़ी है। मेरे लोग और पाल समुदाय, मेरे पीछे चट्टान की तरह खड़ा है। सपा मुझे इतनी आसानी से खत्म नहीं कर सकती। उसकी नीतियां सामाजिक सद्भाव के लिए खतरनाक हैं।''

पाल ने अखिलेश यादव की उस टिप्पणी का भी खंडन किया जिसमें उन्होंने सवाल किया था कि मुख्यमंत्री से मिलने के बाद उन पर खतरा कैसे बढ़ गया। उन्होंने कहा, ''सपा शासन में मेरे पति की हत्या कर दी गई। किसी भी अन्य सरकार में ऐसा कोई अपराध नहीं हुआ। मुझे डर है कि सपा प्रायोजित माफिया मेरी हत्या करवा सकते हैं।''

इस बीच, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पाल के पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "यह पत्र कौन लिखवा रहा है? उपमुख्यमंत्री? या कोई और..."

यादव ने कहा, "मुख्यमंत्री से मिलने के बाद मैं यह दोहराना चाहता हूं कि उन्हें धमकी कौन दे रहा है।" उन्होंने आगे कहा कि उनकी पार्टी पहले ही इसकी जांच की मांग कर चुकी है।

सपा ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय से उनके दावों की जांच करने का आग्रह किया और कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए।

समाजवादी पार्टी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय से विधायक पूजा पाल के उस दावे की जांच करने का आग्रह किया था जिसमें उन्होंने पार्टी (सपा) से अपनी जान को खतरा बताया है। सपा ने कहा था कि सच्चाई सामने आनी चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे एक पत्र में, समाजवादी पार्टी (सपा) के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने आरोपों को निराधार और अमर्यादित बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पूजा पाल को यह स्पष्ट करना चाहिए कि धमकी किसने दी। तीन बार की विधायक और मारे गए बसपा विधायक राजू पाल की विधवा पूजा पाल को 14 अगस्त को सपा ने ''अनुशासन भंग'' करने के आरोप में निष्कासित कर दिया था।

# मेरठ में 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म का पोस्टर जलाने पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ़ प्राथमिकी दर्ज

मेरठ (उप्र), (भाषा) मेरठ जिले की थाना लिसाड़ीगेट पुलिस ने राजस्थान के उदयपुर में वर्ष 2022 में नृशंस तरीके से मारे गए दर्जी कन्हैया लाल मामले पर बनी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' का पोस्टर जलाने और अन्य आपत्तिजनक व्यवहार करने के मामले में सोमवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में इस घटना का कथित तौर पर जिक्र है। यह कथित घटना थाना लिसाड़ीगेट क्षेत्र के इस्लामाबाद इलाके की है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 (धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाला जानबूझकर दुर्भावना पूर्ण कृत्य) के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अखिल भारतीय हिन्दू सुरक्षा संगठन के



राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है।

सिरोही ने अपनी शिकायत में कहा कि वीडियो में दिखा गया है कि 'उदयपुर फाइल्स' का पोस्टर जलाया गया और इसे जूतों से रौंदा गया, जिससे मृतक कन्हैयालाल और पूरे हिन्दू समाज का अपमान हुआ है।

सिरोही ने आरोप लगाया कि वह बीते 23 अगस्त को मेरठ के एक मॉल में हिन्दू समाज के लोगों को यह फिल्म दिखा रहे थे और तब से उन्हें सोशल मीडिया पर धमकियां मिल रही हैं।

उल्लेखनीय है कि जून 2022 में उदयपुर के व्यस्त हाथीपोल इलाके में दर्जी कन्हैया लाल की उनकी दुकान में धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई थी। आरोपी इस बात से नाराज बताए जा रहे थे कि कन्हैया लाल ने सोशल मीडिया पर इस्लाम के खिलाफ एक पोस्ट का कथित तौर पर समर्थन किया था। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर के रख दिया था। इस मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है।

इस हत्याकांड पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

# संस्कार भारती ने कराई श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



● प्रतियोगिता में बाल कलाकारो ने दिखाई अपनी अपनी प्रतिभा

फिरोजाबाद - संस्कार भारती महानगर फिरोजाबाद द्वारा परंपरागत 25 वर्षों से आयोजित होने वाली श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित कराई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता ने की, कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम महापौर कामिनी राठौर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया ।

श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता में शहर भर से तमाम नन्हे मुन्ने बच्चे श्रीकृष्ण के स्वरूप में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पहुंचे । प्रतियोगिता में शामिल हुए बाल कलाकारो ने मंच पर श्रीकृष्ण पर आधारित बाल लीलाओं का एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया । बाल कलाकारों को इस तरह देख लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा । बाल कलाकारों की प्रतिभाओं में वेषभूषा, नृत्य, अभिनय सहित नाट्य कला विशेष रही ।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बाल कलाकारों का मूल्यांकन/निर्णय करने के लिए नृत्य विद्या से प्रतिभा संस्थान की नृत्य निर्देशिका ज्योति यादव, अभिनय के लिए फिल्म अभिनेता रवि परिहार सहित कॉस्ट्यूम डिजाइनर मीनू अरोरा जी ने अपनी सहभागिता की । प्रतियोगिता तीन वर्गों में कराई गई प्रथम बाल वर्ग में प्रथम स्थान अनन्या अग्रवाल, द्वितीय स्थान अनन्या शर्मा व तृतीय स्थान अदम्य गुप्ता ने प्राप्त किया ।

बाल वर्ग द्वितीय में प्रथम स्थान उन्नति अग्रवाल, द्वितीय स्थान सान्वी बंसल, तृतीय स्थान याशिका तीर्थानी ने प्राप्त किया । तो वही बाल वर्ग तृतीय में प्रथम स्थान वान्या बंसल, द्वितीय स्थान जागृति तायल व तृतीय स्थान पर नविका गुप्ता ने प्राप्त किया । जिन्हें समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र व उपहार देकर सभी को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों का सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए । प्रतियोगिता के संयोजक आकाश गुप्ता व मनोज शर्मा रहे कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री प्रवीन अग्रवाल ने किया ।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष रविंद्र बंसल, संस्कार भारती ब्रज प्रांत के संरक्षक शैलेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष उद्देश्य तिवारी, मंत्री शिवकांत पलिया, समिति के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, प्रवीन अग्रवाल सेवा सदन, दीपक गुप्ता उर्फ कालू आदि के साथ काफी लोग मौजूद रहे ।

## एचटी लाइन का तार टूटकर स्वास्थ्यकर्मी पर गिरा, गंभीर रूप से झुलसा

शिकोहाबाद । थाना क्षेत्र के यदुवंश नगर में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर बाइक सवार स्वास्थ्यकर्मी के ऊपर गिर पड़ा जिससे बाइक सवार स्वास्थ्यकर्मी गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में स्वास्थ्यकर्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज आगरा के लिए रैफर कर दिया। सुभाष यादव निवासी यदुवंश नगर ईएसआई हॉस्पिटल शिकोहाबाद में कार्यरत हैं। वह सोमवार को अस्पताल अपनी बाइक से ड्यूटी के लिए आ रहा था। तभी हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। जिससे स्वास्थ्यकर्मी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। घटना से कर्मचारी के परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल विद्युत विभाग को फोन कर सप्लाई बंद कराई। उसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए। इसके

# पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान करीब एक दर्जन गाड़ियों के काटे चालान

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।



जसराना : सोमवार को दोपहर बाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया, तो वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों की भी तलाशी ली।

थाना जसराना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी पाढ़म में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण व बाइक सवारों द्वारा किए जा रहे अपराधों पर लगाम कसने के इरादे से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने सोमवार को दोपहर बाद सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिस पर थाना जसराना की पुलिस चेकिंग अभियान में जुट गई।

थाने की पुलिस चौकी पाढ़म के एटा शिकोहाबाद रोड पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अलावा कस्बों के मुख्य मार्गों पर भी चेकिंग अभियान चला।

इस दौरान कोतवाली प्रभारी शेर सिंह व चौकी प्रभारी अजय अवाना, अजीत ,लक्ष्मण ,अमोल ,रणवीर आदि के साथ वाहन चेकिंग अभियान का जायजा लेते रहे। इस दौरान पुलिस करीब एक दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया। तथा कुछ वाहन सीज भी किए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्धों व उनके सामान की भी तलाशी ली। लेकिन इस दौरान कुछ भी आपत्तिजनक पुलिस के हाथ नहीं लगा। कुछ वाहनों के शीशों पर लगी काली फिल्में भी पुलिस ने उतरवाई।

# वसूली प्रमाण पत्र एवं वसूल की गई धनराशि की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी विशु राजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में वसूली प्रमाण पत्र एवं वसूल की गई धनराशि की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई

अपर जिलाधिकारी ने तहसील सदर, शिकोहाबाद, तहसील टूंडला, तहसील जसराना, तहसील सिरसागंज में वसूल की गई धनराशि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की, उन्होंने वाणिज्य कर, स्टांप, परिवहन, विद्युत देय तथा खनिज आदि विभागों की वसूली की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जीएसटी की वसूली के संबंध में फर्मो पर आरसी की वसूली लंबित पड़ी है, उनकी वसूली की जाए, उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टांप, आबकारी, विद्युत देय की आरसी की वसूली प्राथमिकता पर की जाए और उप जिलाधिकारी व तहसीलदार तथा संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर आरसियों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें,

उन्होंने सभी तहसीलदारों को खतौनी की जांच करने के निर्देश भी दिए, I

अपर जिलाधिकारी ने विद्युत देय की आरसी की वसूली में प्रगति खराब पाए जाने पर उप जिलाधिकारी सदर को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए और कहा कि अधिशासी अभियंता विद्युत को कार्यालय बुलाकर आरसी का मिलान कराना सुनिश्चित करें, बैठक में सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, एक्स ई एन हाइडल, आबकारी विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत नीरज मिश्रा को आजीवन कारावास

फिरोजाबाद। "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के अंतर्गत पुलिस की प्रभावी पैरवी और ठोस साक्ष्यों के आधार पर हत्या के आरोपी को अदालत से सजा दिलाई गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा की गई निगरानी और मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत करने के परिणामस्वरूप थाना रामगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 386/2020 धारा 302 भादवि के आरोपी नीरज मिश्रा पुत्र राकेश शर्मा निवासी नई आबादी, शांति नगर, श्रीपाल कॉलोनी, थाना रामगढ़, फिरोजाबाद को एफटीसी-02 कोर्ट ने दोषी करार दिया।

अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास और 20,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई। इस सजा में अभियोजन अधिकारी अजय कुमार यादव, पुलिस मॉनिटरिंग सेल एवं कोर्ट पैरोकार हेड कांस्टेबल सुनील कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।--

# एफएस विवि में हुआ 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर

**शिकोहाबाद** । एफ.एस. विश्वविद्यालय कृषि संकाय एवं उद्यान व खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज प्रथम दिन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव, प्रतिकुलाधिपति डॉ. योगेश यादव, डॉ. राहुल यादव, डॉ. नितिन यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज, महानिदेशक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, डॉ कुलसुम जाफरी ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा आये हुये सभी अतिथियों ने सरस्वतीजी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया ।

इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण की नवीनतम तकनीकों, कौशल विकास तथा स्वरोजगार के अवसरों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में शैलेन्द्र कुमार (पर्यवेक्षक) ने विद्यार्थियों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने प्रतिभागियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की कार्यप्रणाली तथा उससे जुड़ी संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं तथा उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने में लाभकारी सिद्ध होते हैं।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पॉक्सो एक्ट के आरोपी को तीन साल की सजा

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी और ठोस साक्ष्य संकलन के फलस्वरूप पॉक्सो एक्ट के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

थाना रजावली क्षेत्र में पंजीकृत मुकदमा संख्या 03/2023, धारा 354, 506 भादवि तथा 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त राजेन्द्र पाल सिंह उर्फ काका पुत्र जिमीपाल सिंह निवासी लखनई थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद को न्यायालय अपर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, संख्या-03 ने दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

इस मामले में अभियुक्त को सजा दिलाने में अभियोजक अजमोद चौहान, पुलिस मॉनिटरिंग सेल और कोर्ट पैरोकार कॉन्स्टेबल संदीप कुमार का विशेष योगदान रहा।

# पारिवारिक क्लेश से परेशान किसान ने पेड़ से फंदा लगाकर दी जान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

टूंडला। थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव धीरपुरा में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई। पारिवारिक क्लेश से परेशान एक 35 वर्षीय किसान ने गांव के बाहर शीशम के पेड़ पर लोहे के तार से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक की पहचान कैलाश चंद्र के रूप में हुई है, जो खेती-किसानी करता था। जानकारी के मुताबिक, मृतक के भाई की कुछ समय पहले बीमारी के कारण मौत हो गई थी। इसके बाद से ही वह तनाव में रहने लगा था। ग्रामीणों के अनुसार, कैलाश को नशे की भी लत थी, जिससे घर में अक्सर विवाद होता था।

सोमवार दोपहर करीब तीन बजे कैलाश घर से निकला और गांव के बाहर खेतों के पास स्थित शीशम के पेड़ से लोहे के तार का फंदा लगाकर लटक गया। खेतों में पशु चराने गए किसानों ने जब यह दृश्य देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना प्रभारी रमित कुमार आर्या ने बताया कि युवक द्वारा फंदा लगाने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## फंदे पर लटक युवक ने दी जान, पुलिस पहुंची

जसराना। थाना क्षेत्र के गांव नगला पांडे में एक युवक द्वारा फंदे पर लटककर जान देने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जानकारी लेने के साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना जसराना क्षेत्र के गांव नगला पांडे निवासी भीकम सिंह के 30 वर्षीय पुत्र विजेंद्र सिंह कमरे में लगे हुक पर फंदा बनाकर लटक गया। युवक के लटकने की जानकारी होने पर परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन ने जिंदा होने की आस में ग्रामीणों की मदद से युवक को नीचे उतार लिया। लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। युवक द्वारा फंदे पर लटकर जान देने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन एवं ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी ली।

# प्रकाशमणि दादी का 18 वां स्मृति दिवस मनाया गया , श्रद्धा सुमन अर्पित किए

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।



सिरसागंज । नगर के अरांव रोड पर स्थित ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति भवन आश्रम में सोमवार को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के पूर्व मुख्य प्रशासक प्रकाशमणि दादी का 18वां स्मृति दिवस मनाया गया। आर्यावर्त बैंक के पूर्व मैनेजर जैनुल आबदीन ने कहा कि हमें दादी के जीवन से सीख लेनी चाहिए। उनका समर्पण और त्याग आज हम सभी याद कर रहे हैं। संचालिका गीतांजलि दीदी ने प्रकाशमणि दादी को रोली से तिलक कर फूल माला भेंट किया और उनके मार्ग पर चलने के लिए लोगों को जागरूक किया। कवि अशोक चंदेल ने दादी को याद करते हुए कहा हंस उठा गगन, खिल उठी सुता। रजनी ने दीप जलाया है , पुण्यतिथि दादी की देखो पावन पर्व मनाया है । सभी महिला पुरुषों ने प्रकाशमणि दादी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन शशि दीदी ने किया। इस दौरान कवि अशोक चंदेल, जैनुल आबदीन, दीपू भाई व आदि महिला पुरुष मौजूद रहे।

# रात में घूम रहे युवक को ग्रामीणों ने पकडकर पुलिस को सौंपा

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर

जसराना। पिछले कई दिनों से चारों के आने की संभावना से जाग रहे कस्बा के मोहल्ला शीशपुरी के लोगों ने एक युवक को पकडकर पुलिस को सौंप दिया। लोगो ने तीन अन्य लोगों के मौके से भागने की बात कही। पुलिस ने युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार युवक मानसिक रुप से परेशान था। लोगों ने कहा पुलिस ने मात्र शांतिभंग में कार्रवाई की है, जो गलत है।

कस्बा में कई दिनों से ड्रोन उडने एवं चोरों के आने की अफवाहें फैली हुई है। अफवाहों के चलते लोग जाग रहे हैं। पुलिस भी लोगों को जागरुक करने में लगी है। रविवार की रात्रि में लोगों ने मोहल्ला शीशपुरी में कई लोगों को घूमते देखा तो उन्हें पकडने का प्रयास शुरु कर दिया। इस दौरान तीन लोग भागने में कामयाब रहे जबकि एक लोगों के हत्थे चढ़ गया। लोगों ने युवक के पकडे जाने की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया युवक शिवम थाना जसराना क्षेत्र के नगला झील का रहने वाला है। उ

सकी पत्नी मायके में रह रही है। जिसके कारण वह मानसिक रुप से परेशान रहता है। वह रात्रि में घूम रहा था इसी दौरान लोगों ने उसे पकड लिया। युवक के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की है। वहीं लोगों ने बताया कि कई दिन से मोहल्ले में लोगों के आने की आहट मिल रही थी। एक युवक को पकडकर पुलिस को सौंपा गया है।

# बिना अनुमति किसानों की जमीनों के अधिग्रहण पर किसान नेताओं ने जताया विरोध,सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फिरोजाबाद । जनपद के तहसील शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव नगला मोती जाफराबाद में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम अतुल यादव के नेतृत्व में किसानों की बिना अनुमति के उनकी जमीन पर खड़ी फसल बर्बाद करते हुए 7.65 लाख केवीए की हाई टेंशन लाइन के लिए गड्ढे खोदने के मामले में धरना प्रदर्शन किया

इस दौरान धरना स्थल पर उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद पहुंचे और किसान नेताओं और किसानों से वार्ता कर धरना प्रदर्शन स्थगित कराया । इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रेम अतुल यादव ने कहा कि किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

सरकार किसानों को उनकी जमीन अधिग्रहण करने से पहले अनुमति ली तथा उनकी जमीन का उचित मुआवजा देकर उनकी जमीन का अधिग्रहण करे ऐसी संगठन की मांग है साथी उन्होंने कई प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए किसानों की समस्याओं का संगठन से जल्द निस्तारण कराने की मांग की इस दौरान संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## घर में चोरी कर भाग रहे युवक को पड़ोसियों ने पकड़ा

टूंडला। थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव धीरपुरा में रविवार देर रात चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए एक युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी हैतसिंह रात करीब 10:10 बजे अपने परिवार के साथ सो रहे थे। तभी घर के अंदर से आवाज सुनाई दी।

हैतसिंह ने उठकर देखा तो उनके ही गांव का निवासी रामब्रेस घर से बाहर निकलकर भाग रहा था। उन्होंने शोर मचाया तो पड़ोसी जंगबहादुर, अनिल कुमार और जितेंद्र कुमार मौके पर आ गए। तीनों ने हैतसिंह की मदद से आरोपी को पकड़ लिया।

घर की तलाशी लेने पर पता चला कि अलमारी खुली पड़ी थी और उसमें रखे 1170 रुपये गायब थे। साथ ही आरोपी के पास से पीड़ित का सादा मोबाइल और एक चाबी बरामद हुई।

पीड़ित ने आरोपी को पड़ोसियों के साथ मिलकर पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी रमित कुमार आर्या ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच के बाद आरोपी के खिलाफ विधिककार्रवाई की जाएगी ।

# किलोमीटर बोर्ड उखाड़ते हुए विद्युत खम्भे से टकराया कंटेनर, दो घायल



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर

जसराना। अलीगढ़ से शिकोहाबाद जा रहा तेज रफ्तार कंटेनर सोमवार सुबह बाबू जी के मेला वाले रोड, पहाड़पुर उस्मानपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो लोग घायल हो गए जबकि दो अन्य सवार बाल-बाल बच निकले।

जानकारी के अनुसार कंटेनर में चालक सलमान, जहीर, चाहत और कलीम सवार थे। तभी सामने से आ रहे दूसरे कंटेनर को बचाने के प्रयास में वाहन चालक ने कंटेनर को मोड़ दिया। अनियंत्रित वाहन सड़क किनारे लगे किलोमीटर बोर्ड और विद्युत खंभे से टकराया और पलट गया। इस हादसे में चालक सलमान और उसका साथी जहीर घायल हो गए। जहीर की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे उपचार के लिए जसराना संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया है। वहीं चाहत और कलीम सकुशल हैं।

सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुँची और राहत कार्य शुरू कराया। ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग की वजह से इस मार्ग पर हादसों का खतरा हमेशा बना रहता है। गनीमत रही कि इस बार कोई जनहानि नहीं हुई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

## ड्रोन संबंधी अफवाओं को लेकर प्रभारी निरीक्षक ने की बैठक

जसराना- थाना क्षेत्र के ग्राम नगला घनी में ड्रोन संबंधी अफवाहों की 112 के माध्यम से प्राप्त सूचना के संदर्भ में गांव में एसपी जसराना महोदय के साथ ग्राम वासियों से मीटिंग एवं वार्ता की गई तथा भ्रामक सूचना देने एवं अफवाह फैलाने पर कड़ी कार्रवाई के लिए सचेत किया गया तथा गठित ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं सभ्रांत नागरिकों को नव युवकों एवं बच्चों को समझाने तथा गांव में अपनी सुरक्षा के लिए रात्रि में गस्त करने के लिए जागरूक किया गया तथा गांव में पैदल गस्त किया गया।--

## देसी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार , जेल भेजा

सिरसागंज। थाना अरांव पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 20 देसी शराब पौवा बरामद किए है। पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्कर , वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अरांव पुलिस ने चेकिंग में अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र राजाराम निवासी आसई थाना इकदिल जनपद इटावा को 20 देशी शराब पौवा फ्रूटा के साथ गिरफ्तार किया गया है ।

# लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने किया पारसनाथ कोल्ड स्टोर पर पौधारोपण



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

टूंडला। सामाजिक संस्था लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने पारसनाथ कोल्ड स्टोर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही पदाधिकारियों ने पौधों की सेवा का संकल्प लिया।

अध्यक्ष नीरज जैन ने कहा कि पौधे पृथ्वी का हार हैं। ये मनुष्य को जीवन देने के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं से भी बचाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। कार्यक्रम में लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने कोल्ड स्टोर नीम, पीपल, अशोक, अमरूद और आम के पौधे लगाए।

इस दौरान पदाधिकारियों ने लगाए गए प्रत्येक पौधे की देखभाल करने जिम्मेदारी ली। पौधारोपण के उपरांत पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नीरज जैन ने की।

इस दौरान पौधारोपण करने वाले सचिव अंकित जैन, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, अशोक गुप्ता, केएस यादव, डॉ. संजीव जैन, राजीव जैन, संजीव गौतम, आलोक उपाध्याय, एपी सिंह, प्रदीप शर्मा, सिद्धांत सागर जैन, पुष्पेन्द्र उपाध्याय, दीपक सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

मिसाइल के हमले में नासेर अस्पताल की चौथी मंजिल पर कुछ लोग मारे गए

# गाजा के अस्पताल पर इजराइली हमले में चार पत्रकारों समेत 19 लोगों की मौत



**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी),** 25 अगस्त (एपी) दक्षिणी गाजा के एक प्रमुख अस्पताल पर इजाइली हमले में 19 लोगों की मौत हुई है जिनमें चार पत्रकार शामिल हैं। अस्पताल के रिकॉर्ड से यह जानकारी मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल के हमले में नासेर अस्पताल की चौथी मंजिल पर कुछ लोग मारे गए, तथा बचाव दल के पहुंचने के कुछ ही देर बाद उसी स्थान पर एक और मिसाइल गिरी।

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में सबसे बड़ा नासेर अस्पताल 22 महीने के युद्ध के दौरान हमलों और बमबारी को झेलता रहा है, तथा अधिकारियों ने आपूर्ति और कर्मचारियों की गंभीर कमी का हवाला दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के रिकॉर्ड विभाग के प्रमुख ज़हीर अल-वहीदी के अनुसार, नासेर अस्पताल पर हमले में कुल 19 लोग मारे गए। इनमें 33 वर्षीय मरयम दग्गा भी शामिल हैं, जो एक पत्रकार थीं और युद्ध की शुरुआत से ही 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) के लिए काम कर रही थीं। वह अमेरिकी समाचार एजेंसी 'एपी' के साथ स्वतंत्र पत्रकार के तौर पर काम रह रही थी। दग्गा ने उन बच्चों को बचाने के लिए नासेर अस्पताल के चिकित्सकों के संघर्ष पर खबर दी थी, जिन्हें पहले कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी लेकिन वे भूख से मर रहे थे।

अल जजीरा ने पुष्टि की कि उसके पत्रकार मोहम्मद सलाम, नासेर अस्पताल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में शामिल हैं। ब्रिटिश समाचार एजेंसी 'रॉयटर्स' ने बताया कि उसके संविदा कैमरामैन हुसाम अल-मसरी भी हमले में मारे गए। समाचार एजेंसी के अनुसार, रॉयटर्स के संविदा फोटोग्राफर हातिम खालिद भी घायल हो गए।

## इजराइल लेबनान से हट सकता है : नेतन्याहू

यरूशलम, (एपी) इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह लेबनानी कैबिनेट के इस महीने की शुरुआत में लिए गए उस फैसले का स्वागत करते हैं, जिसमें 2025 के अंत तक हिज्बुल्लाह के निरस्त्रीकरण की दिशा में काम करने का निर्णय लिया गया है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर लेबनान ऐसा कदम उठाता है, तो इजराइल के सैनिक देश से वापस लौट सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि लेबनान हिज्बुल्लाह को निरस्त्र करने के लिए आवश्यक कदम उठाता है, तो इजराइल भी जवाबी कार्रवाई में दक्षिणी लेबनान में इजराइली सैन्य मौजूदगी में चरणबद्ध तरीके से कमी लाएगा। इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष नवंबर में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए संघर्ष विराम के साथ समाप्त हो गया था।

# नौ मई के दंगे के सिलसिले में इमरान की पार्टी के 75 नेताओं और कार्यकर्ताओं को सजा



**लाहौर, (भाषा)** पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने सोमवार को इमरान खान की पार्टी के 75 नेताओं और कार्यकर्ताओं को नौ मई 2023 के दंगों के दौरान सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ नेता के घर पर हमले का दोषी करार देते हुए तीन से 10 साल कारावास की सजा सुनाई। अदालत के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''फैसलाबाद की आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की पंजाब के अध्यक्ष राणा सनाउल्लाह के घर पर हमले के मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के 59 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 10-10 साल और 16 अन्य को तीन-तीन साल कारावास की सजा सुनाई। वहीं,34 लोगों को बरी कर दिया।'' उन्होंने बताया कि मामले में कुल 109 आरोपी थे जिनमें से अदालत ने 75 लोगों को सजा सुनाई है।

दोषी ठहराए गए प्रमुख लोगों में नेशनल असेंबली के पूर्व नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब, सीनेट के पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिबली फ़राज़, पूर्व संसद सदस्य जरताज गुल अहमद चट्ठा, अशरफ़ खान सोहना और शेख़ रशीद शफ़ीक़ (पूर्व आंतरिक मंत्री शेख रशीद के भतीजे) और कंवल शौजाब शामिल हैं। इससे पहले, इन नेताओं को फैसलाबाद में आईएसआई भवन पर हमले के लिए भी 10-10 साल कारावास की सजा सुनाई गई थी। उनकी दोनों मामले की सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अधिकारी ने बताया कि पूर्व सूचना मंत्री फव्वाद चौधरी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के बेटे ज़ैन कुरैशी को मामले में बरी कर दिया गया।

इमरान खान के समर्थकों ने उन्हें गिरफ्तार किये जाने के खिलाफ नौ मई, 2023 को हिंसक प्रदर्शन किया था और कई सैन्य और सरकारी इमारतों में तोड़फोड़ की थी। हिंसा की अधिकतर घटनाएं पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई थी। पीटीआई ने फैसले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह फैसला फर्जी मामलों और फर्जी गवाहों पर आधारित है।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादी हमलों में पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए



**पेशावर, (भाषा)** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में कम से कम पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि रविवार देर रात हांगू जिले के तोरा वारई इलाके में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) शिविर पर आतंकवादियों के हमले में बल के तीन कर्मी मारे गए और 17 घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में खैबर जिले की तिराह घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए थे।

एक अन्य घटना में, अपर दीर जिले में पुलिस और आतंकवाद रोधी विभाग द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान के दौरान पांच आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान एक नागरिक की भी मौत हो गई और सात पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने रविवार रात एक आतंकवादी का शव बरामद किया और सोमवार को चार और शव बरामद किए, जिससे मारे गए आतंकवादियों की संख्या पांच हो गई। पुलिस ने बताया कि ऊपर दीर के दोबांडो, बिरकोट, सलाम कोट और अतांद्रा इलाकों में आतंकवादियों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

यह घटनाक्रम देशभर में, विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच हुआ है। दोनों ही पड़ोसी अफगानिस्तान के साथ सीमा साझा करते हैं। इस्लामाबाद स्थित विचार मंच पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉनफ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्ट्डीज के अनुसार, जून में देश में 78 आतंकवादी हमले हुए। कुल मिलाकर, इन हिंसा और अभियानों में 175 व्यक्तियों की मौत हुई।

## गाजा में एक अस्पताल पर इजराइली हमले में कई पत्रकार मारे गए

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), (एपी)** दक्षिणी गाजा के एक अस्पताल पर सोमवार को हुए हमले में मारे गए कम से कम आठ लोगों में चार पत्रकार भी शामिल हैं। मारे गए पत्रकारों में 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) के लिए काम कर रहीं एक स्वतंत्र पत्रकार (फ्रीलांसर) भी शामिल हैं। मरियम डग्गा (33 वर्ष) गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से एपी के साथ-साथ अन्य मीडिया प्रतिष्ठानों के लिए भी स्वतंत्र पत्रकार के रूप में काम करती थीं। डग्गा ने भूख से मर रहे उन बच्चों को बचाने के लिए नासिर अस्पताल के चिकित्सकों के संघर्ष पर खबर दी थी, जिन्हें पहले कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी। अल जजीरा ने पुष्टि की कि उसके पत्रकार मोहम्मद सलाम नासिर अस्पताल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में शामिल थे। ब्रिटिश समाचार एजेंसी 'रॉयटर्स' ने बताया कि उसके संविदा कैमरामैन हुसाम अल-मसरी भी हमले में मारे गए। समाचार एजेंसी के अनुसार, रॉयटर्स के संविदा फोटोग्राफर हातेम खालिद भी घायल हो गए। पत्रकार सुरक्षा समिति (सीपीजे) के अनुसार, इजराइल-हमास संघर्ष मीडियाकर्मियों के लिए सबसे खूनी संघर्षों में से एक रहा है। करीब 22

# विदिशा में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास का पुस्तक मेला प्रारंभ

## रवींद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में 23 से 29 अगस्त तक सजेगा विदिशा पुस्तक मेला







**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत तथा जिला विदिशा, मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में रवींद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन, विदिशा में 23 से 29 अगस्त, 2025 तक 'विदिशा पुस्तक मेले' का उद्घाटन मंचस्थ अतिथियों ने किया। इस अवसर पर विदिशा के माननीय विधायक श्री मुकेश टंडन, विदिशा के जिलाधिकारी श्री अंशुल गुप्ता, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की सदस्य डॉ. साधना बलवटे तथा माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी समेत बड़े अधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के संयुक्त निदेशक श्री राकेश कुमार यादव ने कहा कि यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि न्यास अपने 70 वर्ष के इतिहास में विदिशा में यह पहला आयोजन करने जा रहा है। इस सफल आयोजन को आयोजित करवाने में विदिशा के जिलाधिकारी महोदय का बहुत बड़ा योगदान है। मैं विदिशा की जनता से आह्वान करता हूं कि आप सब अपने परिवार के साथ पुस्तक मेले में आएं और अच्छी-अच्छी पुस्तकों का लुत्फ उठाएं।

विदिशा के माननीय विधायक श्री मुकेश टंडन ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह विदिशा का सौभाग्य है, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली ने मध्य प्रदेश की पावन भूमि विदिशा में पुस्तक मेले का आयोजन किया है। मैं क्षेत्र की जनता से आह्वान करता हूं, आप सभी यहां आएं और पुस्तकों का आनंद उठाएं।

विदिशा के जिलाधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने कहा कि विदिशा प्राचीन नगरी है। कल ही भारत सरकार ने लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग का बिल पास किया है। हमारे बच्चे इसमें उलझे हुए हैं। आने वाले दिनों में इसके दूरगामी परिणाम हमें देखने को मिलेंगे। आज हम पीछे हैं, इसका एक कारण है, हमने पठन-पाठन छोड़ दिया है। हमें पुस्तकों से मित्रता करनी होगी, निसंदेह हमारा वर्तमान और भविष्य बदलेगा। आप सभी यहां आएं, पुस्तकें पढ़ें, यह आपको आगे बढ़ने का माध्यम बनेंगी। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की सदस्य तथा निराला सृजन पीठ, भोपाल की निदेशक डॉ. साधना बलवटे ने कहा कि पुस्तकें बड़े शहरों तक सीमित न रहें, छोटे शहरों तक भी पहुंचें, आम पाठक पुस्तकों से जुड़ें, ऐसा प्रयास राष्ट्रीय पुस्तक न्यास करता रहा है। भारतीय ज्ञान, परंपरा, संस्कृति को जीवित रखने के लिए अच्छी-अच्छी पुस्तकों को पाठकों तक पहुंचने का प्रयास राष्ट्रीय पुस्तक न्यास निरंतर कर रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि आज मोबाइल आने से हमारे आपसी संबंधों पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। हम पूरे दिन मोबाइल पर लगे रहते हैं। किताबों को पढ़ना भूल गए हैं।

यदि घर में किताबें नहीं हैं, वह घर आत्माविहीन है। पुस्तकों से रिश्ता कायम करें। जन्मदिन, शादी आदि अवसरों पर पुस्तकें उपहार में दें। इस अवसर पर अतिथियों ने न्यास स्टॉल का फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात अतिथियों ने न्यास की पुस्तकों का अवलोकन किया तथा न्यास के प्रकाशन को सराहा।

इस अवसर पर विदिशा के विद्यालयों से आए बच्चों तथा आगंतुकों ने पुस्तक मेले का आनंद लिया। रवींद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।



## संक्षिप्त खबरें



### मीराबाई ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

**अहमदाबाद, (भाषा)** एक साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी करने वाली मीराबाई चानू ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए सोमवार को यहां राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा + 109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच और क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया। यह 31 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है। मीराबाई पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रही है। पेरिस ओलंपिक में वह चौथे स्थान पर रही थी।

### मनु 25 मीटर पिस्टल में चौथे स्थान पर, भारतीय जूनियर महिलाओं ने मारी बाजी

**शिमकेंट, (भाषा)** दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा । भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओ के फाइनल में छठे स्थान पर रही । मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही । महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता । इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया । कोरिया को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य पदक मिला । नाम्या और तेजस्विनी क्वालीफिकेशन में पहले दो स्थान पर रही जबकि पायल छठे स्थान पर रही थी । इससे पहले सीनियर वर्ग में चीन की यूयू झांग ने स्वर्ण और जियारूइशुआन शियाओ ने रजत पदक जीता ।

### सिनक्यूफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा संयुक्त दूसरे स्थान पर बरकरार

**सेंट लुइस (अमेरिका), (भाषा)** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के छठे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा से ड्रॉ खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं । प्रज्ञानानंदा का यह लगातार पांचवां ड्रॉ था । अब उनके छह मुकाबलों में 3.5 अंक हैं । अमेरिका के फेबियानो कारूआना चार अंक लेकर शीर्ष पर हैं । प्रज्ञानानंदा के साथ अमेरिका के लेवोन आरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं । विश्व चैम्पियन डी गुकेश, अमेरिका के वेसली सो और सैमुअल सेवियान , फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं ।

नेहा का वजन निर्धारित सीमा से लगभग 600 ग्राम अधिक था।

# डब्ल्यूएफआई ने नेहा को विश्व चैंपियनशिप टीम से बाहर किया, दो साल के लिए निलंबित किया



**नयी दिल्ली, (भाषा)** अधिक वजन के कारण हाल ही में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में अयोग्य घोषित की गई पहलवान नेहा सांगवान को सोमवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने 'लगातार वजन प्रबंधन संबंधी समस्याओं' के कारण सीनियर विश्व चैंपियनशिप टीम से बाहर करने के अलावा दो साल के लिए निलंबित कर दिया।

हरियाणा के चरखी दादरी की रहने वाली नेहा को पिछले हफ्ते बुल्गारिया के समोकोव में महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करनी थी लेकिन उनका वजन निर्धारित सीमा से लगभग 600 ग्राम अधिक था। आयोजकों ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया और भारत उस भार वर्ग में प्रतिनिधित्व नहीं कर सका।

भारत की महिला टीम ने सात पदक जीते और जापान के बाद उपविजेता रही। नेहा पदक की प्रबल दावेदार थीं और स्वर्ण पदक जीतकर भारत को टीम चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकती थीं। भारत 140 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि जापान ने 165 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। डब्ल्यूएफआई ने नेहा की जगह सारिका मलिक को टीम में शामिल किया है जो विश्व चैंपियनशिप के 59 किग्रा वर्ग ट्रायल्स में दूसरे स्थान पर रही थीं। विश्व चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक क्रोएशिया के जागरेब में होगी।

डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, ''यह स्वीकार्य नहीं है। वजन प्रबंधन एक ऐसी चीज है जिसका एक पहलवान को ध्यान रखना होता है। हम बुल्गारिया में उस भार वर्ग में पदक जीतने से चूक गए थे। हमारी जवाबदेही भी है क्योंकि सरकार टूर्नामेंट का खर्च वहन करती है और एक पहलवान पर लगभग दो से तीन लाख रुपये खर्च होते हैं। अगर आप वजन सीमित नहीं कर सकते तो हम अगले सर्वश्रेष्ठ पहलवान को मौका देंगे।'' नेहा एक अच्छी पहलवान के रूप में उभर रही हैं और जूनियर से सीनियर वर्ग में उनका बदलाव भी काफी उत्साहजनक रहा है। उन्होंने 2024 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और इस साल 57 किग्रा भार वर्ग में सीनियर स्तर पर पहले ही तीन पदक जीत चुकी हैं।

नेहा ने मई में 57 किग्रा वर्ग में यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज मंगोलिया ओपन जीता और जून में यासर दागू में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। पिछले महीने उन्होंने बुडापेस्ट में रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। अधिकारी ने कहा, ''रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिताओं में यूडब्ल्यूडब्ल्यू के नियमों के अनुसार सभी पहलवानों को दो किग्रा भार वर्ग की छूट मिलती है इसलिए उन्हें उन प्रतियोगिताओं में कोई परेशानी नहीं हुई लेकिन उन्हें वजन सीमित रखने में लगातार दिक्कत आ रही है।'' उन्होंने कहा, ''पिछले साल स्पेन में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप के दौरान भी उन्हें तय वजन के अंदर रहने में काफी संघर्ष करना पड़ा था।



## हर्षित राणा एशिया कप की चुनौती के लिए तैयार

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने कहा कि नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के मैचों ने उनके लिए आदर्श तैयारी के रूप में काम किया। भारत ए के इंग्लैंड दौरे के बाद कुछ समय के लिए मुख्य टेस्ट टीम के साथ रहे राणा ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना पिछला मैच फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। राणा ने कहा, '' ऐसे बिल्कुल भी नहीं है कि मैं अभ्यास से दूर हूं। पिछले 20-25 दिनों में मैंने 12-13 टी20 मैच खेले हैं। डीपीएल के कारण मेरा अभ्यास पूरी तरह से चल रहा है ।'' उन्होंने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''मेरे लिए सकारात्मक बात है कि मैं मैचों में अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं और कुल मिलाकर मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा है।'' राणा जसप्रीत बुमराह के साथ फिर से मिलने को लेकर उत्साहित हैं। बुमराह ने कार्यभार प्रबंधन (चोट और थकान से बचने के लिए) के तहत इंग्लैंड में पांच में से तीन टेस्ट खेले थे लेकिन वह पूरे एशिया कप के लिए उपलब्ध रहेंगे।'' राणा ने कहा, ''मैं आपको बता नहीं सकता कि जस्सी (जसप्रीत बुमराह) भाई का अनुभव कितना काम आता है। उनके साथ खेलना सच में खास है, वह हमारे लिए चीजों को आसान बना देते हैं। वह अगर आसपास हैं तो हम पर दबाव कम होता है।'' राणा ने कहा, ''मैं धैर्य बनाये रखने की कोशिश करता हूं, भारत की जर्सी पहनना और खेलना हमेशा बहुत रोमांचक होता है। हमारी टीम के पास कमाल की गेंदबाजी इकाई है।

## भारत को आठ साल बाद एशिया कप जीतने का भरोसा: कोच

**राजगीर, (भाषा)** तीन बार के चैंपियन भारत को आठ साल के अंतराल के बाद पुरुष एशिया कप हॉकी खिताब जीतने और 29 अगस्त से होने वाली इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के जरिए अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का पूरा भरोसा है। मौजूदा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में महाद्वीप की नंबर एक टीम भारत ने पिछली बार 2017 में ढाका में एशिया कप जीता था जहां उसने फाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराया था। जकार्ता में 2022 में हुए टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत चैंपियन दक्षिण कोरिया और मलेशिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा था। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टूर्नामेंट के लिए यहां पहुंचने के बाद कहा, इस टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारी ठोस रही है। हमारा दृष्टिकोण पेरिस ओलंपिक जैसा ही होगा जहां हमने पूल चरण में अच्छी जीत के

हम घरेलू सत्र शुरू होने से पहले यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं, जो भी खिलाड़ी उपलब्ध उन्हीं के साथ काम करना होगा

# शिविर के लिए खिलाड़ियों की अनुपलब्धता को ज्यादा तवज्जो नहीं दी



**बेंगलुरु, (भाषा)** भारत के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने सोमवार को आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए राष्ट्रीय शिविर में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के बारे में चल रही चर्चा को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि टीम अगामी चुनौती के लिए तैयार है।

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान सुपरजायंट ने अपने सात खिलाड़ियों को शिविर के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया था। मोहन बागान का तर्क था कि उसके लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं है क्योंकि यह टूर्नामेंट फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं आता। मोनालो मार्क्वेज की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने जमील को 29 खिलाड़ियों के शिविर में से अपने अंतिम 23 सदस्यों के टीम का चयन करना था। जमील ने भारत के मुख्य कोच के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''चुनौतियों की बात करें तो कुछ क्लब कुछ कारणों से खिलाड़ियों को नहीं छोड़ रहे हैं। हम घरेलू सत्र शुरू होने से पहले यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं। ऐसे में जो भी खिलाड़ी उपलब्ध हैं, हमें उन्हीं के साथ काम करना होगा।''

उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए एक बड़ी चुनौती है। जो खिलाड़ी मेरे साथ हैं, उन्हें लेकर मुझे कभी कोई दिक्कत महसूस नहीं हुई। मुझे जो भी चाहिए, वह मिला है। मेरे लिए यह प्रदर्शन करने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का समय है। सभी खिलाड़ियों रवैया बहुत अच्छा है।'' जमील से पूछा गया कि क्या इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर अनिश्चितता से राष्ट्रीय शिविर में मौजूद खिलाड़ी प्रभावित हो रहे है तो उन्होंने कहा कि ये पेशेवर खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि स्थिति को कैसे संभालना है। उन्होंने कहा, ''मुझे कभी नहीं लगा कि इस वजह से खिलाड़ी प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें पता है कि मैदान में उतर कर क्या करना है। ऐसे में कोई बहाना नहीं होना चाहिये।। हर कोई कड़ी मेहनत कर रहा है, यह अच्छी बात है। मुझे हर किसी, खिलाड़ियों और एआईएफएफ के शीर्ष अधिकारियों से पूरा समर्थन मिल रहा है।'' उन्होंने कहा, '' हमारे पास अब भी संदेश झिंगन, गुरप्रीत संधू, अनवर अली जैसे खिलाड़ी हैं। ये सभी कमाल के खिलाड़ी है। नये खिलाड़ियों का रवैया भी बहुत अच्छा है। मुझे शिविर में कभी नहीं लगा कि हम टीम कमजोर है। मुझे लगता है कि जो खिलाड़ी मेरे साथ हैं, वे बहुत अच्छे हैं।'' भारत सीएएफए नेशंस कप के ग्रुप बी में शामिल है। टीम 29 अगस्त को हिसोर में सह-मेजबान ताजिकिस्तान, एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान का सामना करेगा। तीसरे स्थान का मैच और फाइनल आठ सितंबर को क्रमशः हिसोर और ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में खेला जाएगा।



‘ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ऐसे अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा बनने वाले उत्तर प्रदेश के पहले नागरिक हैं, इसलिए हम अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाने के इच्छुक छात्रों के लिए उनके नाम पर एक छात्रवृत्ति शुरू करेंगे।’’

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.

नई दिल्ली, मंगलवार 26 अगस्त 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



दयाशंकर सिंह ने प्रयागराज में पीपीपी मॉडल के तहत ओमेक्स लिमिटेड द्वारा बनने वाले सिविल लाइंस बस पोर्ट पर ओमेक्स के कार्यालय का शुभारंभ किया।




## उप्र सरकार अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति शुरू करेगी: मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर एक नई छात्रवृत्ति शुरू करने की घोषणा की। शुक्ला किसी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन में भाग लेने वाले राज्य के पहले व्यक्ति हैं।

आदित्यनाथ ने कहा कि यह छात्रवृत्ति अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश के छात्रों को सहायता प्रदान करेगी। यह घोषणा शुक्ला के सम्मान समारोह के दौरान की गई, जो ऐतिहासिक ‘एक्सिओम-4’ मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में रहने के बाद हाल ही में लौटे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, ‘ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ऐसे अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा बनने वाले उत्तर प्रदेश के पहले नागरिक हैं, इसलिए हम अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाने के इच्छुक छात्रों के लिए उनके नाम पर एक छात्रवृत्ति शुरू करेंगे।’’



आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हाल के वर्षों में अंतरिक्ष शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। उन्होंने कहा, ‘‘चार साल पहले, उत्तर प्रदेश में कोई भी विश्वविद्यालय या संस्थान अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में कोई पाठ्यक्रम, डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाणपत्र प्रदान नहीं करता था।

आज गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय तकनीकी विश्वविद्यालय और एकेटीयू जैसे संस्थानों के साथ-साथ एक दर्जन से अधिक तकनीकी संस्थानों ने इस क्षेत्र में डिग्री पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। यह हमारे संस्थानों की भारत की विकास गाथा में सक्रिय योगदान देने की इच्छा को दर्शाता है।’’

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्धारित 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए उभरते वैज्ञानिक क्षेत्रों में प्रतिभाओं को पोषित करने के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने कहा, ‘‘यह सफलता केवल आज या कल के लिए नहीं है, यह भारत की गहन वैज्ञानिक विरासत का विस्तार है। अपने युवाओं के लिए नए रास्ते खोलकर, हम अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के नेतृत्व को मजबूत करेंगे।’’

आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिवसीय मिशन के दौरान शुक्ला के योगदान की सराहना की, जहां इस अंतरिक्ष यात्री ने 60 से अधिक प्रयोगों में भाग लिया, जिनमें से कई भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए थे।

उन्होंने कहा, ‘‘शुभांशु का अनुभव भारतीय शोधकर्ताओं की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के साथ उनका मार्गदर्शन करेगा। मैं उनका, उनकी पत्नी कामना, उनके माता-पिता और उनके परिवार का हार्दिक स्वागत करता हूं। उनकी यात्रा न केवल लखनऊ के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है।’’

मुख्यमंत्री ने अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण में राज्य के युवाओं के लिए और अधिक अवसर सृजित करने के लिए इसरो के साथ सहयोग करने में उत्तर प्रदेश की रुचि को व्यक्त किया।

## पूरे देश में किसानों को सभी उपज के लिए एमएसपी की कानूनी गांरटी मिले :डल्लेवाल

नयी दिल्ली, (भाषा)संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने सोमवार को कहा कि सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग केवल हरियाणा और पंजाब के किसानों की नहीं बल्कि पूरे देश के किसानों की है।


उन्होंने यह टिप्पणी यहां जंतर-मंतर पर आयोजित ‘किसान महापंचायत’ में की। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से किसान शामिल हुए।

महापंचायत में मुख्य रूप से तीन मुद्दों पर विचार किया जा रहा है जिनमें सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, कृषि, डेरी, कुक्कुट पालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों को अमेरिका के साथ किसी भी प्रस्तावित समझौते से बाहर रखने और कृषि कानूनों (अब निरस्त) के खिलाफ 2020-21 में किये गए आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज पुलिस मामलों को वापस लेने की लंबे समय से जारी मांग है।

## भारत रत्न चौ. चरण सिंह अवाड्र्स के दूसरे संस्करण का आयोजन 20 दिसंबर को

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली,** भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह जी के सम्मान में किसान ट्रस्ट 20 दिसम्बर 2025 को चौधरी चरण सिंह अवाड्र्स के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। यह अवार्ड समारोह किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की स्मृति में उनके आदर्शों से प्रभावित शख्सियतों को सम्मानित करने के उद्देश्य से नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। किसान ट्रस्ट यह सम्मान समारोह चौधरी चरण सिंह जी की जयन्ती (23 दिसम्बर) के उपलक्ष में हर साल दिसम्बर माह में आयोजित करता है।इसमें विगत संस्करण की भांति ही तीन श्रेणियों कृषि रत्न, सेवा रत्न और कलम रत्न में चार अवार्ड दिये जायेंगे। कृषि रत्न पुरस्कार के तहत दो अवार्ड दिये जायेंगे, जिसमें किसान पुरस्कार खेती किसानी में विशिष्ट कार्य करने वाले किसी किसान तथा कृषक उत्थान पुरस्कार किसी कृषि वैज्ञानिक अथवा संस्था को दिया जायेगा।



सेवा रत्न पुरस्कार सामाजिक न्याय एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को दिया जायेगा।कलम रत्न पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र में सत्य और न्याय के लिए कार्य करने वाले अथवा ग्रामीण विकास एवं कृषि के क्षेत्र में कार्य करने वाले पत्रकार को दिया जायेगा।इन अवाड्र्स के लिए किसान ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष नॉमिनेशन की प्रक्रिया के माध्यम से जनता से मिले सुझावों के आधार पर चयनित व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष किसान ट्रस्ट द्वारा 25 अगस्त 2025 से नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। नामांकन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 होगी।

इस प्रक्रिया में तीनों श्रेणियों के लिए कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए नामांकित कर सकता है।इस सम्मान के लिए ज्यूरी सदस्य के तौर पर डॉ० यशवीर सिंह, चेयरमैन, किसान ट्रस्ट, डा० ए० के० सिंह, पूर्व निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसाः श्री तारिक मंसूर, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर, श्रीमती सोनिया सिंह, ऑथर एवं पूर्वएडिटर एन०डी० टीवी और श्री प्रवीण जैन, सीनियर फोटो जर्नलिस्ट शामिल हैं, जो जनता के भेजे गये सुझावों पर विचार कर सम्मानित किये जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं का चयन करेंगे। नॉमिनेशन के लिए आप ई-मेल आई०डी० kisantrust79@gmail.com पर मेल कर सकते हैं अथवा नीचे दिये पते पर व्यक्ति अथवा संस्था का नाम, फोटो एवं उनके कार्यों का ब्यौरा भेज सकते हैं।

## दान और संतोष के प्रतीक व्यक्तित्व की मिसाल थे : पदमश्री डॉ नागेंद्र जी

### कालिया जी के मूल्य उनकी अमिट पहचान है - राजकुमार शर्मा

### व्यक्ति के जीवन में ‘कर्म कर्तव्य व क्षमा ‘का समन्वय ही महान बनाता है : स्वामी सुमेधानंद पूर्व सांसद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली** स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक समारोह में भारत सरकार के श्रम एवं कौशल मंत्रालय में उप निदेशक रहे श्री पंकज कालिया की याद में एस.पी.के. फाउंडेशन का एक भव्य स्थापना (लांचिंग) समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री मोदी जी के योग सलाहकार एवं संस्थापक कुलपति एस व्यास डीम्ड यूनिवर्सिटी बेंगलुरु के पद्मश्री डॉक्टर हर नागेंद्र मैं अपने आध्यात्मिक और भावपूर्ण उद्बोधन में कहा कि ‘’दान से बड़ा सुख’’ कोई दूसरा नहीं है, देने वाले को जो आत्म सुख की अनुभूति होती है, उसे हर कोई महसूस नहीं कर सकता और उसके साथ ही संतोष से बड़ा कोई दूसरा गुण व्यक्ति के जीवन में नहीं है जिसकी भी जीवन में संतोष हो गया वह जीवन में सफलताओं और आत्म सुख का स्वयं निर्माता बन जाता है।

इस अवसर पर स्वामी सुमेधानंद जी पूर्व सांसद में भी अपने विचार व्यक्त करते हुए गोलोकवासी पंकज कालिया की स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि वह अद्भुत व्यक्तित्व के धनी थे और समाज सेवा तथा लोगों की मदद करना उनका स्वभाव था, उनकी स्मृति में यह पहला कार्यक्रम सभी को प्रेरणा देगा और आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम को और अधिक विस्तृत रूप से करना चाहिए। फाउंडेशन के सलाहकार, समाजसेवी व सीनियर एडवोकेट राजकुमार शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय श्री पंकज कालिया जी केवल एक सरकारी अधिकारी नहीं थे, बल्कि *एक संवेदनशील मनुष्य, स्नेही परिवारजन और समाज-सेवक भी थे। वे केवल दफ्तर की कुर्सी तक सीमित नहीं रहे, बल्कि हर पल मानवता की सेवा में जीते रहे और ईमानदारी, निष्ठा व समर्पण का बेमिसाल उदाहरण पेश किया, क्योंकि किसी का पद उसकी पहचान नहीं होता, बल्कि उसके मूल्य उसकी पहचान होते हैं।







अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने आध्यात्मिक चेतना का जागरण करते हुए सुरगी पंकज कालिया की स्मृतियों को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को उजागर करते हुए सबकी मस्तिष्क पर पुनर्स्थापित किया।

श्री पंकज कालिया के करीब सात वर्षीय दौहित्र अरमान बंसल ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और रिबन काटकर फाउंडेशन की विधिवत स्थापना की। इस अवसर पर उनकी पुत्री दिव्या बंसल दामाद साहिल बंसल और पुत्र पार्थ कालिया उपस्थित थे।श्री पंकज कालिया की धर्मपत्नी एवं फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती सरिता कालिया ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस फाउंडेशन के मिशन और उद्देश्य है, हर नागरिक को निशुल्क व सुलभ कानूनी सहायता उपलब्ध कराना। बुजुर्गों और बच्चों के कानूनी अधिकारों की रक्षा करना। वंचित बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और साथ ही अंगदान जागरूकता बढ़ाने के लिए चिकित्सीय शिविरों का आयोजन करना आदि।

समारोह में पूर्व सांसद एवं समाज सुधारक स्वामी सुमेधानंद सरस्वती जी, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ़ इंडिया श्री चेतन शर्मा, दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरिहरन, सचिव विक्रम सिंह पवार, कानून मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. मनोज कुमार, पूर्व प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर जी व श्री देवगोंडा जी के राजनीतिक सलाहकार रहे प्रोफेसर डॉ एच.एन. शर्मा, नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह के संस्थापक व भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गुप्ता ‘’राष्ट्रभक्त’’ समाज सेविका श्रीमती सोनिया रावत जी (धर्मपत्नी वरिष्ठ गैस्ट्रोलॉजी सर्जन पदमश्री डॉ. सौमित्र रावत) व डॉ. आभा चौधरी समाज सेविका मनोज शर्मा, एडवोकेट शशांक बाजपेई व नकुल मोहता, अर्नव सिंह आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## ग्रेटर नोएडा दहेज हत्याकांड गंभीर चिंता का विषय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें : एनसीडब्ल्यू

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने ग्रेटर नोएडा में 26 वर्षीय निक्की भाटी की कथित तौर पर दहेज के लिए हत्या किए जाने की खबरों पर संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस से आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने घोषणा की कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी)से संपर्क किया है और मामले में शामिल सभी व्यक्तियों की तत्काल गिरफ्तारी, साथ ही संबंधित कानूनों के तहत सख्त कार्रवाई और निष्पक्ष, समयबद्ध जांच का अनुरोध किया है। उन्होंने पीड़िता के परिजनों और गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग की है। आयोग ने डीजीपी से तीन दिनों के भीतर कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट देने को भी कहा। राहटकर ने कहा कि पीड़ित परिवार सदमे में है और वह जल्द ही उनसे मिलने की कोशिश करेंगी। उन्होंने कहा कि वह जांच की प्रगति के बारे में पुलिस के साथ लगातार संपर्क में हैं। पुलिस के अनुसार, अब तक निक्की के पति विपिन भाटी, उसके पिता सतवीर, मां दया और भाई रोहित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विपिन को शनिवार को हिरासत में लिया गया था, लेकिन जब उसे सबूत जुटाने के लिए ले जाया जा रहा था, तब उसने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की और जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी।

### गुमशुदा की तलाश



नाम राखी सिंह उम्र 34 वर्ष पत्नी सुनील कुमार निवासी डोमनपूर थाना महाराजपुर जनपद कानपुर नगर जो कि 10/08/25 से अपनी पुत्री गौरी 3 वर्ष के साथ अपने मायके लकड़ीम थाईयापुर हुसैनगंज जनपद फतेहपुर को गई थी वहीं रास्ते से लापता हो गई है पहनावा_ कलर साड़ी संतरा रंग कद_ 5 फिट चार इंच रंग संवला जिसको भी इसके बारे में कुछ पता चले तो इस नंबर में फोन करे. 8052986389 , 8303196504




## संविधान संशोधन विधेयक पर अखिलेश यादव बोले दूसरों के लिये गड्ढा खोदने वाले खुद उसमें गिरते हैं

**लखनऊ,** (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल ही संसद में लाये गये 130वें संविधान संशोधन विधेयक की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इतिहास में ऐसी अनेक 'तानाशाह' सरकार रही हैं जो खुद को सत्ता से बाहर नहीं होने देने के लिये समय-समय पर कानून लाती रही हैं, लेकिन इतिहास गवाह है कि वे सरकारें नहीं बच सकीं। उन्होंने कहा कि दूसरों के लिये गड्ढा खोदने वाले एक दिन खुद उसी में गिरते हैं।

यादव ने यहां पार्टी राज्य मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर पूछे गये एक सवाल पर कहा, "दुनिया के इतिहास में तमाम ऐसी तानाशाह सरकार रही हैं जो समय-समय पर कानून लेकर आती थीं.... और वे कानून इसीलिए लेकर आते थे ताकि सत्ता से बाहर ना हो सकें।" उन्होंने कहा, "इटली में भी इसका उदाहरण है, जर्मनी और रूस में भी उदाहरण हैं लेकिन वे सरकारें बची नहीं। याद रखना जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदते हैं एक दिन वह खुद उस गड्ढे में गिरते हैं। याद कीजिए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) किसने बनाया था? ईडी बनाने वाले भी जेल गए।"



यादव ने किसी का नाम लिये बगैर कहा, "और सदस्यता छीनने वाला एक कानून बना था, उससे भी कोई बच गया था बस।"

उन्होंने 130वें संविधान संशोधन विधेयक को जायज ठहराने की भाजपा नेताओं की दलीलों की तरफ इशारा करते हुए कहा, "उनकी ईमानदारी तो तब पता लगी, जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) अपना केस वापस ले रहे थे। तब वह ईमानदारी कहां थी? आप जानते हो वह धाराएं क्या थीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने अपने केस वापस लिये। अपने तो लिए ही, उपमुख्यमंत्री (केशव प्रसाद मौर्य) के भी वापस ले लिये। तब ईमानदारी कहां थी?’’

यादव ने आरोप लगाया कि इस वक्त हर तरह का माफिया भाजपा में शामिल है। उन्होंने कहा, ‘‘अगर पिछले नौ साल के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में पनपे माफिया को गिनेंगे तो वे सब भाजपा के हैं। प्रश्नपत्र लीक वाले माफिया, वह सब भाजपा के हैं। शराब वाले माफिया, सब भाजपा के हैं। नौकरी माफिया, सब भाजपा के हैं, विनिर्माण क्षेत्र के माफिया, वे भी भाजपा के हैं। हर क्षेत्र में माफिया अगर कहीं है, तो वे सब भाजपा के हैं। और हो भी क्यों नहीं, क्योंकि मुख्यमंत्री जी ने खुद ही अपने केस वापस ले लिये।’’

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।